जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, मंगलवार 19 सितम्बर, 2023

# रह गए हैं कम
# MISS किया तो होगा गम

3 BHK BIG कोठी (EAST FACING) SOLD OUT

4 BHK BIGGER कोठी (EAST FACING) SOLD OUT

FIXED PRICE

NO MIDDLE-MEN
DIRECT TO CUSTOMER

KEDIA सेजस्थान

KOTHI & WALK-UP APARTMENT

अजमेर रोड़, जयपुर

2 साइड ओपन कोठी और फ्लैट्स | 60 एमेनिटीज



## PROPOSED FIXED RATE & RENTAL 1.5 गुना

| बड़ी-बड़ी कोठी बड़े-बड़े फ्लैट | | अगस्त की रेट | सितम्बर की रेट | अक्टूबर की रेट | नवम्बर की रेट | दिसम्बर की रेट | जनवरी की रेट | पजेशन की रेट | POSSESSION DEC. 2025 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| युनिट टाइप | साइज | NPO New Product Offer | +5% | +10% | +15% | +20% | +25% | +50% | पजेशन के बाद रेंटल |
| 2 BHK (GF) अपार्टमेंट | 1350 Sq Ft | 45 L | 47.25 L | 49.50 L | 51.75 L | 54 L | 56.25 L | 67.50 L | 22,000 |
| 3 BHK (SF) अपार्टमेंट | 1900 Sq Ft | 50 L | 52.50 L | 55 L | 57.5 L | 60 L | 62.50 L | 75 L | 25,000 |
| 3 BHK (FF) अपार्टमेंट | 1900 Sq Ft | 55 L | 57.75 L | 60.5 L | 63.25 L | 66 L | 68.75 L | 82.50 L | 28,000 |
| 3 BHK BIG कोठी | 2000 Sq Ft | 60 L | 63.00 L | 66 L | 69 L | 72 L | 75 L | 90 L | 30,000 |
| 4 BHK BIGGER कोठी | 2325 Sq Ft | 70 L | 73.50 L | 77 L | 80.50 L | 84 L | 87.50 L | 105 L | 40,000 |
| 4 BHK BIGGEST कोठी | 3200 Sq Ft | 100 L | 105 L | 110 L | 115 L | 120 L | 125 L | 150 L | 50,000 |

KEDIA®

1800-120-2323

info@kedia.com www.kedia.com

www.rera.rajasthan.gov.in | RERA No. RAJ/P/2023/2387

WALKTHROUGH QR CODE | DOWNLOAD BROCHURE | LOCATION QR CODE | ROUTE MAP | SITE TOUR 360 DEGREE

*T&C Apply

## विचार बिन्दु

**जो वस्तु आनंद प्रदान नहीं कर सकती, वह सुन्दर हो ही नहीं सकती। –प्रेमचंद**

# समाज से समाप्त होता सार्वजनिक संवाद

हाल ही में आयोजित 20 सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बहुत ही अच्छी बात कही कि भारत में लोकतंत्र की स्थापना 1947 में इसकी स्वतंत्रता के बाद ही नहीं हुई अपितु यहाँ तो हजारों वर्षों से लोकतन्त्र रहा है। स्वस्थ विचारों की तर्कपूर्ण अभिव्यक्ति और परस्पर संवाद, जिसे पहले शास्त्रार्थ कहा जाता था, उसकी हमारे यहां पर समृद्ध परंपरा रही है। याज्ञवल्क्य- मैत्रेयी और शंकराचार्य- मंडन मिश्र के शास्त्रार्थ तो अविस्मरणीय थे।

आधुनिक लोकतंत्र में भी संवाद के सिद्धांतों को अंगीकार किया गया है। मनुष्य के सोचने की शक्ति सभी प्राणियों में श्रेष्ठ है और इसीलिए वह प्रत्येक विषय पर कई प्रकार के विचार रख सकता है। इनमें से कई विचार विरोधाभासी भी हो सकते हैं। अपने-अपने विचारों को अभिव्यक्त करने की स्वतंत्रता ही स्वस्थ लोकतंत्र की पहचान है।

स्वतंत्रता संग्राम के विभिन्न महापुरुषों में भी, कई विषयों पर विचार वैभिन्य रहा है, किंतु सभी ने एक-दूसरे के विचारों का सम्मान किया है। उदाहरण के लिए रविंद्र नाथ टैगोर और महात्मा गांधी को ही लें। दोनों में अनेक विषयों पर नितांत असहमति थी पर इससे उनके वैयक्तिक सबंधों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। टैगोर जहां एक अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि थे और पूरी मानवता को एक दृष्टि से देखते थे वहीं गांधी, स्वतंत्रता आंदोलन के नायक थे। वे राष्ट्रवादी थे और उनका उद्देश्य जनता को संगठित कर देश को अंग्रेज़ों की गुलामी से मुक्त कराना था। गांधी और टैगोर के विचारों में किसी भी विषय पर दृष्टिकोण में कई घोर असमानता होती थी जिसे वह समय-समय पर व्यक्त भी करते रहते थे। इसके लिए टैगोर नियमित रूप से लेख लिखते थे जिन पर गाँधी जी अपनी आलोचनात्मक टिप्पणी से उन्हें अवगत कराते थे।

हाल ही में राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित एक व्याख्यान में अशोका विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर रुद्राक्ष मुखर्जी ने बहुत सुंदर तरीके से गांधी और टैगोर के सार्वजनिक संवाद के बारे में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने यह बताया कि किस प्रकार दोनों, अनुशासन को आवश्यक मानते हुए भी, अनुशासन को लाने का तरीका अलग-अलग मानते थे। गांधी जहां इसके लिए नियम और निर्देश की बात करते थे ,वहीं टैगोर का मानना था कि किसी भी व्यक्ति को अपने अंदर से अनुशासन उत्पन्न करने की आवश्यकता है और बाहर से थोपा गया अनुशासन उनके अनुसार सही नहीं था। इसका अनुभव उन्हें तब हुआ जब महात्मा गांधी 1915 में दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटे तो वहाँ की फिनिक्स समिति के विद्यार्थियों को उन्होंने टैगोर द्वारा संचालित शांति निकेतन में पढ़ने हेतु भेज दिया। गांधी जब यहां आए और उन्होंने यह देखा कि अलग-अलग जाति के बच्चे, अलग-अलग पंक्ति में बैठकर भोजन करते हैं तथा बर्तन साफ करने और शौचालय की सफाई के लिए अलग कर्मचारी रखे हुए हैं, तो उन्हें यह बात पसंद नहीं आई। उन्होंने इसके लिए टैगोर को कहा कि आप क्यों नहीं इसके लिए नियम बनाते हैं कि विद्यार्थी अपना सारा काम स्वयं करें। टैगोर ने उन्हें उत्तर दिया कि वे विद्यार्थियों से बात करें और उन्हें इसके लिए प्रेरित करें, यदि वह ऐसा करने के लिए राजी हो जाते हैं तो उन्हें इस पर कोई आपत्ति नहीं होगी किंतु इसके लिए वह कोई निर्देश जारी करता उचित नहीं समझते। गांधी और टैगोर के अहिंसा के बारे में भी काफी अलग-अलग विचार थे। टैगोर और गांधी दोनों एक-दूसरे को पत्र लिखा करते थे और उस पत्र में यह भी लिख देते थे कि वह इस पत्र को सार्वजनिक रूप से प्रकाशित कर रहे हैं।

वर्तमान में क्या यह संभव है कि किसी एक विचारधारा का जनप्रतिनिधि दूसरे विचारधारा के प्रतिनिधि को कोई विरोधी बात लिखे और फिर भी दोनों के बीच में किसी प्रकार की कटुता न हो? सोचिए, क्या प्रधानमंत्री मोदी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी में कुछ इस प्रकार का संवाद सम्भव है?आज प्रतिक्रिया, किसी भी व्यक्ति द्वारा व्यक्त किए गए विचार के बारे में न होकर, जिस व्यक्ति ने यह बात कही है, उस पर आक्रमण के रूप में अधिक होती है। यही प्रवृत्ति समाज में स्वस्थ संवाद को बहुत हानि पहुंचाती है। भारत जैसे विविधता पूर्ण देश में, स्वाभाविक है रहन-सहन, खान-पान, बोली-चाली, रीति-रिवाज आदि कई प्रकार के हैं। विभिन्न धार्मिक और सामाजिक उत्सव मनाने के तरीके भी अलग-अलग हैं, जो एक-दूसरे में विवाद तक उत्पन्न करने की संभावना रखते हैं। आज कोई व्यक्ति लेख, साक्षात्कार, व्याख्यान, कार्टून आदि के माध्यम से अपने विचार अभिव्यक्त करता है तो तत्काल ही विपक्षी विचारधारा के व्यक्ति, संबंधित विषय पर अपनी बात कहने के स्थान पर, जिस व्यक्ति ने बात कही है, उसी को ट्रोल करना प्रारंभ कर देते हैं। इसका परिणाम यह होता है कि कई व्यक्ति चाहते हुए भी अपनी बात को अपने तक ही सीमित रखते हैं और उसे सार्वजनिक रूप से अभिव्यक्त करने का साहस नहीं जुटा पाते हैं। सरकार का अधिक दायित्व होता है कि वह विचारों की अभिव्यक्ति के अधिकार की सुरक्षा करे।

> **स्वतंत्रता संग्राम के विभिन्न महापुरुषों में भी, कई विषयों पर विचार वैभिन्य रहा है, किंतु सभी ने एक-दूसरे के विचारों का सम्मान किया है। उदाहरण के लिए रविंद्र नाथ टैगोर और महात्मा गांधी को ही लें। दोनों में अनेक विषयों पर नितांत असहमति थी पर इससे उनके वैयक्तिक सबंधों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा।**

दुर्भाग्य से संवाद के लिए सार्वजनिक स्थान, धीरे-धीरे सिकुड़ता जा रहा है और मानव की प्रवृत्ति भी उदारवादी होने के स्थान पर संकुचित होती जा रही है। अपने विश्वास और अपने विचार के प्रति आस्था रखना अलग बात है, किंतु दूसरे व्यक्ति के विचार और उसकी आस्था को कमतर करके आंकना अलग बात है।

टैगोर और गांधी लगभग एक ही काल खंड में हुए थे। उन्होंने संवाद में जहां एक-दूसरे के ठीक विपरीत अपने विचार रखे थे किंतु इसके बावजूद, दोनों में एक-दूसरे के प्रति सम्मान में किसी प्रकार की कमी नहीं आई।

यहां एक और घटना का उल्लेख करना उचित होगा, जब पुणे में महात्मा गांधी अनिश्चितकालीन उपवास पर बैठे थे और उनका स्वास्थ्य लगातार गिरता जा रहा था। रविंद्र नाथ टैगोर ने अपने सचिव को उनके पास उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेने हेतु भेजा और जब लगा कि गांधी का स्वास्थ्य अत्यधिक खराब है तो वह स्वयं शांति निकेतन से चलकर पुणे आए और गांधी जी को अनशन तोड़ने हेतु कहा। गांधी जी ने उनसे कहा कि वह पहले एक कविता उनको सुनाएं, उसके बाद ही वह अपना अनशन तोड़ेंगे। टैगोर ने उसी समय एक कविता 'एकला चालो रे....' बनाई और सुनाई। उसको सुनने के बाद गांधी जी ने टैगोर के हाथों से संतरे का रस पीकर अपना अनशन समाप्त किया। एक दूसरे के प्रति सम्मान की भावना इन दो महापुरुषों कितनी रही थी, इसका अनुमान इस घटना से लगाया जा सकता है।

टैगोर आयु में गांधी से 8 वर्ष बड़े थे और गांधी से सात वर्ष पहले 1941 में दुनिया से विदा भी हो गए। गांधी को जहां विभाजन की विभीषिका और उसके कारण उत्पन्न हिंसा को देखने का कष्ट झेलना पड़ा था वहीं टैगोर यह देखने से पहले ही दुनिया से चले गए। हां, उन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध के विनाश को अवश्य देखा था। 1915 से 1940 के मध्य गांधी और टैगोर के मध्य हुए पत्राचार को पढ़ना आज की पीढ़ी के लिए उपयुक्त होगा। टैगोर को अपने लेख पर गांधी की प्रतिक्रिया की प्रतीक्षा रहती थी। दोनों निर्भीकता से एक-दूसरे के विचारो से असहमति ही प्रकट नहीं करते थे बल्कि इस बात का साहस भी रखते थे कि वह उसे सार्वजनिक करें। किसी भी लेख में एक-दूसरे के प्रति किसी प्रकार की व्यक्तिगत कटुता का कोई भाव कभी नहीं देखा गया चाहे विचारों में भिन्नता कितनी ही क्यों न हो?

आज, संवाद के लिए पुन: ऐसा वातावरण बनाने की आवश्यकता है। इस हेतु पहल, जहां समाज के सभी वर्गों को करनी होगी, वहीं शासन की इसमें प्रमुख भूमिका बनती है। किसी दूसरे के विचारों के प्रति सम्मान रखना अपने विचारों को छोड़ना नहीं होता है। सभी पक्षों के विचार सुनने के बाद यह नागरिकों पर छोड़ देना चाहिए कि वह किस विचार को अधिक उपयुक्त मानते हैं? किसी भी विचार को थोपा जाना लोकतंत्र के लिए बड़ा घातक सिद्ध हो सकता है। जिस देश में इस प्रकार की स्वस्थ एवं समृद्ध परंपरा रही हो, वहां पर संकीर्णता का व्यवहार चिंता का विषय है, जिस पर सभी राजनीतिक दलों के नेताओं, समाज के प्रबुद्ध व्यक्तियों को विचार करने की आवश्यकता है। ऐसा कोई विषय नहीं है, जिसका संवाद के माध्यम से हल नहीं निकल सकता। केवल करना इतना है, कि हमें परस्पर सम्मान की भावना को नहीं छोड़ना है।

यदि हम आगामी चुनावों के समय इस मूल सिद्धांत की पालना कर सकें कि लोकतंत्र में संवाद का स्थान सर्वोपरि है, तो निश्चित रूप से सार्वजनिक बहस का स्वस्थ रूप देश के सामने आएगा और देश के नागरिकों को अपना निर्णय लेने में अधिक सुविधा होगी।

वर्तमान समय में कई विषय हैं जिन पर सार्वजनिक संवाद की अत्यधिक आवश्यकता है- जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था आदि।

क्या शिक्षा ऐसी हो जो केवल कुछ अभिजात्य वर्ग के लोगों को ही अच्छी शिक्षा के अवसर दे या फिर सभी देशवासियों को अपनी पूर्ण क्षमता विकसित करने का अवसर प्रदान करे ताकि वे न केवल राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकें अपितु प्रगति का लाभ उठाकर अपना जीवन स्तर बेहतर करने में भी सक्षम हो सकें ?

आर्थिक प्रगति क्या पूर्णतया बाजार आधारित हो जिससे जी डी पी तो तेज गति से बढ़े किन्तु पूँजी का केंद्रीकरण कुछ हाथों में हो या फिर इसकी दिशा समता मूलक समाज का निर्माण करने की हो जिससे सभी नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हो सके और वे गरिमापूर्ण जीवन जी सकें? इसी प्रकार, क्या स्वास्थ्य व्यवस्था को निजी क्षेत्र के भरोसे छोड़ देना चाहिए जिसमें प्रमुख भूमिका बीमा कंपनियों और कोर्पोरेट अस्पतालों की हो या सबको गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ सुलभ करने की जिम्मेदारी सरकार स्वयं निभाए? क्या हम ऐसा समाज चाहते हैं जो बहुमत वाद पर आधारित हो या फिर ऐसा जिसमें विविधताओं को स्वीकार करते हुए सबको फलने-फूलने का अवसर मिले ?

ये सब ऐसे विषय हैं, जिन पर कई मत हो सकते हैं। किसी प्रकार का मत रखने वाले को यह भय नहीं होना चाहिए कि उसके मत के कारण उसे सरकार या अन्य किसी समुदाय के कोप का भाजन बनना पड़ेगा। ऐसा वातावरण होगा, तब ही लोग उन्मुक्त हो कर अपनी राय व्यक्त करने के लिए प्रेरित होंगे। संवाद, विषय एवं विचारधारा पर केंद्रित होना चाहिए न कि संबंधित व्यक्ति विशेष पर।

देश, वर्तमान में ऐसे मोड़ पर खड़ा है, जहां भयमुक्त वातावरण में संवाद को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है ताकि सर्वाधिक उपयुक्त निर्णय लिए जा सकें। यदि आज के नेता, टैगोर और गांधी न भी बन पायें तो उनके उदारवादी परस्पर सम्मान की भावना का अनुसरण तो कर ही सकते हैं।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# नज़र आने लगा है जलवायु परिवर्तन का असर



**अविनाश जोशी**

जलवायु पारवतन का असर अब धरती से लेकर समुद्र तक स्पष्ट दिखाई देने लगा है। जहां धरती गर्म हो रही है, वहीं समुद्र ठंडा नहीं हो पा रहा है। लिहाजा, मनुष्य समेत अन्य प्राणियों पे इस तापमान वृद्धि का प्रभाव अत्याधिक महसूस हो रहा है। इस गर्मी का सबसे ज्यादा असर अमेरिका और यूरोप में अनुभव किया गया। इसकी वजह मौसम तंत्र का कमजोर होना है, जो ताप को पूरी धरती में बांटता है। एक अन्य अध्ययन से पता चलता है कि दक्षिण एशिया में ठाामीण एवं शहरी निम्न आय परिवारों में समुचित आवासीय व्यवस्था की गुणवत्ता में कमी होने तथा हवा के आवागमन के अभाव के कारण बाहरी तापमान के मुकाबले घरों के भीतर का तापमान ज्यादा हो गया है। असहनीय बढ़ती गर्मी गरीबी और असमानता को और अधिक बढ़ा कर विकास के प्रयासों को कमजोर कर सकती है।

वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक मुद्दे के रूप में उभर कर आया है। जलवायु परिवर्तन कोई एक देश या राष्ट्र से संबंधित अवधारणा नहीं है अपितु यह एक वैश्विक अवधारणा है जो समस्त पृथ्वी के लिए चिंता का कारण बनती जा रही है। देखा जाए तो जलवायु परिवर्तन से भारत सहित पूरी दुनिया में बाढ़, सूखा, कृषि संकट एवं खाद्य सुरक्षा, बीमारियां, आदि का खतरा बढ़ा है। लेकिन चूंकि भारत का एक बड़ा तबका आज भी कृषि पर निर्भर है, इसलिए जलवायु परिवर्तन हमारी कृषि अर्थव्यवस्था पे गहरा प्रभाव डाल सकती है इसलिए हमे कृषि पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को देखना बहुत जरूरी हो जाता है। जलवायु परिवर्तन के कारण विश्व की कृषि अर्थव्यवस्था भी गंभीर मंदी का सामना कर रही है। हालांकि कुछ फसल इससे लाभान्वित भी होंगी किन्तु फसल उत्पादकता पर जलवायु परिवर्तन का कुल प्रभाव सकारात्मक से ज्यादा नकारात्मक होगा। भारत में अगले 25 सालो में जलवायु परिवर्तन के कारण लगभग 6 प्रतिशत से 8 प्रतिशत के बीच उत्पादन के गिरने की संभावना है। एक शोध के अनुसार, यदि वातावरण का औसत तापमान 1 डिग्री सेल्सियस बढ़ता है तो इससे गेहूं का उत्पादन 16 प्रतिशत तक कम हो सकता है। इसी प्रकार 2 डिग्री सेल्सियस तापमान बढ़ने से धान के उत्पादन में भी कमी होने के संकेत है।

शहरी इलाकों में गर्मी की समस्या विशेष रूप से चरम पर है, जहां शहरी ऊष्मा का प्रभाव शहरों को उसके आसपास के इलाकों से ज्यादा गर्म बना देता है वही शहरी गर्मी का प्रभाव प्राकृतिक वनस्पतियों के कंक्रीट एवं डामर से प्रभावित होने और वाहनों, उद्योगों एवं एयर कंडीशनरों से अपशिष्ट ऊष्मा के उत्सर्जन के कारण भी हो सकता है। शहरी गर्मी प्रभावित शहर के भीतर थर्मल असमानताएं भी उत्पन्न करती है इससे गरीब एवं वंचित तबका ज्यादा पीड़ित होता है।

जलवायु परिवर्तन से पूर्व यह समझ लेना आवश्यक है कि जलवायु क्या होती है? सामान्यत: जलवायु का आशय किसी दिये गए क्षेत्र में लंबे समय तक औसत मौसम से होता है। जब किसी क्षेत्र विशेष के औसत मौसम में परिवर्तन आता है तो उसे जलवायु परिवर्तन कहते हैं। जलवायु परिवर्तन को किसी एक स्थान विशेष में भी महसूस किया जा सकता है एवं संपूर्ण विश्व में भी। यदि वर्तमान संदर्भ में बात करें तो यह इसका प्रभाव लगभग संपूर्ण विश्व में देखने को मिल रहा है।

पृथ्वी का अध्ययन करने वाले वैज्ञानिक बताते हैं कि पृथ्वी का तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। पृथ्वी का तापमान बीते 100 वर्षों में 1 डिग्री फारेनहाइट तक बढ़ गया है। पृथ्वी के तापमान में यह परिवर्तन संख्या की दृष्टि से काफी कम हो सकता है, परंतु इस प्रकार के किसी भी परिवर्तन का मानव जाति पर बड़ा असर हो सकता है। जलवायु परिवर्तन के कुछ प्रभावों को वर्तमान में भी महसूस किया जा सकता है।

जलवायु को संतुलित रखने में समुंद्र का बड़ा योगदान रहता है। पृथ्वी के 71 प्रतिशत भाग में समुद्र व्याप्त है, जो कि वातावरण तथा ज़मीन की तुलना में दोगुना सूर्य का प्रकाश का अवशोषण करते हैं। वायुमंडल की अपेक्षा 50 गुना अधिक कार्बन डाइऑक्साइड गैस समुद्र में होती है। समुद्री कि लहरों में बदलाव आने से जलवायु प्रभावित होती है।

नए अनुसंधानों से पता चला है कि पिछले पचास वर्षों में समुद्रों में ऐसे क्षेत्रों का विस्तार हुआ है, जहां आक्सीजन की मात्रा में आशातीत कमी दर्ज की गई है। ऐसी आशंका जताई गई है कि इसका सीधा संबंध वैश्विक जलवायु परिवर्तन से है। दरअसल, समुद्र की एक निश्चित गहराई पर आक्सीजन की मात्रा की न्यूनतम परत होती है। यह परत ऊपर-नीचे दोनों तरफ फैल रही है। आमतौर पर जलवायु परिवर्तन के नमूनों से पता चलता है कि मानवीय क्रियाकलापों के कारण समुद्री सतह गर्म होगी, तो समुद्री पानी के मंथन की स्वाभाविक दिनचर्या प्रभावित होगी। ऐसा होने पर भीतर के पानी में आक्सीजन नहीं पहुंचेगी।

जलवायु परिवर्तन में औद्योगिकीकरण की बड़ी भूमिका है। विभिन्न प्रकार की मिलें वातावरण में सल्फर डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन डाइऑक्साइड, कार्बन डाइऑक्साइड तथा अनेक प्रकार की अन्य ज़हरीली गैसें और धूलकण हवा में छोड़ती हैं, जो वायुमंडल में काफी वर्षों तक विद्यमान रहती है। यह ग्रीन हाउस प्रभाव, ओज़ोन परत का क्षरण तथा भूमंडलीय तापमान में वृद्धि जैसी समस्याओं का कारण बनते हैं। वायु, जल एवं भूमि प्रदूषण भी औद्योगिकीकरण की ही देन हैं।

निरंतर बढ़ती हुई आबादी की ज़रूरतों को पूरा करने के लिये वृक्ष काटे जा रहे हैं। आवास, खेती, लकड़ी और अन्य वन संसाधनों की चाह में वनों की अंधाधुंध कटाई हो रही है, जिससे पृथ्वी का हरित क्षेत्र तेजी से घट रहा है और साथ ही जलवायु के परिवर्तन में तेजी आ रही है।

पिछले कुछ दशकों में रासायनिक उर्वरकों की माँग इतनी तेजी से बढ़ी है कि आज विश्व भर में 1000 से भी अधिक प्रकार की कीटनाशी उपलब्ध हैं। जैसे-जैसे इनका उपयोग बढ़ता जा रहा है वैसे-वैसे वायु, जल तथा भूमि में इनकी मात्रा भी बढ़ती जा रही है, जो कि पर्यावरण को निरंतर प्रदूषित कर घातक स्थिति में पहुँचा रहे हैं।

जलवायु परिवर्तन के कारण कीटों और रोगाणुओं में वृद्धि होती है। गर्म जलवायु में कीट-पतंगों की प्रजनन क्षमता बढ़ जाती है जिससे कीटों की संख्या बहुत अधिक बढ़ जाती है और इसका कृषि पर काफी दुष्प्रभाव पड़ता है। साथ ही कीटों और रोगाणुओं को नियंत्रित करने की कीटनाशकों का प्रयोग भी कहीं ना कहीं कृषि फसल के लिए नुकसानदायक ही होता है।

मौसम में बदलाव का असर समुद्र की सतह पर भी दिखाई देने लगा है। इस असर से समुद्र की पारिस्थितिकी तंत्र के गड़बड़ाने का संकट है। समुद्र की ऐसी तलहटियों में आक्सीजन की मात्रा कम होती जा रही है, जहां पहले से ही आक्सीजन कम है। समुद्री आक्सीजन की गिरावट जारी रही, तो तय है कि ऐसे समुद्री जीवों के मरने का सिलसिला शुरू हो जाएगा, जिन्हें मनुष्य भोजन के रूप में इस्तेमाल करता है। खाद्यान्न की इस कमी के कारण भी समुद्र तटीय इलाकों से लोगों को पलायन करना पड़ेगा, जो पर्यावरण शरणार्थियों की संख्या में इजाफा करेगा। यह स्थिति समुद्री रेगिस्तान का विस्तार भी करेगी।

अत: कहा जा सकता है कि जलवायु परिवर्तन वैश्विक और भारतीय कृषि व्यवस्था पर वृहद स्तर पर प्रभाव डालता है इस अवस्था में उच्च तकनीकों को अपनाकर कृषि व्यवस्था को जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव से बचाया जा सकता है। ऐसा करना वर्तमान समय की आवश्यकता है अन्यथा भविष्य में इसके घातक परिणाम झेलने पड़ सकते हैं। इसी दिशा में अर्थात भारतीय कृषि को जलवायु परिवर्तन के प्रति अनुकूल और सक्षम बनाने में भारत सरकार द्वारा किये गए प्रयास भी सराहनीय हैं। इस प्रकार कृषि को जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए हमें मिल-जुलकर पर्यावरण को संरक्षित करने के तरीकों को अहमियत देनी होगी ताकि हम अपने प्राकृतिक संसाधनो को बचा सकें और कृषि व्यवस्था को अनुकूल बना सकें।

**–अविनाश जोशी,**
**स्वंतत्र पत्रकार एवं लेखक**

# विद्यालय की सीढ़ी टूटने से पांच बच्चे घायल, अस्पताल में उपचार जारी

**बूंदी, ( निसं )।** राजकीय भवनों में हो रहे निर्माण कार्यों में व्याप्त भ्रष्टाचार के चलते हो रहे घटिया निर्माण सामग्री के उपयोग की भेंट चढ़ने से विद्यालय के बच्चे उस समय बाल-बाल बच गए, जब विद्यालय की पहली मंजिल से उतरते समय सीढ़ियां धराशायी होकर गिर पड़ी।

घटना सोमवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय झाली जी का बराणा की हैं, जहां अवकाश के बाद बच्चे सीढ़ियों से नीचे उतर रहे थे। घटना के बाद घायल 1 छात्र सहित पांच छात्र छात्राओं को जिला चिकित्सालय बून्दी में उपचार के लिए भर्ती किया गया हैं। जहां जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने पहुंच कर छात्र छात्राओं की कुशलक्षेम पूछी।

प्रधानाचार्य निधि छीपा ने बताया कि सोमवार को दोपहर 1 बजे के आसपास अवकाश होने पर 10वीं 11वीं के छात्र-छात्राएं सीढ़ियों से नीचे



**कलेक्टर ने अस्पताल पहुंच कर घायल छात्राओं की कुशलक्षेम पूछी।**

उतर रहे थे, तभी अचानक सीढ़ियां अपने आप ही नीचे आ गिरी। सीढ़ियों के गिरने से उन पर आ रहे लगभग 7-8 छात्र-छात्राएं भी सीढ़ियों की चपेट में आने से घायल हो गए। जिन्हें तुरंत सीएचसी ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल एक छात्र सहित पांच छात्र-छात्राओं को जिला चिकित्सालय बूंदी के लिए एंबुलेंस में रवाना कर दिया। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी (माध्य) ओम प्रकाश गोस्वामी ने बताया कि विद्यालय के समीप रहने वाले सेवानिवृत प्रधानाचार्य बजरंग लाल से उक्त घटना की सूचना मिलते ही जिला शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र व्यास ने झाली जी का बराणा प्रधानाचार्य से घटना की जानकारी लेकर समसा के सहायक अभियंता अशोक उपाध्याय के साथ तुरंत घटना स्थल के लिए रवाना हो गए। जहां पहुंच कर जिला शिक्षा अधिकारी व्यास ने घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए विस्तृत जानकारी ली। घटना की जानकारी मिलने के बाद शाम को जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने जिला अस्पताल पहुंच कर घायल छात्र छात्राओं से जानकारी और उनकी कुशलक्षेम पूछी।

जिला कलेक्टर डॉ. गोस्वामी ने घटना के बाद छात्र छात्राओं की मदद करने वाले घायल छात्र सुरेश सैनी का नाम वीरता पुरस्कार के लिए अभिशंसित करेन की भी बात कही। इन्होंने चिकित्सा और शिक्षा अधिकारियों से चर्चा कर इनकी देखरेख और उचित उपचार के निर्देश दिए। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र व्यास और अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. धनराज मधुर भी मौजूद रहे।

## रणथंभौर त्रिनेत्र गणेश जी का मुख्य मेला आज

**सवाईमाधोपुर, ( निसं )।** रणथंभौर दुर्ग स्थित त्रिनेत्र गणेश जी का तीन दिवसीय लख्खी मेले का आज सोमवार को श्री गणेश हुआ। महंत बृजकिशोर दाधीच ने मंदिर पर ध्वज चढ़ा कर विधि वित पूजा अर्चना कर मेले का श्री गणेश किया। सोमवार से शुरू हुए इस मेले में लाखों की तादाद में भक्त रंणभवर के लाडले तेरी हो जय जयकार, का गुणगान करते हुए पहुंच रहे हैं अनेक जिलों से पैदल यात्राओं के जत्थे डीजे की धुन पर नाचते हुए पहुंच रहे हैं। प्रतिवर्ष भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी पर रणथंभौर मंदिर पर लगने वाले इस मुख्य मेले में लगभग 8 से 10 लाख भक्तों के आने की संभावना है। मेले को लेकर जिला प्रशासन एवं मंदिर ट्रस्ट की ओर से लगभग सभी तैयारियां चाक चोबंद है। गणेश मंदिर के महत्व संजय दाधीच ने जानकारी देते हुए बताया कि रणथंभौर दुर्ग में त्रिनेत्र गणेश जी जो अपने पूरे परिवार रिद्धि सिद्धि एवं पुत्र शुभ लाभ सहित विराजमान है।

# विधायक कोष से बने सुलभ शौचालय की हो रही दुर्दशा

**सांभरझील, ( निसं )।** विधायक कोष से निर्मित करवाए गए सांभर के पांच बत्ती चौराहे के उत्तर दिशा की तरफ सुलभ शौचालय अब आम उपयोग के लिए दुर्लभ शौचालय बन चुका है।

पुरुष और स्त्रियों के लिए दो खंडों में बने शौचालय के ताला हमेशा ही लटका मिलता है, अब इसका उपयोग मात्र पेशाब घर के रूप में ही हो रहा है। करीब पांच लाख रुपए खर्च होने के बाद भी यहां पर हाथ धोने की सुविधा नहीं है। जल कनेक्शन की कोई व्यवस्था नहीं है। बताया जा रहा है कि कई महीनों से सुलभ शौचालय की न तो कोई धुलाई की गई है और न ही साफ सफाई का कोई इंतजाम दिखाई दे रहा है। सुलभ शौचालय में शराब की बोतलें रखी हुई हैं, इससे भी सहजता से अंदाजा लगाया जा सकता है कि यहां पर साफ सफाई का कितना ख्याल रखा जाता है।

पेशाब घर के तल में गुटके के खाली पाउच पड़े हुए हैं और लोगों की पीक से आधे से ज्यादा लाल हो गया है। यहां पर लगी टाईल्स उखड़ रही है। अंदर लाइट का कोई इंतजाम नहीं है। पृथ्वीराज सर्किल से लेकर तेली दरवाजा तक अन्य और दूसरा कोई सुलभ शौचालय नहीं है जनप्रतिनिधियों की भी इसमें कोई रुचि दिखाई नहीं दे रही है।

इसी प्रकार पृथ्वीराज सर्किल पर भी बने पेशाब घर भी साफ सफाई के अभाव में सड़ रहा है। इनके ऊपर रखी पानी की टंकी आज तक कभी भरी नहीं गई है केवल दिखाने के लिए रख दी गई है। तेली दरवाजा रोड के अंतिम छोर पर

- **लोगों को नहीं मिल रही सुविधाएं, पानी और साफ-सफाई का अभाव**

बने पेशाब घर के हाल तो सबसे ज्यादा खराब है। इसके ऊपर लटका बिजली का ट्रांसफार्मर से भी लोगों को डर बना रहता है। सराय स्कूल की पास से जाने वाले रास्ते पर बना पेशाब घर, पुरानी धान मंडी, पुरानी तहसील, सब्जी मंडी के नजदीक तमाम पेशाब घरों की स्थिति बदतर बनी हुई है। नेता प्रतिपक्ष अनिल कुमार गट्टानी का कहना है कि वाकई में यह तो एक बहुत बड़ी गंभीर समस्या है, बाहर से आने वाली महिलाओं के लिए सुविधा समुचित नहीं है। जिम्मेदार



**सांभर के पांच बत्ती चौराहे पर बने सुलभ शौचालय में जमा गंदगी व रखी शराब की बोतलें।**

विभाग के लिए यह शर्मसार विषय है कि वे अपनी जिम्मेदारी ढंग से नहीं निभा पा रहे हैं। अनेक दफा हमारी ओर से इसके लिए ध्यान भी आकर्षित करवाया जा चुका है, इसके लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

## राशिफल मंगलवार 19 सितम्बर, 2023



**पंडित अनिल शर्मा**

भाद्रपद मास, शुक्ल पक्ष, चतुरथी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2080, स्वाती नक्षत्र दिन 1:48 तक, वैधृति योग रात्रि 3:57 तक, विष्टि करण दिन 1:44 तक, चन्द्रमा आज तुला राशि में संचार करेगा।


**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कन्या, चन्द्रमा-तुला, मंगल-कन्या, बुध-सिंह, गुरू-मेष, शुक्र-कर्क, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज रवियोग दिन 1:48 तक है। कुमार योग दिन 1:48 से आरम्भ होगा। आज भद्रा दिन 1:44 तक रहेगी। आज महागणपति चतुरथी, अगारक चतुरथी, वैधृति पूण्य है। आज सौभाग्य चतुरथी है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 9:19 से 10:50 तक, लाभ-अमृत 10:50 से 1:51 तक, शुभ 3:22 से 4:53 तक।


**राहूकाल:** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 6:17, सूर्यास्त 6:24

### मेष




परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### वृष




मित्रों/रिश्तेदारों से चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। मन का भय समाप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी।

### मिथुन



परिवार में शुभ-मांगलिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

### कर्क




घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। धार्मिक आयोजन में भाग ले सकते हैं। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

### सिंह




परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिचितों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है।

### कन्या




आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### तुला




मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा।

### वृश्चिक




धार्मिक कार्यों पर धन खर्च हो सकता है। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### धनु




आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

### मकर




व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।

### कुंभ



नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आय में वृद्धि होगी। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।

### मीन



चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBIT



**Rimjhim Ke Tarane Leke...**

O Sajna, barkha bahar aayi Ras ki phooaar layi Akhiyon mein pyaar layi O Sajna... Aise rimjhim me o sajan pyase pyase mere nayan...

**Ganpati Bappa Morya!**

Think Ganesh Chaturthi, and the beautiful Lord Ganesh idol comes to mind, the aroma of his favourite modak tickles our nostrils and excitement just fills the air.



*ना तो शार्क, ना बैराकूडा और ना ही टूना फिश, इनमें से कोई भी समुद्र की सबसे खतरनाक प्रजाति नहीं है। समुद्र के सबसे अधिक प्राणघातक जंतु हैं ''सी हॉर्स।'' आश्चर्यजनक रुप से सी हॉर्स बहुत अच्छे शिकारी होते हैं। इनकी हरकतों को देखकर तो लगता है मानो ये बेहद मासूम और सीधे सादे हैं, इनसे कोई हानि नहीं हो सकती। जब ये तैरते हैं तो लगता है मानो कोई ''मूवमैंट'' ही नहीं कर रहे, पानी के प्रवाह के साथ बहते या उतराते नज़र आते हैं। पर इनकी यही धीमी चाल इनके बहुत काम आती है। चुपचाप अपने शिकार तक पहुँच जाते हैं और आसानी से उसे दबोच लेते हैं, शिकार को खतरे का एहसास तक नहीं हो पाता। समुद्र के एक और नन्हें जीव ''कोप पॉड्स'' बहुत तेज गति से तैरते हैं और परभक्षियों से बच निकलते हैं पर सी हॉर्स से बचना नामूमकिन होता है क्योंकि ये इतनी धीरे-धीरे मूव करते हैं कि पानी में कोई हलचल तक नहीं होती। सी हॉर्स एकदम निकट पहुंच कर अचानक अपना सिर झटक कर कोपपॉड्स को मुँह में दबोच लेते हैं। सी हॉर्स की यह टैक्नीक 90 प्रतिशत बार सफल होती है, इसी लिए ये समुद्र के सबसे खतरनाक परभक्षियों में से एक माने जाते हैं।*

# कांग्रेस का चतुर दांव, संसद के दोनों सदनों में महिला आरक्षण बिल पेश करने की मांग की

## अब अगर केन्द्र सरकार बिल पेश करती है तो, श्रेय कांग्रेस को मिलेगा। अगर केन्द्र सरकार बिल पेश नहीं करती है तो कांग्रेस भाजपा को कटघरे में खड़ा कर सकती है

**- जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 18 सितम्बर। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे तथा लोकसभा में कांग्रेस ग्रुप के नेता अधीर रंजन चौधरी ने सोमवार को अपने -अपने सदनों में महिला आरक्षण विधेयक लाने के लिये दबाव बनाया। इनकी नेता सोनिया गांधी इस विधेयक को लाने के लिये लोकसभा में कई बार दबाव बना चुकी हैं।

यह विधेयक राज्यसभा ने पारित कर दिया था लेकिन पिछले वर्षों में इसे लोकसभा में नहीं लाया गया। कांग्रेस ने कहा, ''हम देश की जनता की तरफ से माँग करते हैं कि यह विधेयक सोमवार से शुरु हुये इस विशेष सत्र में लाया जाये।''

- **गौरतलब है कि, महिला आरक्षण विधेयक राज्यसभा में पारित हो चुका, पर लोकसभा में अभी तक पेश नहीं हुआ है।**
- **जब कांग्रेस के नेतृत्व वाला यू.पी.ए. गठबंधन सत्तारूढ़ था तब पहली बार महिला आरक्षण विधेयक लाया गया था।**
- **कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा में और लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने महिला आरक्षण विधेयक पेश करने की मांग की।**
- **संसद के विशेष सत्र के एजेंडा को लेकर कई अटकलें चल रही थीं, इनमें से एक यह भी थी कि, विपक्ष को मात देने और महिला मतदाताओं की सहानुभूति हासिल करने के लिए भाजपा की केन्द्र सरकार महिला आरक्षण विधेयक ला सकती है।**

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरु के नेतृत्व में अपनाई गई विभिन्न नीतियों का जिक्र किया तथा कहा कि, सत्तारुढ़ भाजपा ''बड़ी कुर्बानी एवं कठिनाई के बाद अर्जित किये गये संवैधानिक मूल्यों'' को नष्ट करने पर तुली हुई है। उन्होंने सत्तारुढ़ दल से कहा कि वह अपना ध्यान देश की हालत को सुधारने, सहानुभूति दिखाने तथा रोजगार की संभावनाएं पैदा करने के महत्व पर दे। उन्होंने अपने राज्यसभा सम्बोधन में केन्द्र और भाजपा पर जमकर प्रहार किये।

खड़गे ने कहा, नेहरु का मानना था कि, सशक्त विपक्ष के न होने का मतलब है- कि प्रमाली में महत्वपूर्ण कमियाँ हैं। उन्होंने अपने पहले मंत्रिमंडल में कांग्रेस से बाहर के पांच नेता शामिल किये थे, और एक यह मोदी सरकार है, जो प्रवर्तन निदेशालय तथा सी.बी.आई. के जरिये विपक्ष को कमजोर करने में लगी हुई है।

अधीर रंजन चौधरी ने भी नेहरु के शासनकाल की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने संसद और सरकार के

( शेष पृष्ठ 4 पर )

# 'भाजपा सनातन धर्म का मुद्दा मूल मसलों से ध्यान हटाने के लिए उछाल रही है'

## राहुल ने यह कहते हुए नसीहत दी कि, कांग्रेस को भाजपा की इस चाल में नहीं फंसना है

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 18 सितम्बर। नवगठित कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सी.डब्ल्यु.सी.) की हैदराबाद में हुई पहली मीटिंग 17 सितम्बर को समाप्त हो गई। सी.डब्ल्यु.सी. ने पार्टी कार्यकर्ताओं का आव्हान किया कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली

- **भाजपा के सांप्रदायिक एजेंडा का जवाब देने के प्रयास में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जात आधारित जनगणना करवाने की मांग उठाई।**
- **सी.डब्ल्यु.सी. की बैठक में जिन 5 राज्यों में चुनाव होने हैं, उनकी चुनाव तैयारी पर भी फोकस किया गया।**

भाजपा सरकार के ''तानाशाही शासन'' को उखाड़ फेंकने के लिये एकजुट हो जायें तथा देश में एक वैकल्पिक सरकार के लिये पूरी मेहनत से काम करें।

16 सितम्बर को शुरु हुई इस मीटिंग में दो दिन तक देश की मौजूदा स्थिति और तैयारियों का जायजा लेते हुए वैचारिक एवं चुनावी मुद्दों पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। सी.डब्ल्यु.सी. ने पाँच राज्यों में जल्दी ही होने वाले विधानसभा चुनावों तथा लोकसभा चुनावों के लिये संगठन की तैयारी तथा तत्परता का जायजा लिया।

जहाँ देश की इस सबसे पुरानी पार्टी ने ''इंडियन नेशनल डवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (आई.एन.डी.आई.ए- इंडिया) के ''निरंतर एकीकरण'' एवं दृढ़ीकरण का स्वागत किया तथा इसे ''सैद्धांतिक एवं चुनावी सफलता'' में तब्दील करने का संकल्प लिया। वहीं, सी.डब्ल्यु.सी. ने इस बात को रेखांकित भी किया कि विपक्षी गठबंधन से प्रधानमंत्री एवं भाजपा घबरा गये हैं।

बैठक में पारित प्रस्ताव में साफ तौर पर कहा गया, ''सी.डब्ल्यु.सी. ''इंडिया'' को सैद्धांतिक एवं चुनावी सफलता का रुप देने के कांग्रेस पार्टी के संकल्प को दोहराती है ताकि देश विभाजक एवं ध्रुवीकृत होती जा रही राजनीति से मुक्त हो सके, सामाजिक निष्पक्षता एवं न्याय मजबूत हों तथा जनता को एक ऐसी केन्द्र सरकार मिले, जो जिम्मेदार, सहानुभूतिपूर्ण, संवेदनशील तथा जवाबदेह हो।''

कांग्रेस ने बहुत बुद्धिमत्ता का परिचय देते हुये ''सनातन धर्म'' सम्बंधी बहस से स्वयं को अलग रखने का निर्णय लिया तथा यह स्पष्ट कर दिया कि वह इस विवाद में नहीं पड़ेगी। कांग्रेस नेतृत्व ने यह जानते हुए इस बहस से अलग रहने का निर्णय लिया है कि, पी.एम. मोदी सहित आर.एस.एस. तथा सत्तारुढ़ पार्टी एवं उसका शीर्ष नेतृत्व, पूरी तरह चाहते हैं कि कांग्रेस उनके इस जाल में फंस जाये तथा फिर सत्तारुढ़ भाजपा उसका चुनावी फायदा ले सके।

पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मीटिंग में शामिल प्रतिनिधियों से कहा कि, यह मुद्दा जनता के सामने मौजूद असली मुद्दों से ध्यान भटकाने वाला है। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय

( शेष पृष्ठ 4 पर )

क्या आपको कम सुनाई देता है।?
ऑटोमेटिक कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
कॉकलियर इम्पलांट, ऑटिज्म
डिले स्पीच, हकलाना, तुतलाना
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
सम्पर्क- 94602 07080

# अडानी केस में नई टीम के लिए याचिका

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 18 सितम्बर। सुप्रीम कोर्ट में एक नया हस्तक्षेप आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसमें निवेदन किया गया है कि, हिंडनबर्ग रिपोर्ट से संबंधित मामले में ऐसी नई विशेषज्ञ समिति गठित की जाए जिसमें बेदाग

- **सुप्रीम कोर्ट में याचिका कर्ता अनामिका जायसवाल ने मांग की है कि, मौजूदा कमेटी के कई सदस्य प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अडानी से लाभ प्राप्त कर रहे हैं, इसलिए नई एक्सपर्ट टीम गठित की जाए।**

ईमानदारी वाले और अडानी मामले में हितों का कोई टकराव नहीं होने वाले व्यक्तियों को शामिल किया जाए।

यह आवेदन एक याचिकाकर्ता अनामिका जायसवाल ने पेश किया है।

( शेष पृष्ठ 4 पर )

# केरल और बंगाल में सीट शेयरिंग नहीं करेगी माकपा

## 13 सितम्बर को हुई इंडिया गठबंधन की समन्वय व प्रचार समिति की बैठक में माकपा अनुपस्थित थी

**-श्रीनन्द झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 18 सितम्बर। सी.पी.एम. (माकपा) केरल एवं पश्चिम बंगाल में इंडिया गठबंधन के अन्य पार्टनरों के साथ सीट -शेयरिंग नहीं करेगी।

माना जाता है कि, सप्ताहान्त में हुई पार्टी पोलित ब्यूरो की मीटिंग में इस आशय का निर्णय लिया गया है। लेकिन इस निर्णय से, वाम पंथियों द्वारा अन्य राज्यों, जैसे बिहार एवं उत्तर प्रदेश में, सीट -शेयरिंग व्यवस्था में शामिल होने की संभावना खत्म नहीं होती। बिहार में, वामपंथी गठबंधन के अन्य घटकदलों के साथ, सी.पी.एम. पहले से ही ''महागठबंधन'' का हिस्सा है।

- **माकपा के इस रूख ने कांग्रेस को दुविधा से बचा लिया है, क्योंकि प. बंगाल में तृणमूल नेता ममता बनर्जी कांग्रेस को कुछ सीटें देने के लिए मान गईं थीं, पर वाम मोर्चा के लिए उन्होंने साफ इंकार कर दिया था।**
- **दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी सीट शेयरिंग करना नहीं चाहती है।**
- **सम्पूर्ण एकता नहीं हो पाने से इण्डिया गठबंधन की भाजपा के खिलाफ एक ही प्रत्याशी खड़ा करने की नीति प्रभावित होगी।**

इंडिया गठबंधन की समन्वय एवं प्रचार समिति की 13 सितम्बर को हुई मीटिंग में सी.पी.एम. का प्रतिनिधि उपस्थित नहीं था क्योंकि पार्टी ने इस कमेटी के लिये अपना कोई सदस्य नामजद नहीं किया था। कमेटी की इस मीटिंग में सी.पी.एम. की सहभागिता न होने से इंडिया गठबंधन के अन्य घटकदल, खासतौर से कांग्रेस, शर्मिन्दगी से बच गये थे। इंडिया ब्लॉक की तीसरी मीटिंग में, टी.एम.सी. प्रमुख तथा पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने स्पष्ट कर दिया था कि, वे 2024 के लोक चुनावों के लिये पश्चिमी बंगाल में कुछ सीटें छोड़ने के लिये तैयार हैं लेकिन सी.पी.एम. को इसमें समायोजित नहीं किया जायेगा।

सम्पूर्ण एकता नहीं हो पाने के कारण, भाजपा के खिलाफ विपक्षी गठबंधन के ''वन-टु-वन'' चुनावी लड़ाई के विचार पर पश्चिम बंगाल में कुछ हद तक प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता तथा पूरी एकजुटता खतरे में पड़ सकती है, वहीं केरल में इसका कोई चुनावी असर नहीं होगा क्योंकि वहाँ भाजपा की

( शेष पृष्ठ 4 पर )

# इस वर्ष डायरैक्ट टैक्स कलैक्शन 23.51 फीसदी बढ़ा

नई दिल्ली 18 सितंबर (वार्ता) चालू वित्त वर्ष में 16 सितंबर तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 23.51 प्रतिशत बढ़कर 865117 करोड़ रुपये रहा जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह राशि 700416 करोड़ रुपये की तुलना में

- **चालू वित्त वर्ष में 16 सितंबर तक डायरैक्ट टैक्स कलैक्शन 8,65117 करोड़ रुपये रहा जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह राशि 7,00416 करोड़ रुपये की तुलना में 23.51 प्रतिशत अधिक है।**

23.51 प्रतिशत अधिक है।

आयकर विभाग ने आज यहां जारी बयान में कहा कि शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 8,65,117 करोड़ रुपये में कारपोरेट कर (सी.आई.टी.) 4,16,217 करोड़ रुपये

( शेष पृष्ठ 4 पर )

# अन्नाद्रमुक ने तमिलनाडू में भाजपा से गठबंधन तोड़ा

## अन्नाद्रमुक नेता ने कहा कि, उनकी पार्टी एन.डी.ए. को छोड़ रही है, क्योंकि, भाजपा की तमिलनाडू इकाई के प्रमुख अन्नामलाई हमारे नेताओं के खिलाफ अनर्गल बातें करते हैं

**-लक्ष्मण वेंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 18 सितम्बर। केन्द्र की सत्तारूढ़ भाजपा तमिलनाडू में सहयोगी संकट का सामना कर रही है, क्योंकि उसके सहयोगी दल अन्नाद्रमुक ने घोषणा की है कि, भाजपा के साथ उसका गठबंधन नहीं है और वो एन.डी.ए. की सदस्य नहीं है।

भाजपा को तगड़ा झटका देते हुए अन्नाद्रमुक नेता डी. जयकुमार ने चेन्नई में घोषणा की कि, पार्टी एन.डी.ए. से बाहर है क्योंकि भाजपा के तमिलनाडू के प्रमुख के. अन्नामलाई अन्नाद्रमुक नेताओं के बारे में बकवास बातें करते हैं।

तमिलनाडू से लोकसभा में 39 सांसद जाते हैं, जिनमें से अभी 38 डी.एम.के. के हैं। अब भाजपा से अन्नाद्रमुक का अलग होना तमिलनाडू में सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए अच्छी खबर है। तथापि, मणिपुर में गठबंधन सहयोगी के अलग होने के बाद भाजपा के लिए यह दूसरा झटका है।

जयकुमार ने कहा, ''भाजपा का अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन नहीं है। हम गठबंधन का निर्णय चुनाव के दौरान ही लेंगे।'' उन्होंने कहा, उनकी पार्टी का यही रूख है। हालांकि भाजपा तो गठबंधन चाहती है लेकिन उसके नेता अन्नामलाई इसके खिलाफ लग रहे हैं।

जयकुमार ने संवाददाताओं से कहा, ''हम लगातार अपने नेताओं की आलोचना स्वीकार नहीं कर सकते। अन्नामलाई पहले ही हमारी नेता जयललिता की आलोचना कर चुके हैं। उस समय हमने अन्नामलाई के खिलाफ एक प्रस्ताव पारित किया था। उन्हें यह

- **अन्नाद्रमुक नेता ने कहा, हम अपने नेताओं की आलोचना बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं, वे जयललिता के खिलाफ भी बोल चुके हैं तथा अन्नादुरै और पेरियार के बारे में भी बुरा भला कहते रहते हैं।**
- **तमिलनाडू में कुल 39 लोकसभा सीटें हैं, इनमें से 38 अभी द्रमुक के पास हैं।**
- **भाजपा को हाल ही में यह दूसरा झटका लगा है, इससे पहले मणिपुर में भी एक पार्टी ने भाजपा का साथ छोड़ दिया है।**

बंद कर देना चाहिए था। वे अन्ना, पेरियार और महासचिव की आलोचना कर रहे हैं, जिसे कोई कार्यकर्ता स्वीकार नहीं करेगा। कल हमें जनता के बीच जाकर काम करना है। इसलिए बिना किसी विकल्प के हमने यह घोषणा कर दी। इस निर्णय से हम पर कोई असर नहीं पड़ेगा और हमें अपनी जीत का भरोसा है।''

पिछले कई महीनों से भाजपा की राज्य इकाई और अन्नाद्रमुक के बीच सब सही नहीं चल रहा था और कई नेता अन्नामलाई से नाराज़ हैं क्योंकि वो गठबंधन सहयोगी की कीमत पर खुद का प्रचार करना चाहते हैं।

जयकुमार ने संवाददाताओं से कहा, ''क्या हमें अपने नेताओं की आलोचना बर्दाश्त करनी चाहिए? हम आपको क्यों लादे रहें? भाजपा यहां कदम नहीं रख सकती। आपका वोट बैंक सब जानते हैं। आपको यहां सब हमारी वजह से जानते हैं।''

जब उनसे यह पूछा गया कि, क्या यह उनकी व्यक्तिगत राय है, तो जयकुमार ने कहा, ''क्या मैंने कभी आपसे उस क्षमता में बात की है? मैं वही कहता हूँ जो पार्टी तय करती है।''

अब अन्नामलाई उन अन्नादुराई की आलोचना कर रहे हैं जिन्होंने 1949 में डी.एम.के. की स्थापना की और 1967 में तमिलनाडू में पहली गैर कांग्रेसी सरकार बनाई। सन्1972 में अन्नाद्रमुक की स्थापना करने वाले एम.जी.आर. भी अन्नादुराई की बहुत प्रशंसा करते थे।

जयकुमार ने कहा, ''हमारी पार्टी अन्नादुराई के नाम पर है। स्वयं को आगे बढ़ाने के लिए वे (अन्नामलाई) पेरियार को नीचा दिखाते हैं और निंदा सुनने के बाद भी वो टस से मस नहीं हुए। यह सब गठबंधन के धर्म के विरूद्ध है, जिसे अन्नाद्रमुक के कार्यकर्ता स्वीकार नहीं करेंगे। अन्नामलाई नेता रहने के लायक नहीं हैं और खुद को बढ़ाने के ही इच्छुक हैं। आपको पेरियार, ई.पी.एस. (पलानीस्वामी), अम्मा और एम.जी.आर. के बारे में बोलने का क्या हक है। अन्नाद्रमुक कार्यकर्ता इसे सहन नहीं करेंगे।''

( शेष पृष्ठ 4 पर )

# पहली बार प. नेहरू की तारीफ की प्र.मंत्री मोदी ने

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 18 सितंबर। प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा नेता हमेशा भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के आलोचक रहे हैं, लेकिन

- **मोदी ने देश के पहले प्रधानमंत्री प. नेहरू के आज़ादी के अवसर पर दिए गए भाषण ''ट्रिस्ट विद डैस्टिनी'' का उल्लेख किया और कहा उनके भाषण की गूंज आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।**

सोमवार को पहली बार नेहरू की प्रशंसा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उनका ''ट्रिस्ट विद डैस्टिनी'' भाषण सांसदों की भावी पीढ़ियों को प्रेरित करेगा।

पुराने संसद भवन में अपने अंतिम

( शेष पृष्ठ 4 पर )

# 50 लाख का बजट खर्च करके भी नहीं संवार सके जयनिवास उद्यान के फव्वारे

## आयुक्त के आदेश पर गठित जांच समिति भी 10 दिन में पेश नहीं कर पाई रिपोर्ट

**जयपुर** (कासं)। हैरिटेज नगर निगम की उद्यान शाखा के कामों में ठेकेदार जमकर धांधली कर रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई के बजाय चुप्पी साधे बैठे हैं। ताजा मामला जयपुर के आराध्यदेव गोविंददेवजी मंदिर प्रांगण में बने जय निवास उद्यान का है। यहां नगर निगम की उद्यान शाखा ने फव्वारों की सिविल मरम्मत का कार्य गत 15 मई को मैसर्स सुरेश जसवाल की फर्म को दिया था। इस ठेकेदार ने करीब 8.35 फीसदी ज्यादा रेट पर करीब 50 लाख रुपये में यह कार्य लिया। जयनिवास उद्यान में फव्वारों की मरम्मत ना तो ठीक से हुई और न ही ज्यादा दिन वे चल सके।

जन्माष्टमी से एक दिन पूर्व जब महापौर मुनेश गुर्जर ने गोविंददेवजी मंदिर प्रांगण में व्यवस्थाओं का जायजा लिया तो यहां फाउंटेन व फव्वारे टूटे पड़े मिले। इसके अलावा जगह-जगह पार्क में टाइलें उखड़ी हुई थी। यह देखकर महापौर ने कड़ी नाराजगी जताई और टूटे हुए फव्वारों के बारे में अफसरों ने पूछताछ की, लेकिन उद्यान शाखा के कनिष्ठ अभियंता धर्म सिंह मीणा ने यह जानकारी छिपा ली कि ठेकेदार को हाल ही में टैंडर दिया गया। जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी देखकर महापौर ने जयनिवास उद्यान में कार्यरत फर्म को ब्लैक लिस्टेड करने को कहा, लेकिन देर शाम आयुक्त राजेन्द्र सिंह शेखावत ने अतिरिक्त मुख्य अभियंता और वित्तीय सलाहकार की दो सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर 10 दिन में पूरे प्रकरण की जांच करने के आदेश दिए। यह जांच कमेटी बने 10 दिन से ज्यादा वक्त बीत चुका है, लेकिन मामले में अब तक किसी की भी जिम्मेदारी तय नहीं हो पाई है।




गोविंददेवजी मंदिर प्रांगण में बने जयनिवास उद्यान में नगर निगम के अधिकारी आसपास के पार्कों का लोहा वेस्ट डालकर इसे बदसूरत करने में जुटे हैं।

- **जन्माष्टमी के एक दिन पूर्व महापौर मुनेश गुर्जर के औचक निरीक्षण में सामने आयी थी खामियां**
- **महापौर ने जय निवास उद्यान में कार्यरत फर्म को ब्लैकलिस्टेड करने के आदेश दिए थे, तब आयुक्त ने अतिरिक्त मुख्य अभियंता और वित्तीय सलाहकार की जांच कमेटी गठित की थी**

सूत्रों की मानें तो जिस फर्म को यह काम दिया गया था, वह जयपुर नगर निगम में उद्यान शाखा के कामकाज करती है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि सिविल वर्क का काम करवाने के लिए जब हैरिटेज नगर निगम में अलग से अधिशाषी अभियंता की विंग हैं तो फिर आखिर उद्यान शाखा ने फव्वारों के टैंडर क्यों किए। ठेकेदार ने तय टैंडर राशि से 8.35 फीसदी ज्यादा रेट पर ठेका लिया, इसके बावजूद यहां फव्वारों का काम गुणवत्तापूर्ण क्यों नहीं हुआ।

देखा जाए तो आराध्यदेव गोविंददेवजी मंदिर और जयनिवास उद्यान राजधानी जयपुर की प्रमुख विरासत है। यहां आने वाले देशी-विदेशी पर्यटक और श्रद्धालु मंदिर परिसर में आते हैं, ऐसे में लाखों रुपये खर्च करके भी यहां फाउंटेन मरम्मत का काम गुणवत्तापूर्ण तरीके से नहीं होना कई तरह के सवाल खड़े करता है।

सबसे ज्यादा हैरानी का विषय यह है कि एक तरफ नगर निगम के अधिकारी जयनिवास उद्यान में लाखों रुपये विकास कार्यों पर खर्च कर रहे हैं, दूसरी तरफ आसपास के सभी पार्कों का लोहा वेस्ट या कबाड़ भी यहीं पर एकत्रित कर पार्क को बदसूरत किया जा रहा है, जिसकी तरफ किसी का भी ध्यान नहीं जा रहा।

# नहर के गणेशजी मंदिर में सजी मोदकों की झांकी



**जयपुर** । गणेश जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर सोमवार को सिंजारा महोत्सव मनाया गया। प्रथम पूज्य गणपति को मेहंदी लगाकर भक्तों को वितरित की। नहर के गणेशजी मंदिर में रविवार को मोदकों की झांकी सजाई गई। नाहरगढ़ की पहाड़ी पर स्थित जयपुर की बसावट से पहले बनानगए गढ़ गणेश मंदिर में तीन दिवसीय जन्मोत्सव के पहले दिन सोमवार को मंदिर महंत प्रदीप औदीच्य के सान्निध्य में सिंजारा महोत्सव मनाया गया। गणपति को मेहंदी अर्पित कर नवीन पोशाक धारण कराई गई। गुड़धानी और डंके अर्पित किए गए। मंगलवार को जन्मोत्सव पर सुबह चार बजे पंचामृत अभिषेक किया जाएगा। पल्लव, पुष्प और माला से गणपति का श्रृंगार किया जाएगा। गणेश चतुर्थी को गणपति वस्त्र धारण नहीं करते हैं क्योंकि यहां गणपति के बाल स्वरूप के दर्शन होते हैं जो की पुरुष आकृति है। गणपति के सूंड नहीं है। सुबह पांच बजे मंगला आरती के साथ सहस्त्र दूर्वाचन और सहस्त्र मोदक अर्पित किए जाएंगे। सहस्त्र नामावली से हवन किया जाएगा। रात्रि 12 बजे शयन आरती होगी। बीस सितंबर को ऋषि पंचमी का परंपरागत मेला भरेगा।

## गणेश चतुर्थी पर सुरक्षा व्यवस्था के विशेष इंतजाम

**जयपुर** । गणेश चतुर्थी का पर्व मंगलवार को प्रदेशभर में धूमधाम से मनाया जाएगा। इसे लेकर जयपुर शहर के मोती डूंगरी गणेश मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने के चलते कानून-व्यवस्था और यातायात के विशेष इंतजाम किए गए है। मोती डूंगरी गणेश मंदिर के चारों ओर बैरिकेडिंग की गई है। इससे भीड़ का नियंत्रित किया जाएगा।

मंदिर परिसर के आसपास सीसीटीवी कैमरों के जरिए निगरानी रखी जाएगी। कंट्रोल रूम के जरिए पुलिस अधिकारी तमाम सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी रखेंगे। इसके लिए अतिरिक्त जाप्ता लगाया गया है। इस बार विशेष तौर से एआई तकनीक वाले कैमरे लगाए जाएंगे। इन कैमरों के जरिए पुलिस अपराधियों का डाटा एप पर अपलोड करेगी। एआई तकनीक आधारित कैमरों को फेस रिकग्निशन एप से जोड़कर काम में लिया जाएगा, जिससे भीड़ में शामिल बदमाशों को भी चिह्नित किया जाएगा।

वहीं 3 दिनों तक यातायात के भी विशेष इंतजाम रहेंगे। त्रिमूर्ति सर्किल से लेकर जेडीए सर्किल के बीच, आरबीआई तिराहा से गणेश मंदिर के बीच तख्तेशाही रोड, धर्म सिंह सर्किल से गणेश मंदिर की तरफ आवागमन बंद रहेगा। समानांतर मार्गों पर यातायात डायवर्ट किया जाएगा।

# कार सवार युवकों ने कैफे में घुसकर तोड़फोड़ की

## कैफे में कार्यरत स्टाफ द्वारा पानी की बोतल के पैसे मांगने पर हुआ झगड़ा

**जयपुर** । राजधानी जयपुर के अशोक नगर क्षेत्र के एक कैफे के स्टाफ को कार सवार युवकों ने इसलिए पीट दिया क्योंकि उन्होंने पानी की बोतल के पैसे मांगे थे। युवकों ने कैफे में तोड़फोड़ कर काउंटर को भी नीचे गिरा दिया। पूरी घटना कैफे में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। पीड़ितों ने अशोक नगर थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस थार गाड़ी में सवार होकर आए युवकों की तलाश में जुटी है। इस घटना के अगले दिन कुछ बाइक सवारों ने स्टाफ को धमकाया कि एफआईआर करवाई तो कैफे को आग लगा देंगे।

पुलिस ने बताया कि बगरूवालों का रास्ता (चांदपोल बाजार) में रहने वाले दिनेश कुमार शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उसने बताया- जमुना लाल बजाज मार्ग सी-स्कीम पर उनके बेटे अक्षय का टीपीसी नाम से कैफे है। वे दिन के समय कैफे का काम करते हैं। रात के समय टेक-अवे का काम होता है। गत 15 सितंबर की रात करीब 2.45 बजे थार गाड़ी में चार लड़के आए। कैफे बंद होने की बात कहने पर पानी की बोतल मांगने लगे। कैफे का कर्मचारी प्रमोद पानी की बोतल देने गया। पैसे मांगने पर कार में बैठे लड़के प्रमोद से झगड़ा करने लगे। मारपीट करने पर प्रमोद भागकर कैफे के अंदर आ गया। चारों लड़के थार गाड़ी से नीचे उतरकर कैफे के अंदर आ गए और स्टाफ से मारपीट कर कपड़े तक फाड़ दिए। धमकी देकर जाते समय कैफे में तोड़फोड़ कर काउंटर को भी नीचे गिरा दिया। अगले दिन केस दर्ज करवाया गया। अशोक नगर थाने में शिकायत करने पर अगले दिन बाइक पर आए कुछ लड़कों ने धमकी दी कि एफआईआर करवाई तो कैफे को आग लगा देंगे और बंद करवा दंगे। तुम हमारा कुछ नहीं कर सकते। पीड़ित का कहना है कि थार गाड़ी में आकर मारपीट और तोड़फोड़ करने वाले बगड़िया भवन सी-स्कीम में रहने वाले रविन्द्र महलावत, रोहित महला और राहुल महला हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## एस.के.फाइनेंस वर्ल्ड हेल्थ एंड वेलनेस फेस्ट 7 -8 अक्टूबर को

**जयपुर**, (का.सं.)। भारत के एकमात्र और बहु प्रतिष्ठित एस.के फाइनेंस वर्ल्ड हेल्थ एंड वेलनेस फेस्ट के तीसरे संस्करण का मंच सजने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस फेस्ट का आयोजन 7-8 अक्टूबर को जयपुर में जवाहर कला केंद्र के शिल्प ग्राम में एस.के. फाइनेंस और संस्कृति युवा संस्था द्वारा किया जा रहा है। फेस्ट में हेल्थ एंड वेलनेस के अलग-अलग आयामों से जुड़े 100 से अधिक एक्सपर्ट विभिन्न सेशन के जरिये अपनी बात रखेंगे। राजस्थान में चिकित्सा जगत के पितामह कहे जाने वाले और आर.यू.एच.एस. कुलपति, डॉ. सुधीर भंडारी इस कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक होंगे।

फेस्ट के सह-संस्थापक, नरिशन्त शर्मा और मुकेश मिश्रा ने बताया कि, फेस्ट में सेशन् के अलावा 2000 लोग भांगड़ा ज़ुम्बा का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की कोशिश करेंगे। जिसमे भांगड़ा फिटनेस सोशल मीडिया पर फेमस एश्ली कौर भांगड़ा करेंगी और साथ में ज़ुम्बा भी होगा, ओशो डायनमिक मैडिटेशन, वैलनेस ह्यूमन बुक्स, क्लोज टू नेचर वर्कशॉप जैसे कार्यक्रम भी होंगे। साथ ही हेल्थ एन्ड लाइफस्टाइल एक्जीबिशन भी लगेगी। कार्यक्रम में आम लोगों के लिये प्रवेश पूर्णतया निःशुल्क है लेकिन फेस्ट की वेबसाइट पर पहले पंजीकरण करवाना आवश्यक है।

# 104 वाहन चोरों के ठिकानों पर दबिश, 34 गिरफ्तार

## 67 बाइक बरामद, 70 चालानशुदा अपराधियों से पूछताछ

**जयपुर** । पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने करणी विहार, श्याम नगर, जवाहर सर्किल, महेश नगर, झोटवाड़ा, मुहाना, शिवदासपुरा, शिप्रापथ, बजाज नगर, मुरलीपुरा, मानसरोवर, आमेर, जालूपुरा, कोतवाली, महेश नगर, ट्रांसपोर्ट नगर एवं माणकचौक थाना इलाके में वाहन चोरों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया और 34 वाहन चोरों को गिरफ्तार किया। 17 थाना इलाकों में 104 वाहन चोरों के ठिकानों पर दबिश दी गई। पुलिस ने बदमाशों के पास से चोरी की 67 बाइक, 1 बाइक का इंजन, 9 बाइक के पार्ट्स और 4 चोरी के मोबाइल बरामद किए। जयपुर पुलिस कमिश्नरेट पुलिस ने वाहन चोरी में विभिन्न थानों के 70 चालान शुदा अपराधियों से पूछताछ की।



जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि सीएसटी ने 10 से ज्यादा थाना इलाके में वाहन चोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जयपुर के शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया। इन बदमाशों के पास से अलग-अलग थाना पुलिस ने बड़ी संख्या में चोरी के वाहनों को जब्त किया है। गिरफ्तार बदमाशों की सूचना पर अन्य चोरी के वाहन भी पुलिस जल्द बरामद कर सकती है। पुलिस ने आकाश चौबे निवासी वाल्मिकी नगर मालवीय नगर,अजय महावर निवासी झालाना कच्ची बस्ती मालवीय नगर, विशाल बमेन निवासी वाल्मिकी नगर मालवीय नगर,सागर चौहान उर्फ शक्ति निवासी फागी जिला जयपुर ग्रामीण, लोकेश मोर निवासी मौजमाबाद जिला जयपुर ग्रामीण, लोकेश निवासी चकवाड़ा फागी जिला जयपुर ग्रामीण, नवरत्न मीणा निवासी सवाईमाधोपुरा हाल नया मौजा पुलिस थाना मोजमाबाद जिला जयपुर,दिलीप सिंह निवासी चौरु फागी जिला जयपुर ग्रामीण, ओमप्रकाश गोस्वामी निवासी बजरंग वाटीका बिंदायका शिवार मोड जयपुर,राकेश बैरवा निवासी लांबा हरिसिंह जिला टोंक को गिरफ्तार किया है। इसी तरह बबलू जांगिड निवासी लांबा हरिसिंह जिला टोंक, जयसिंह निवासी आंटोली जिला टोंक, मिजान शेख निवासी आमेर, किशन निवासी मालवीय नगर जयपुर, आकाश राय निवासी मालवीय नगर जयपुर, आकाश मेहता निवासी रोहिणी विहार खोरा बिसल जयपुर, दानिश उर्फ मक्खी निवासी नाजिर जयसिंहपुरा खोर ,रवि मल्होत्रा निवासी रामगंज जयपुर,नरेन्द्र उर्फ डेमो उर्फ सागर निवासी टोंक हाल रामगंज ,बाबू उर्फ सलीम निवासी सांगानेर जयपुर,रहीश खान निवासी ईटावा जिला कोटा हाल सांगानेर जयपुर, बीमन्तर वरमन निवासी मालवीय नगर जयपर,अजय बैरवा निवासी मालवीय नगर जयपुर, शहजाद उर्फ मुन्नू खान निवासी जयसिंहपुरा खोर जयपुर,रैहान उर्फ नन्हा उर्फ नन्नू निवासी गलतागेट जयपुर, अंकित निवासी शिवदासपुरा जयपुर, राहुल सिंह उर्फ जसविन्दर सिंह निवासी गलतागेट जयपुर, शिवम मंगवान उर्फ युगल गलतागेट जयपुर, विपिन राजावत निवासी टोडाभीम जिला करौली हाल करधनी जयपुर, गिरधर सिंह निवासी सिरसी रोड जयपुर,हैप्पी सिंह राठौड़ निवासी हाथोज फाटक सिरसी रोड जयपुर,धीरज जांगिड़ निवासी राज विहार गांव सिरसी जयपुर,जॉन आशिष निवासी करणी विहार जयपुर,बलराम चौधरी निवासी जयपुर को गिरफ्तार किया है।

## जनता जलकर्मियों का महापड़ाव स्थगित हुआ

**जयपुर** । राजधानी में शहीद स्मारक पर पिछले 2 दिन से स्थाईकरण की मांग को लेकर चल रहा जनता जल कर्मियों का महापड़ाव सोमवार को जलदाय मंत्री महेश जोशी के आश्वासन के बाद समाप्त हो गया।

बारिश के बावजूद प्रदेश भर से हजारों जनता जल योजना के कर्मचारी अपने स्थाईकरण की मांग को लेकर दो दिन से जयपुर में शहीद स्मारक पर महापड़ाव डाले हुए थे। रविवार को प्रदेश भर से आए जनता जल कर्मियों को संबोधित करते हुए प्रदेश जनता जल योजना श्रमिक यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष प्रहलाद राय अग्रवाल ने कहा कि जनता जल योजना के कर्मचारी पिछले 10 वर्षों से नियमित करने के लिए सरकारों के खिलाफ आंदोलन करते आ रहे हैं, परन्तु दुर्भाग्य है कि जो भी सरकार रही वह सिर्फ कर्मचारियों को आश्वासन देती रही। पिछले दिनों 13 मार्च को मुख्यमंत्री ने जनता जल योजना से जुड़े हुए कर्मचारियों को पंचायत राज से हटाकर जलदाय विभाग के अधीन करने के आदेश दिये थे। साथ ही जनताजल योजना श्रमिकों को जलदाय विभाग मे समायोजित करते हुए स्थाईकरण करवाने की घोषणा की थी। लेकिन बड़ी विडंबना है कि मुख्यमंत्री के निर्देश के बावजूद भी आज तक उन्हें स्थाई नहीं किया गया। कर्मचारी नेता गजेंद्र सिंह राठौड़ ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार हमारी बात नहीं मानती है तो सीएम हाउस कूच किया जाएगा। इस दौरान जलदाय मंत्री डॉक्टर महेश जोशी धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री व अधिकारियों से बात कर समाधान का आश्वासन दिया।

# साढ़े 47 किलो गांजे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

## आगरा से गांजा लाकर जयपुर और आसपास के क्षेत्र में बेचते थे आरोपी

**जयपुर** (कासं)। जिला दक्षिण की डीएसटी व मुहाना थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर दो तस्करों को गिरफ्तार कर 47.5 किलो गांजा बरामद किया। अब फरार 4 तस्करों को तलाशा जा रहा है।

पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी कुशाल सिंह पुत्र धर्मवीर सिंह (21), बादल पुत्र आजाद खान (20) निवासी गणेश विहार कॉलोनी बोहरो का बास, नेवटा रोड मुहाना है। बादल मूलत आगरा उत्तरप्रदेश का रहने वाला है और कुशाल सिंह के पास दस हजार रुपए महिने में नौकरी करता है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से 47.5 किलो गांजा बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक आरापी आगरा से गांजा लाकर जयपुर व आसपास के इलाके में सप्लाई करते है। दोनों आरोपी गांजे की एक-एक किलो के पैकिट बनाकर मटरु सांसी, कमना सांसी व नगीना सांसी को देने वाले थे। पुलिस अब फरार आरोपी धर्मवीर सिंह पुत्र परसादी लाल सांसी निवासी गणेश विहार कॉलोनी बोहरो का बास, नेवटा रोड, मटरु सांसी पुत्र जगदीश सांसी निवासी पावर हाउस के पीछे सांसी बस्ती मदरामपुरा, कमला पत्नी सुरेश सांसी निवासी कमला नेहरु नगर और नगीना पत्नी भगवान सांसी निवासी मदरामपुरा को तलाश रही है। आरोपी कुशाल सिंह, धर्मवीर सिंह व नगीना सांसी के खिलाफ पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट के मामले दर्ज है। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

# चार बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर** । "मिशन सतर्क जयपुर : सुरक्षित जयपुर" के तहत निर्भया स्क्वॉड टीम ने डयूटी करते हुए 4 लोगों को गिरफ्तार करवाया है। वहीं 45 जनों को समझाइश की और 13750 महिलाओं व बालिकओं को जागरूक किया गया। यह अभियान पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ के निर्देशन में चलाया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक मां व भतीजी को अपशब्द बोलकर उनके साथ मारपीट करने वाले विजय कृष्ण पुत्र सुरेश चंद निवासी मकान जेडीए क्वाटर नारदपुरा को आमेर थाने में गिरफ्तार करवाया। पत्नी के साथ मारपीट करने वाले पति को निर्भया ने शनि देव पुत्र उचित सिंह निवासी बलोची नगर ए बैनाड रोड को हरमाडा में गिरफ्तार करवाया। बस में महिलाओं के साथ बदतमीजी करने वाले कंडक्टर रवि पुत्र मुन्नाराम निवासी इस्माइलपुर बगड झुंझुनूं को बनीपार्क में गिरफ्तार करवाया। बहन के साथ झगडा कर मारपीट करने वाले नशेडी भाई को निर्भया ने राहुल पुत्र बाबूलाल निवासी नींदड मोड कच्ची बस्ती को दबोचा।

## सार-समाचार

### रोटरी क्लब का दल नेपाल रवाना



**जयपुर**, (का.सं.)। रोटरी क्लब जयपुर रॉयल का 44 सदस्यीय दल सात दिवसीय यात्रा पर नेपाल रवाना हुआ। इस दौरे का मक़सद विश्व शांति के संदेश का प्रसार करना और फैलोशिप को मूर्त रूप देना है। पीडीजी डॉ. अशोक गुप्ता ने झंडी दिखाकर दल को रवाना किया और सफल यात्रा की शुभकामना दी। यात्रा की व्यवस्थाओं के लिए पहले से नेपाल पहुंचे क्लब अध्यक्ष बिष्णु बिरला और बोर्ड मेंबर मनोज काल्या ने रोटरी क्लब नेपाल की बैठक में यात्रा के दौरान होने वाले कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया। साझा वैश्विक अनुदान परियोजना पर वार्ता के साथ ही क्लब के ध्वज का आदान-प्रदान किया गया। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य भारत और नेपाल के बीच सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ाना देना है। दल के सदस्य नेपाल के पौराणिक महत्व के स्थानों का भ्रमण भी करेंगे।

### अपूर्वा को ब्रिटिश गुरुकुल फैलोशिप



**जयपुर**, (का.सं.)। जयपुर की अपूर्वा बापना को ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में ब्रिटिश सरकार के प्रतिष्ठित शेवनिंग गुरुकुल फेलोशिप के लिए चुना गया है। "नेतृत्त्व और उत्कृष्ठता" विषय पर 10 सप्ताह की यह फेलोशिप भारत के लिए यूके विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय का फ्लैगशिप कार्यक्रम है। गत 25 वर्षों से अधिक समय से चल रही इस फेलोशिप के लिए भारत के सरकारी, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र, नागरिक, समाज, मीडिया, न्यायपालिका और शिक्षा जगत के विभिन्न विशेषज्ञों को हर साल चुना जाता है। वैश्विक मार्केटिंग व कम्यूनिकेशन संस्थान की भारत मे चीफ कल्चरल ओफिसर अपूर्वा बापना मीडिया, विज्ञापन, दूरसंचार, मनोरंजन और सामाजिक विकास के क्षेत्र में 2 दशकों से काम कर रही है।

### सरस निकुंज में बधाई गान-उछाल

**जयपुर** । आचार्य पीठ श्री सरस निकुंज में सोमवार को पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी महाराज के सान्निध्य में आचार्य महाप्रभु श्याम चरण महाराज का 321 वां जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि ठाकुर श्री राधा सरस बिहारी सरकार वेदोक्त मंत्रोच्चार से अभिषेक के बाद आचार्य महाप्रभु श्याम चरण महाराज के चित्रपट का पूजन किया गया। पुष्प श्रृंगार दर्शन की झांकी सजाई गई। शाम को वैष्णव श्रद्धालुओं ने आचार्य महिमा, विनय की पदावलियों का गायन किया। बधाइगान पर नृत्य और उछाल की जुगलबंदी हुई। पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी महाराज ने भक्तों पर फल, मेवा, फलों की उछाल की।

### सुनील शर्मा को मिली पीएचडी उपाधि



**जयपुर** (कासं)। गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी सुनील कुमार शर्मा को पत्रकारिता एवम् जनसंचार विभाग मणिपाल विश्वविद्यालय से पीएचडी की उपाधि प्राप्त हुई है। उल्लेखनीय है कि शर्मा ने "असेसिंग द रोल ऑफ लीडिंग प्रिंट मीडिया हाउसेज ऑफ राजस्थान इन क्रिएटिंग अवेयरनेस ऑन सोशल इश्यूज" विषय पर अपना शोध कार्य संपन्न किया है। उन्होंने यह शोध कार्य गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुभाष कुमार के निर्देशन में पूर्ण किया है।

### पडौसी ने किया युवती से दुष्कर्म

**जयपुर** । झोटवाड़ा इलाके में पडौसी द्वारा युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी ने युवती को घर में अकेला देखा तो जबरन अंदर घुस गया और उसके साथ जबरदस्ती की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर अश्लील वीडियो बना लिया। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ झोटवाड़ा थाने में एफआईआर दर्ज करवाई है। पुलिस ने बताया कि झोटवाड़ा निवासी 19 साल की युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। आरोप है कि पड़ोसी युवक पिछले 2 महीने से उसको परेशान कर रहा था। दोस्ती करने का दबाव बना रहा था। 10 दिन पहले वह घर पर अकेली थी। इसी दौरान आरोपी पडौसी जबरन घर में घुस आया। घर में घुसकर उसके साथ जबरदस्ती करने लगा। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर रेप किया। न्यूड वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी दी। जाते समय धमकाया किसी को बताया तो जान से मार दूंगा और कोई मेरा कुछ नहीं कर सकेगा। डरी-सहमी पीड़िता ने हिम्मत दिखाकर रविवार को थाने में पहुंची और आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया।

### शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

**जयपुर** । जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से दो चोरी की बाइक बरामद की गई है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व ज्ञानचंद यादव ने बताया कि जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर तुषार निवासी मालवीय नगर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही के आधार पर दो चोरी की बाइक बरामद की है। पुलिस आरोपित से गिरोह के अन्य साथियों के बारे में पूछताछ कर रही है।

### काले कपड़े पहनकर विरोध-प्रदर्शन



**जयपुर** । जयपुर राज्य सरकार की ओर से मंडल से एक हजार करोड़ रुपये लिये जाने के विरोध में आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ ने सोमवार को प्रदेश के सभी मण्डल वृत्त-स्वतंत्र खण्ड कार्यालयों पर काले कपडे पहनकर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया गया। संघ ने आव्हान किया है कि मण्डल अधिनियम 1970 में किसी भी विभाग अथवा संस्था को जबरन राशि दिए जाने का कोई प्रावधान नहीं है। उसके उपरान्त मंडल प्रशासन सरकार को राशि देने पर आमदा है। जिससे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। यदि सरकार नहीं मानी तो आंदोलन उग्र रूप से किया जायेगा। संघ के संयुक्त महामंत्री गोविन्द नाटाणी ने बताया कि राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने 15 सूत्रीय मांगों के समर्थन में की गई संघर्ष की घोषणा के अनुरूप कर्मचारी 23 सितम्बर तक प्रत्येक दिन काले कपडे पहनकर ही कार्यालय में उपस्थित होकर सरकार का विरोध करेंगे। साथ ही मण्डल बचाओ अभियान के लिये भी संघर्षरत रहेंगे।

### लड्डू प्रसादी वितरण आज पूरे दिन

**जयपुर** । श्री खोले के हनुमान मंदिर स्थित नृत्य गोपाल गणेश मंदिर में गणेशोत्सव पर भक्तों को सुबह से रात तक लड्डू प्रसादी का वितरण किया जाएगा। श्री नरवर आश्रम सेवा समिति के महामंत्री बृजमोहन शर्मा ने बताया कि गणेश चतुर्थी पर सुबह 5 बजे नृत्य गोपाल गणेश का अभिषेक किया जाएगा। नई पोशाक धारण कराकर श्रृंगार किया जाएगा। इसके बाद महाआरती होगी। मंदिर में आने वाले भक्तों को प्रसादी वितरित की जाएगी। सोमवार को गणेश जी को मेंहदी लगाई गई।



## International Square Dancing Month


Square dancing is a style of country dancing that typically includes four couples who face into the centre of a square, completing moves as they are announced by a caller. This type of dance has roots that can be traced back to 16th century England and 18th century France when cotillions and quadrilles were all the rage. As Europeans settled in the colonies, this fun activity of square dancing took on its own flair. Sometimes they even take place in barns. Anyone is welcome to wear cowboy boots!

#FESTIVITIES

# Mangal Murti Morya!

Create a harmonious and aesthetically pleasing environment that complements the spiritual significance of the festival







It's time to bring bappa home with our hearts filled with love and jubilation. And what better than decorating our homes, a cherished tradition that goes beyond aesthetics? Transforming your space into a beautiful and sacred haven not only adds festive charm but also creates a serene atmosphere for prayer during this much-awaited auspicious occasion.

To help you decorate your abode for Ganesh Chaturthi, we reached have shared some valuable ideas.

### For architecture

Entrance architecture: Consider adding temporary architectural elements like archways or decorative door frames at the entrance to your home. These can be adorned with flowers, leaves, or fabric.

Lighting effects: Integrate architectural lighting fixtures into your design, such as wall sconces, recessed lights, or pendant lights, to highlight the idol and create a sacred ambience. Use coloured LED lighting to add a festive touch.

Ganpati mandap: Create a dedicated space or temporary structure within your home for the Ganpati idol. You can use architectural elements like arches, pillars, or a canopy to define this space. Incorporate traditional architectural motifs or carvings into the design. Architectural details: Pay attention to architectural details like mouldings, cornices, and trim work. Decorate these with garlands, fabric, or traditional motifs.

Ganpati mandap: Create a dedicated space or temporary structure within your home for the Ganpati idol. You can use architectural elements. Incorporate traditional architectural motifs or carvings into the design.

### For interior

Colour palette: Choose a colour palette that complements the festival. Reds, yellows, oranges, and greens can be dominant colours for upholstery, curtains, and decor items.

**Furniture layout:** Rearrange or modify the furniture layout to create a focal point around the Ganpati idol. Arrange seating to face the idol for prayers and rituals.

**Wall treatments:** Use textured or patterned wallpaper or wall decals with traditional designs to enhance the festive atmosphere. Temporary wall art or murals featuring Lord Ganesha can be a striking addition.

**Flooring:** Lay out traditional rugs, dhurries, or carpets with intricate designs to cover the floor in the prayer area. Create a rangoli design on the floor using coloured rice or flower petals.

**Furniture and décor:** Decorate the room with cushions and throw pillows featuring traditional patterns and colours. Use decorative figurines, brass or metal decor items, and ornate mirrors with religious or cultural significance.

**Window dressings:** Use curtains or drapes with Indian motifs, or choose sheer fabrics to allow natural light to filter in.

**Altar or puja space:** Design a puja space with a beautiful altar using intricate carvings, wooden panels, or decorative tiles. Place the Ganpati idol on a decorative pedestal or platform.

But that's not all! Here are some interesting decor ideas that will add the necessary warmth and liveliness in the atmosphere.

- From golden elephant decor pieces to colourful elephant-shaped candle holders, elephant-shaped motifs will add aesthetic appeal and also resonate with Lord Ganesha.
- Utilising leaf-shaped platters and trays to serve the traditional offering of modak not only pays homage to the significance of Ganesh Chaturthi, but also adds an extra layer of elegance to your celebration.

In conclusion, mainb=tain a balance between festive decor and the serenity required for prayers and rituals during Ganesh Chaturthi.

# Rimjhim Ke Tarane Leke...




ओ सजना, बरखा बहार आई
रस की फुहार लाई
अखियों में प्यार लाई
ओ सजना...

The filming of the song is so simple, there are only two actors in the song: Sadhna and the Rain! Sadhna looks refreshingly beautiful in a simple sari with a winsome smile. In the interlude of the song, she extends her hand to feel the pouring rain and you see her face suffused with happiness. Good visuals of the rain power the song: the rain pouring from the roof, dripping on plants and flowing on the path. The director has filmed it so lovingly and Sadhna's alluring appeal would have set many a heart aflutter in those times.



Dr. Pavan Shorey
*Vitreo retinal surgeon, author*

#MONSOON

Rains have again blessed us in Rajasthan after a breath holding gap. Time to be grateful and show it. But most of all rejoice in it, one way or the other, some just gaze at it others are more artistic about it, and everyone has a list of his/her personal favourite rain songs, the list below is what I think are all time great rain songs of Hindi Cinema. Rain has been used to portray romance, as a prop for dances, for dramatic moments in a film or used as a backdrop for action scenes. Rain songs are an integral part of Hindi and Regional cinema. A list of seven favourite songs are presented, highlighting the lyrics, music and the singer with the backdrop of the film in which they are sung.

### 1. O Sajna Barkha bahar aayi. Lata Mangeshkar
**Parakh 1960**

This song is arguably the queen of all rain songs of Hindi Cinema. Catchy lyrics by Shailendra are put to melodious music by the maestro, Salil Chaudhary. Lata, in her mellifluous voice, brings lot of emotion to it.

ओ सजना, बरखा बहार आई
रस की फुहार लाई
अखियों में प्यार लाई
ओ सजना...

The filming of the song is so simple, there are only two actors in the song: Sadhna and the Rain! Sadhna looks refreshingly beautiful in a simple sari with a winsome smile. In the interlude of the song, she extends her hand to feel the pouring rain and you see her face suffused with happiness. Good visuals of the rain power the song: the rain pouring from the roof, dripping on plants and flowing on the path. The director has filmed it so lovingly and Sadhna's alluring appeal would have set many a heart aflutter in those times.

### 2. Barso re Megha barso Shreya Ghoshal
**Guru 2007**

In recent times, it is one of the best rain songs filmed on an actor. The rhythmic, Na re na re na nan na re to the beat of A R Rehman's music gives a modern twist to traditional rain songs. Gulzar's lyrics are simple to keep the emphasis on the melody. Aishwarya Rai in, one of the finest dances of her career, lets herself lose in the rains, dancing like a girl possessed. Aishwarya outclasses herself in her exuberant dance. She is enjoying herself and it shows: she dances in the ramparts of a temple, swims in the temple pond and boats in a river, all in the falling rain. The melody, the lyrics and Aishwarya make this song an unforgettable experience.

### 3. Rimjhim ke tarane le ke aayi barsaat: Rafi and Geeta Dutt
**Kala Bazar 1957**

This is a song filmed in heavy rain in Mumbai. Waheeda Rehman and Devanand starred in this movie

रिमझिम के तराने ले के आई बरसात
याद आई किसी को वो पहली मुलाकात

The scene begins with a line of people with umbrellas over their heads in heavy rain, waiting for a taxi. The camera pans on Waheeda Rehman, looking exquisitely beautiful, and shifts to Devanand further in the line with a newspaper over his head. A taxi arrives, both approach it and are surprised to see each other. They are estranged lovers. Somebody else takes the taxi, Waheeda offers to take Dev under her umbrella. The couple walks silently, each reminiscing about their affair. Their moments together are shown in the background as a flashback. The whole picturisation of the song by Vijay Anand was unique in that the lead players were silent but their faces displayed their emotions towards each other.

### 4. Phirse aiyo badra bidesi: Asha Bhonsale
**Namkeen 1982**

A haunting melody by R D Burman, elegantly sung by Asha to the lyrics of Gulzar.

फिरसे आयो बदरा बिदेशी
तेरे पंखों मैं मोती जड़ूंगी...
तू जो रूक जाए मेरी अटरिया
मैं अटरिया पे झालर लगा दूं
बांधों ताबीज गले में
अपने ही हाथों से बिंदिया लगा दूं
कच्ची पुलिया से होक गुजरियो
कच्ची पुलिया के नारे मिलूंगी

Shabana Azmi plays a mute in this film but she writes poetry. This is her poem and she is filmed walking on the hillside with low flying clouds and pine trees. It is sheer poetry: the lyrics, the music and Shabana's expressions.

### 5. Barkha rani jara jam ke barso: Mukesh
**Sabak 1973**

A beautiful rain song in a forgettable film, sung by Mukesh to the tune of Usha Khanna and lyrics by Sawan Kumar.

बरखा रानी जरा जम कर बरसो
मेरा दिलबार जा ना पाये,
झूम कर बरसो
वो अभी लो आए हैं
यूं बरस बरसो बरस
ये उमर भर ना जाए रे

It starred Shatrugan Sinha and his wife Poonam. The filming of the song is very average. The song, itself, was an instant hit and is sung to this day.

### 6. Rimjhim gire sawan: Kishore/ Lata
**Manjil 1979**

This song celebrates the monsoon in Mumbai. There are two versions, one sung by Lata and the other sung by Kishore Kumar. The Lata version is used in the background as the lead pair frolics in the rain.

रिमझिम गिरे सावन
सुलग–सुलग जाएं मन
भीगी आज इस मौसम में
लागी कैसी ये लगन

It is filmed on Amitabh Bacchan and Maushmi Chatterji as they explore Mumbai in rains. They travel to Marine drive, Juhu beech, sit on a bench soaking the rain. The couple remembers the first kindling of love between them. The lyrics are by Yogesh and the music by R D Burman.

### 7. Ab ke baras bhejo Bhaiya ko babul: Asha Bhonsale
**Bandini 1963**

If melancholy can be associated with rain, it is in this song. It is infinitely sad, pulls at your heart strings and tears well up when you hear it. Such profound yet simple folk based lyrics by Shailendra, lyrics are put to music by S D Burman in such a manner that it evokes a yearning for Babul's house. Asha has put her soul into this song. It is a lament of a woman married away who pines to visit her father's place.

अब के बरस भेजो भाईयों को बाबुल
सावन में लीजो बुलाय रे...
अंम्बुआ तले फिर से झूले पड़ेंगे
रिमझिम पड़ेंगी फुहारें
लौटेंगी फिर तेरे आंगन में बाबुल
सावन की ठंडी बहारें
छलके नयन अब तो कैसे रे जियिरा
बचपन की जब याद आए रे

The song is filmed in a jail where a female inmate is singing the song while grinding wheat in a chakki. Nutan is sitting at a far distance in the frame. As the song progresses, all inmates stop in their paces and internalize the profound longing of a woman for her father's home. It is minimalist cinema, the focus is on the woman singing while grinding wheat, all others are in long shot. Bandini, the film is a Bimal Roy masterpiece. Nutan's superb portrayal of an inmate who has murdered a woman won her many awards. This song is a perennial favourite.

Asha Bhonsale in an interview said that she sobbed after the recording of the song was over. All musicians present there also had tears in their eyes. This is the magic of music. There are many other songs which celebrate monsoon in Hindi cinema, its romance with rains is a never ending journey.

*rajeshsharma1049@gmail.com*

INSIGHT

# Ganpati Bappa Morya!

Think Ganesh Chaturthi, and the beautiful Lord Ganesh idol comes to mind, the aroma of his favourite modak tickles our nostrils and excitement just fills the air.



Ganesh Chaturthi, one of the grandest festivals in India that reverberates divinity, celebrations and splendour. Think Ganesh Chaturthi, and the beautiful Lord Ganesh idol comes to mind, the aroma of his favourite modak tickles our nostrils and excitement just fills the air.

But we're here to tell you that Ganesh Chaturthi is not just a day of festivities in India. In fact, you can trace back its origin to India's fight for Independence. Lord Ganesha, the remover of obstacles is also revered outside India. Confused? Well, read on to know some really interesting facts about Ganesh Chaturthi that shall leave you awestruck.

### The First Ganesh Chaturthi Celebration

While many believe that Lord Ganesha's birthday, Ganesh Chaturthi was first celebrated when the Chalukya, Satavahana and Rashtrakuta dynasties ruled between 271 BC and 1190 AD. However, the first historical record of Ganesh Chaturthi celebration dates back to the era of Chhatrapati Shivaji Maharaj. Lord Ganesha was considered to be their Kuladevata or family deity.

Chhatrapati Shivaji Maharaj, the founder of the Maratha empire celebrated Ganesh Chaturthi with great fervour in Pune in the 1600s. Post this, the festival continued to be celebrated by the Peshwas.

### Public Celebrations

Lord Ganesha was a popular deity worshipped across India. And Ganesh Chaturthi remained a homely affair. In the year 1893, freedom fighter Bal GangadharTilak transformed the festival from a private celebration to a grand public event to unite India against the British. To curb mass gatherings, the British forbid Indians to meet in large groups unless its for religious purposes.

So for Ganesh Chaturthi, Tilak put out huge hoardings



of Lord Ganesha on pavilions in Mumbai. He even encouraged huge Ganpati statues and public celebrations.

Lord Ganesha, the removal of obstacles not only brought divinity to the Indian Independence struggle, but also inculcated a sense of patriotism in the people.


### Across The World

Lord Ganesha's divinity isn't just spread across India. In fact his blessings travel all the way across the boundaries of India to countries like Thailand, Cambodia, Japan and even Afghanistan to name a few. But his depiction differ from one region to other from the Indian avatar. The posture and weapons in his hand are quite different. China worships a deity called 'Kangi Ten'. They are two elephant-headed figures embracing each other. Lord Ganesha also makes an appearance in Indonesia's Rs. 20,000 currency note. Cambodia worships a God called 'PrahKenes'. Cambodian Ganesha images of the pre-Khmer period depict the Lord with wide-fan like ears, no neck, no-head dress and no-pot belly.

### Mumbai's Lalbaugcha Raja


Lalbaugcha Raja Mandal is one of the oldest mandals in India, set up in 1934 in the Peru Chawl locality. The chawl was shut in 1932. And the locals who were fishermen and vendors promised to get a Ganpati and set up in the place. The first-ever Lalbaugcha Raja was set up by fishermen. Kambli family in Mumbai design and create the Ganpati idols since 1935. Lalbaugcha Raja hosts the longest immersion or Visarjan procession in India. It starts all the way at 10 am in the morning and ends the next morning.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# 16 ग्राम पंचायतों को नव सृजित शाहपुरा जिले में शामिल करने का विरोध जारी

## माण्डलगढ़ की 16 ग्राम पंचायतों के ग्रमीणों का सरकार के प्रति फिर गुस्सा फूटा

**माण्डलगढ़,** (निसं)। माण्डलगढ़ की 16 ग्राम पंचायतों को भीलवाड़ा जिले से निकाल कर नव सृजित शाहपुरा जिले में शामिल करने के मामले में ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन फिर शुरू हो चुका है। तीन दिन में मांग नहीं मानी गई तो शुक्रवार से धरना प्रदर्शन और

- **मुख्यमंत्री के आश्वासन पर एक माह के धरने को किया गया था स्थगित**

आगामी विधानसभा चुनाव में वोट बहिष्कार की चेतावनी ग्रामीणों ने सरकार को दे डाली हैं।



माण्डलगढ की शाहपुरा जिले में जोड़ी गई16 ग्राम पंचायतों को वापस भीलवाड़ा जिले में लेने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन दिया।

सरपंच चंदा देवी प्रजापत ने बताया कि माण्डलगढ की 16 ग्राम पंचायतों को फिर से भीलवाड़ा जिले में शामिल करने की माँग को लेकर माण्डलगढ में सरपंच संघ और मानपुरा बचाओ संघर्ष समिति के नेतृत्व में ग्रामीणों ने गत दिनों उपखण्ड अधिकारी कार्यालय के बाहर एक माह तक धरना प्रदर्शन किया था।

इस दौरान मुख्यमंत्री, मंत्री के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी के दो प्रतिनिधियों ने 10 दिन में 17 सितंबर तक मांग पूरी करने का आश्वासन दे कर ग्रामीणों के धरने को स्थगित करा दिया था। एक पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी माण्डलगढ की 16 ग्राम पंचायतों को शाहपुरा जिले से हटाने का सरकार ने निर्णय नही किया हैं। इस मामले को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा और सोमवार को माण्डलगढ एसडीएम महेश गगोरिया के मार्फ़त मुख्यमंत्री को दिए गए ज्ञापन में चेतावनी दी हैं। ग्रामीणों ने बताया कि 20 सितंबर तक इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीण फिर से धरने पर बैठेंगे तथा आगामी विधानसभा चुनाव में वोटों का बहिष्कार किया जाएगा। ज्ञापन देने में मानपुरा सरपंच चंदा देवी प्रजापत, पूर्व सरपँच भेरूलाल गुर्जर, संघर्ष समिति अध्यक्ष महावीर पराशर, मोती लाल जाट, दिनेश पराशर, बालकिशन जाट, शंकर जाट, रतन लाल जाट गोपालपुरा, बालू भील नवलपुरा, श्याम सिंह नवलपुरा,मनीष जोशी, माहवीर पारीक, रामसुख कुमावत सहित कई ग्रामीण शामिल थे।

# गहने लेकर घर से भागी दुल्हन

**सुजानगढ़,** (निसं)। शादी के बाद गहने लेकर घर से भागने वाली दुल्हन के मामले में कोतवाली पुलिस ने शादी कराने वाले दलाल को आसाम से गिरफ्तार किया है। सीआई मुकुट बिहारी मीणा ने बताया कि कोतवाली थाने में 24 अप्रैल को लक्ष्मीनारायण पुत्र आत्माराम सोनी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि मेरा विवाह नहीं होने पर मेरे घर वाले शादी कराने के लिए प्रयासरत थे। इस दौरान पीडित की भाभी को रतनगढ में भरत पुजारी से मिली। जिसने एक लडकी की फोटो दिखाकर शादी करवाने की बात कही। भरत पुजारी पुत्र हनुमानमल निवासी रतनगढ ने उसको जेनिमा बाधोवार पुत्री जोसेफ से शादी करवाने का आश्वासन दिया था, जिसके बाद वे आसाम गए। जहां भरत पुजारी व जेनिमा के मामा संजय गोवाला, नवीन गोवाला आसाम के रंगिया में उनसे मिले और जेनिमा के पक्ष में 2 लाख पचास हजार की एफडी बनाने पर शादी करने की सहमति जताई।

इसके बाद अलग अलग समय पर भरत और जेनिमा के दोनों मामा ने उनसे 2 लाख 39 हजार रुपए ऐंठ लिए। उन्होंने इस रकम में से जेनिमा के पक्ष में डेढ लाख रुपए की एफडी करवाकर भिजवाने का वादा किया, जिसके बाद 6 अप्रैल को रतनगढ में उसकी जेनिमा से शादी करवा दी। कुछ दिन उसके साथ रहने के बाद 23 अप्रैल को जब वह जोधपुर गया हुआ था तब जेनिमा सोने चांदी के गहने लेकर गायब हो गई। इसके बाद उसने लक्ष्मीनारायण सहित सभी परिवारजनों के नंबर ब्लैक लिस्ट कर दिए।

# तेज रफ्तार बस पलटी, हादसे में नौ यात्री घायल

## कोटा से जयपुर की ओर जा रही थी बस



राष्ट्रीय राजमार्ग गुंसी सड़क पर पलटी हुई बस।

**निवाई,** (निसं)। राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर गुंसी पुलिस चौकी के सामने सोमवार सुबह करीब पांच बजे कोटा से जयपुर की ओर जा रही ओवरस्पीड बस पलट गई। इस दुर्घटना में बस में सवार नौ यात्री घायल हो गए। सभी घायलों को 108 एंबुलेंस की सहायता से निवाई के राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया।

सदर थाना प्रभारी जगदीश प्रसाद मीणा ने बताया कि सवारियों से भरी एक बस इकलेरा झालावाड़ से जयपुर की ओर जा रही थी। इसी दौरान सुबह करीब पांच बजे गुंसी पुलिस चौकी के सामने ओवरस्पीड बस अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर पर चढ़कर पलट गई। बस के पलटने से सावरियों में चीख पुकार मच गई और वो मदद के लिए चिल्लाने लगे। उन्होंने बताया कि घटनास्नाथअल से कुछ ही दूरी पर पुलिस ने नाकाबंदी कर रखी थी तो ज्यों ही इन्हें सवारियों की चीख पुकार सुनी तो बस की ओर दौड़े। बस का आगे का एक शीशा तोड़कर सभी यात्रियों को बाहर निकाला। बस के पलटने की जानकारी मिलने पर डिप्टी महावीरसिंह शेखावत एवं सदर थाना प्रभारी जगदीशप्रसाद मीणा जवानों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और 108 एवम हाइवे एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय निवाई भर्ती करवाया। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में आशा पत्नी रामबाबू गुप्ता निवासी आगरा रोड जयपुर, काजल पुत्री रामबाबू गुप्ता निवासी जयपुर, यजब पुत्र रामबाबू गुप्ता निवासी जयपुर, यश पुत्र राजकुमार सांखला कोटा, ललित शर्मा पुत्र गोकुल नारायण निवासी झोटवाड़ा जयपुर, गौरव शर्मा पुत्र आनंद शर्मा निवासी कोटा, भगवती पत्नी बजरंग माली निवासी झालावाड़ एवं इसके पुत्र राहुल एवं रवि घायल हो गए। बस के पलटने के बाद चालक मौके से फरार हो गया। बस के बीच सडक़ मार्ग पर पलट जाने से पुलिस ने वन वे चालू करवाकर यातायात चालू रखा। करीब 2 घंटे बाद दो क्रेनो की सहायता से बस को सडक़ मार्ग से हटाकर पुलिस ने यातायात सुचारू करवाया।

# देवर के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज

**धौलपुर,** (निसं)। धौलपुर जिले की एक महिला ने अपने ही देवर के खिलाफ महिला थाना धौलपुर में दुष्कर्म करने का मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित महिला ने रिपोर्ट में बताया है कि वह पेट में पथरी के दर्द से परेशान थी।

जिस पर उसने अपने ससुर और पति से डॉक्टर से दिखाने के लिए कहा। पति ने बीमार होने की कहते हुए अपने बुआ के लड़के के साथ 16 सितंबर को उसे बाइक से धौलपुर भेज दिया। जहां मिलिट्री स्कूल धौलपुर के पास स्थित काले पहाड़ की परिक्रमा करने के दौरान रास्ते में देवर ने उसके साथ दुष्कर्म किया। वारदात के बाद आरोपी ने उसके मोबाइल से सारे नंबर डिलीट कर दिए और घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। महिला थाना प्रभारी छवि फौजदार ने बताया कि महिला की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

# प्रेमी-प्रेमिका के शव फंदे पर लटके मिले

**धौलपुर,** (निसं)। राजाखेड़ा शहरी क्षेत्र में सोमवार सुबह एक प्रेमी जोड़े का शव एक दुकान के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर लटका मिला, जिससे आसपास के इलाके में सनसनी फैल गयी।

मामले की सूचना पर राजाखेड़ा थानाधिकारी रामखिलाड़ी मीणा के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर पहुँचा, जहाँ एकजुट हुई भारी भीड़ पर नियंत्रण पाकर पुलिस ने बन्द शटर को खुलवाया। जिसमें एक महिला और पुरूष एक ही फंदे पर लटके मिले। पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लिया और राजाखेड़ा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। वहीं इस मामले को लेकर एडिशनल एसपी ओमप्रकाश मीणा धौलपुर से राजाखेड़ा पहुँचे, जहाँ उन्होंने मामले की जानकारी और प्रथम दृष्टया इस मामले को आत्महत्या का बताया। मामले में मृतक युवक के पिता अर्जुन सिंह निवासी खुडिला राजाखेड़ा ने तहरीर देते हुए बताया कि मेरा पुत्र कन्हैया उर्फ श्रीकृष्ण राजाखेड़ा में डी जे की दुकान पर कार्य करता था। 16 सितंबर को सुबह 10 बजे घर से रोजाना की तरह काम पर निकला था। लेकिन शाम को जब घर पर नहीं पहुंचा तो हमने उसे फोन पर संपर्क किया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। जब हमने दुकान पर जाकर देखा तो दुकान बंद मिली। जिसके बाद हमने अपने पुत्र को उसी दिन से रिश्तेदारी एवं उसके मित्रगण एवं आसपास तलाश ली। लेकिन मेरे पुत्र का कोई पता नहीं चला। सोमवार को 11 से 12 बजे के करीब शिव कुमार के मोबाइल द्वारा कॉल आया कि तुम्हारे पुत्र कन्हैया की चप्पल हमारे दुकान के अंदर पड़ी है। नीचे शटर में से देखा तो उसमें कन्हैया के होने का शक हुआ। जब पता चला कि उसका शव फंदे पर लटका है। जानकारी के अनुसार मृतक महिला आगरा जिले के रहलयी क्षेत्र की निवासी है। बताया जा रहा है कि दोनों में प्रेम संबंध थे।

# पारिवारिक विवाद में पति ने की पत्नी की हत्या

**छबड़ा,** (निसं)। क्षेत्र के गुगोर किले में वृद्ध महिला का शव मिलने की सूचना से सनसनी फैल गई। छीपा बड़ौद पुलिस ने किले में पहुंचकर महिला की परिजनों से शिनाख्त करवाई और छबड़ा चिकित्सालय में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने पत्नी के भाई की रिपोर्ट पर पति के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। छीपा बड़ौद थानाधिकारी कल्याण सिंह ने बताया कि फरीदा खानम निवासी छीपा बड़ौद का निकाह 17-18 वर्ष पूर्व अटरू निवासी मोहम्मद हसन के साथ हुआ था। पिछले सात-आठ वर्ष से पति-पत्नी के मध्य मन मुटाव होने से न्यायालय में भी प्रकरण विचाराधीन था। 15 सितंबर को मोहम्मद हसन ने अपनी पत्नी फरीदा खान को फोन कर के छबड़ा बुलाया। इस पर मृतका अपने घरवालों को अटरू जाने की बात कहकर छबड़ा आ गई। यहां पति ने न्यायालय में चल रहे प्रकरण में राजीनामे की बात कही और मृतका को ऑटो में बिठाकर गुगोर किले में ले गया और पति मोहम्मद हसन ने अपनी पत्नी फरीदा खानम की हत्या कर दी। पुलिस ने पति के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

# महिला ने लगाया दुष्कर्म का आरोप

**अजमेर,** (कासं)। अलवर गेट थाना क्षेत्र में रहने वाली इवेंट ऑर्गेनाइजर करने वाली युवती के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। अलवर गेट थाना पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र में रहने वाली एक 23 वर्षीय युवती ने थाने में लिखित शिकायत देते दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया है। दर्ज शिकायत में पीड़ित युवती ने बताया कि वह शादियों पार्टी में इवेंट आर्गेनाइजर का काम करती है। करीब एक साल पहले सोशल मीडिया के जरिए रवि नाम के व्यक्ति से उसकी जान पहचान हुई थी। आरोपी ने उसे कहा कि उसकी शादी है उसके लिए कैटरिंग व स्टाफ की जरूरत पड़ेगी इसके बाद आरोपी ने उसका नंबर ले लिया।

उसके बाद आरोपी उसे व्हाट्सएप पर कॉल कर शादी में कैटरिंग व स्टाफ की व्यवस्था करवाने की बात करते हुए पीड़िता को अपने जाल में फंसा लिया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी के द्वारा उसे अजमेर में शादी समारोह स्थल देखने के लिए बुलाया गया। जब वह अजमेर पहुंची और बाद में मोटरसाइकिल पर बैठकर शादी समारोह स्थल दिखाने के लिए ले गया। पीड़िता ने बताया कि आरोपी शादी समारोह स्थल दिखाने के बाद उसे अपने फार्म हाउस पर बने कमरे में ले गया, जहां उसे कुछ पीने के लिए दिया, जिसके बाद वह बेहोश हो गई। पीड़िता ने बताया कि बेहोशी में आरोपी के द्वारा उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए गए। जब वह होश में आई तो आरोपी ने उसे धमकी दी कि अगर उसने यह बात किसी से कहीं तो वह उसकी अश्लील वीडियो को वायरल कर देगा। पुलिस उपाधीक्षक रामचंद्र चौधरी ने कहा कि मामले में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी श्याम सिंह चरण के द्वारा जांच किए जा रही है।

# आमरण अनशन पर बैठे चौपदार




उदयपुर। सामाजिक कार्यकर्ता युनुस चौपदार टीएडी आयुक्त कार्यालय पर अनशन पर बैठ गये हैं। चौपदार ने टीएडी व स्वच्छ परियोजना पर घोटालों के आरोप लगाये थे। विगत 14 महीनों में कई घोटालों का खुलासा किया। सभी मामलों में टीएडी में जांच जारी है लेकिन आज तक कोई भी जांच पूरी नहीं हुई। इस मामले में चौपदार ने मंत्री बामणिया व पूर्व आयुक्त राजेंद्र भट्ट की मिलीभगत के आरोप लगाये थे। अब कार्यवाही की मांग को लेकर चौपदार आमरण अनशन पर बैठे हैं।

# फसलें खराब, मुआवजा मांगा

**बालोतरा,** (निसं)। बालोतरा जिले के मंडली गांव के किसानों ने मुआवजे की मांग को लेकर सोमवार को कृषि मंत्री व मुख्यमंत्री के नाम से तहसीलदार ओम अमृत को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीण नाथू सिंह भाटी ने बताया कि कल्याणपुर तहसील क्षेत्र मण्डली के गांवों में आस पास गांवों में हुई बरसात से किसानों के खेतों में पक्की हुई और कटी हुई फसल बारिश में भीगकर खराब हो चुकी है। खरीफ 2023 में बिपरजॉय तूफान में हुई अच्छी बरसात से इस बार लोगों ने बंपर बुवाई की, लेकिन निराई गुडाई के लंबे समय से बरसात नहीं हुई। जिससे इस साल उपज भी कम हुई, लेकिन अचानक आई बरसात से किसानों के अरमानों पर पानी फिर गया। अधिकतर किसान फसल बीमा करवाते हैं, लेकिन काफी किसान बीमा से भी वंचित है। विभाग कंपनी की प्रतिनिधि अभी तक फसल खराबी का सर्वे करने भी नहीं पहुंचे हैं। कंपनी के टोल फ्री नंबर पर कॉल नहीं हो पा रहा है। किसानों ने चेतावनी देते हो कहा कि समय रहते हमारे फसल खराबी का मुआवजा नहीं मिला तो समस्त किसान बडे स्तर पर आंदोलन करेंगे।

# मोबाइल नहीं मिलने पर सरकार व मंत्री जूली के खिलाफ नारेबाजी



मोबाइल नहीं मिलने पर चांदोली ग्राम पंचायत की महिलायें एवं छात्राएं उग्र हो गई।

**अलवर,** (निसं)। राजस्थान सरकार की मुफ्त मोबाइल योजना आखिर सरकार के लिए सिरदर्द बन कर उभर रही है। जिन महिलाओं के वोट बैंक को हासिल करने के लिए मुख्यमंत्री गहलोत इतने आशान्वित थे वही आशा अब सरकार के लिए निराशा में बदलने वाली है। क्योंकि इसके उदाहरण अब सामने आने लग गए हैं। महिलाएं सरकार व केबीनेट मंत्री के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सरकार की सारी मंशाओं पर पानी फेर रही हैं।

सोमवार को उमरेण पंचायत समिति में चांदोली ग्राम पंचायत की मेव समाज की महिलाएं अपना मोबाईल लेने पहुंची । लेकिन मोबाईल नहीं मिलने पर विधवा महिलाएं और छात्राएं उग्र हो गई और उन्होंने केबीनेट मंत्री टीकाराम जूली और राजस्थान सरकार मुर्दाबाद के जमकर नारे लगाते हुए सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही केबीनेट मंत्री को चेतावनी दी कि जो सरकार जनता को गुमराह कर रही है उसे हम सबक सिखा कर रहेंगी। वहीं अभी तो सरकार इन्ही का गुस्सा झेल रही है अगर समय अवधि में प्रदेश की सभी महिलाओं को मोबाईल फोन नहीं मिले तो सरकार जिन महिलाओं के वोट पर रिपीट होने की सोच रही थी वही महिलाएं सरकार को डिलिट करने में देर नहीं लगाएगी।

# नम आंखों से ग्रामीणों ने शहीद जवान को दी अंतिम विदाई

## भारतीय सेना की ओर से शहीद को गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ तहसील के गांव लंबोर बडी निवासी भारतीय सेना के 28 वर्षीय शहीद जवान हवलदार योगेश जणावा का पार्थिव शरीर राष्ट्रीय ध्वज में लिपटा हुआ सोमवार को दोपहर बाद 3.30 बजे सादुलपुर शहीद स्मारक पहुँचा।

देर शाम को सैनिक सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गाँव में कर दिया गया। वहीं मोटरसाइकिल पर सवार सैकडो युवाओं ने हाथों में तिरंगा लेकर तिरंगा यात्रा निकालकर देश भक्ति का माहौल बना दिया। इसी दौरान भारतीय सेना के ट्रक में रखे शहीद के पार्थिव शरीर और सेना के अधिकारी आगे चल रहे थे। तथा काफिला इतना बडा था कि गांव से लेकर सादुलपुर तक सडक़ पर भीड़ उमड़ी रही। युवाओं और लोगों के जोश को देखकर सेना के अधिकारियों की भी आंखें नम हो गई थी। वहीं लम्बोर बडी गांव में गत दो दिनों से शोक की लहर छाई हुई है। इसी बीच जैसे ही शहीद योगेश जणावा का पार्थिव शरीर घर पहुंचा तो घर में कोहराम मच गया।



शहीद की अंतिम शव यात्रा निकालते सेना के जवान व ग्रामीण।

शहीद की बहन बबीता का रो-रो कर हाल बुरा था। वहीं शहीद की पत्नी बेसुध हो गई। जिसे सादुलपुर विधायक पदमश्री डॉ कृष्णा पूनियां ने संभाला। वहीं माता-पिता का हाल बेहाल था। गांव की महिलाएं सात्वना दे रही थी। हांलाकि गाँव के प्रमुख लोग शहीद के पिता पृथ्वी सिंह को संभाल रहे थे। वहीं रस्म परंपराओं का निर्वहन करते समय शहीद के 04 वर्षीय पुत्र हरदीप तथा 09 माह की नवजात पुत्री निशा अपने पिता तथा पत्नी सुदेश अपने पति के अंतिम दर्शन के लिए आए तो उपस्थित लोगों की आँखे नम हो गई। वहीं अंतिम यात्रा प्रारंभ होने से पहले भारतीय सेवा के जवानों ने शहीद को सलामी दी। तथा पार्थिव शरीर से तिरंगा उतार कर सेना अधिकारी को सुपर्द किया गया। अंतिम शव यात्रा में गाँव का हर व्यक्ति सहित आसपास के गाँव के हजारों ग्रामीणों उपस्थित थे। अंतिम यात्रा जैसे ही रवाना हुई तो समूचा गाँव भारत जिंदाबाद तथा शहीद योगेश जणावा अमर रहे के नारों से गूंज उठा। वहीं अंतिम संस्कार से पूर्व भारतीय सेना की ओर से मातमी धुन बजाकर शहीद को गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया गया। तथा 7 हवाई राउंड गोलियां चलाकर एवं शस्त्र उल्टा कर शहीद को अंतिम सलामी दी गई। शहीद को मुखाग्नि शहीद के 4 वर्षीय पुत्र हरदीप ने दी। इस अवसर पर प्रतिपक्ष उप नेता राजेंद्र राठौड़, सडक़ परिवहन मंत्री विजेंद्र ओला सहित सादुलपुर विधायक डॉ. कृष्णा पूनिया, पूर्व विधायक कमला कस्वा, पूर्व विधायक मनोज न्यांगली, पूर्व प्रधान निर्मला सिंघल, भाजपा जिला अध्यक्ष हरलाल सहारण, भाजपा नेता प्रो. दिलीप सिंह पूनिया, भाजपा विधि प्रकोष्ठ के संयोजक ओमप्रकाश खीचड़, सरपंच प्रतिनिधि जोगेंद्र सिंह फगेडिय़ा, सूबेदार काशीराम आदि ने भी शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# धरना-प्रदर्शन में शामिल हुये भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां

**जयपुर।** नागौर के नावां में भाजपा नेता व व्यवसायी जयपाल पूनिया हत्याकांड की सीबीआई जांच को लेकर धरना-प्रदर्शन में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां शामिल हुये ।

- **भाजपा नेता व व्यवसायी जयपाल पूनिया हत्याकांड की सीबीआई जांच को लेकर किया धरना-प्रदर्शन**

डॉ. पूनियां ने धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि, राजस्थान में रोज औसतन 07 हत्या होती हैं, 18 दुष्कर्म, अब तक 7 लाख मुकदमे राजस्थान की धरती पर दर्ज हो गए। जब तक जमीन में गर्मी पैदा नहीं करोगे तक तक जयपाल पूनिया जैसे लोगों को न्याय नहीं मिलेगा। आपने कांग्रेस सरकार के खिलाफ इतनी मजबूती के साथ इस धरने की शुरूआत की है, कई बार राख जब चिंगारी बनती है तो उसमें सत्ता का तानाशाही सिंहासन भी जल कर राख हो जाता है। हरीश कुमावत का अभिवादन करता हूं कि आपने अनिश्चितकाल धरने की घोषणा की है, मैं आपको भरोसे के साथ कह सकता हूं कि हरीश का पसीना इस सरकार के ताबूत में अंतिम कील साबित होगा, इस शुरूआत में आगाज का अंजाम भाजपा का कार्यकर्ता लिखेगा, इस सरकार के 40 साल का लेखा-झोखा करेंगे तो और यदि मैं एक एक घटना का उल्लेख करूं तो आपके मन में आक्रोश व सहानुभूति पैदा होगी। एक तो अपराधी होता है, एक अपराध का षडयंत्र करने वाला होता है और एक अपराध को चुपचाप देखने वाला होता है, दोषी सब हैं, लेकिन में पूछता हूं कि जिन्होंने जनघोषणा पत्र में राजस्थान की आवाम, जनता को यह कहा था कि हमारी सरकार आयेगी तो हम सुरक्षा देंगे, पूछता हूँ कि कि राजस्थान का गृहमंत्री मौन क्यों है, मौन इसलिए है वो जयपाल सरीखे कितने ही लोगों की हत्या का जिम्मेदार है, जन सुरक्षा देने में पूरी तरह विफल हैं। जिन किसानों की कर्जामाफी का वादा किया था, ऐसे 60 लाख किसान, 1 लाख 20 हजार करोड़ का कर्जामाफी का इंतजार कर रहे हैं। जयपाल को तो बदमाशों ने मारा लेकिन श्रीगंगानगर के रायसिंहनगर में ठाकरी गांव का सोहनलाल कडेल जिसने आत्महत्या करते हुए लाइव वीडियो जारी कर कहा कांग्रेस सरकार के छलावे के कारण आत्महत्या कर रहा हूं, जिसके जिम्मेदार राजस्थान के मुख्यमंत्री हैं। इसकी चर्चा हम सड़क से सदन तक करते हैं। राजस्थान के 9 हजार किसान जिनकी जमीनें नीलाम हो गई, दर्जनों किसानों ने आत्महत्या कर ली। एम्बुलेंस के बाहर एक पीड़िता रोटी मांग रही थी, रोटी नहीं मिली और उसकी अस्मत लूट ली गई। एक वर्ष में राजस्थान में 6 हजार 337 बहन बेटियां इसी गृहमंत्री से मुख्यमंत्री से जवाब मांगती हैं।

डॉ. राममनोहर लोहिया कहते थे कि जिंदा कौमें 5 साल इंतजार नहीं करती है, पांच साल में तो राज बदलता है, लेकिन जब इकबाल व भरोसा खत्म हो जाए, आपने थाने के बाहर एक लाइन लिखी देखी होगी आमजन में विश्वास और अपराधियों में डर, लेकिन नावां के जयपाल की दिनदहाड़े हत्या ये क्या साबित करती है कि अपराधियों को पूरा भरोसा है और आम जनता इतनी भयभीत है कि किसी पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए घर से बाहर निकलने में भी डर है। उसको डरा दिया जाता है, उसको मजबूर किया जाता है, लेकिन मजबूरी ज्यादा दिन नहीं चलती। भारत का सबसे शांत प्रदेश और दुनिया घूमने वाला हर तीसरा पर्यटक राजस्थान इसलिए आता है कि यहां शांति, सुरक्षा, सदभाव है, लेकिन इस सबको बिगाड़ने व नजर लगाने का गैर जिम्मेदार कोई है तो वो मुख्यमंत्री हैं।



मेरा मानना है कि ऋषभ ने दुनिया भर के विकेटकीपर बल्लेबाजों को अपनी तरह खेलने के लिए प्रेरित किया। यह रोमांचक है कि ऋषभ जैसे युवा खिलाड़ी में इतना प्रभाव छोड़ा। अन्य खिलाड़ियों ने उनका अनुकरण किया और उनकी तरह सकारात्मक रवैये के साथ खेलना शुरू किया।

एडम गिलक्रिस्ट, पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर, ऋषभ पंत के बारे में।

# खेल जगत



**आज का खिलाड़ी ▶**

## टिम साउदी



**न्यूजीलैंड** के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा है कि तेज गेंदबाज टिम साउदी को भारत में अगले महीने होने वाले विश्व कप से पहले अपनी फिटनेस साबित करने का पूरा मौका दिया जायेगा। इंग्लैंड के खिलाफ चौथे वनडे के दौरान एक कैच लपकते समय साउदी के दाहिने अंगूठे की हड्डी टूट गई थी। स्टीड ने कहा कि विशेषज्ञों से राय लेकर उनके बारे में फैसला लिया जायेगा। उन्होंने कहा ,“ तब तक हम विश्व कप को लेकर फैसला नहीं ले सकते। हमें समय सीमा को समझना होगा और जानकारी मिलने के बाद ही हम कोई फैसला लेंगे।

**क्या आप जानते हैं ?...** गोल्फ एकमात्र ऐसा खेल है जिसे चांद पर भी खेला गया है। 6 फरवरी, 1971 को एलन शेफर्ड नामक अंतरिक्ष यात्री ने चन्द्रमा पर गोल्फ के दो स्ट्रोक खेले।

## विश्व कप से पहले शीर्ष वनडे टीम रैंकिंग की होड़ हुई तेज

दुबई, 18 सितंबर। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) पुरुष क्रिकेट विश्व कप की शुरुआत से पहले नंबर एक वनडे टीम बनने की होड़ अगले कुछ दिनों में तेजी आयेगी। एशिया कप हालांकि समाप्त हो गया है। पाकिस्तान एशिया कप 2023 में जल्दी बाहर होने और फाइनल में श्रीलंका पर भारत की प्रचंड जीत के बावजूद नंबर 1 स्थान पर कायम है। दक्षिण अफ्रीका से सीरीज हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने भी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने का मौका गंवा दिया। ऑस्ट्रेलियाई टीम श्रृंखला में 2-0 से आगे थी, इससे पहले मेजबान टीम ने जबरदस्त वापसी की और लगातार तीन मैच जीतकर रविवार को श्रृंखला जीत ली। आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि फाइनल से पहले बंगलादेश से हार से भारत की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने की संभावना कम हुई और यहां तक कि श्रीलंका के खिलाफ सिर्फ छह ओवर में मिली रिकॉर्ड-तोड़ जीत भी भारतीय टीम को शीर्ष पर नहीं पहुंचा सकी।

## विश्व कप जीत सकता है भारत : कपिल देव

नयी दिल्ली, 18 सितंबर। भारत के पूर्व कप्तान कपिल देव का मानना है कि भारतीय टीम अपनी धरती पर वनडे विश्व कप जीत सकती है लेकिन उन्होंने कहा कि प्रबल दावेदार का ठप्पा लगाना सही नहीं है क्योंकि बहुत कुछ तकदीर पर निर्भर करेगा। कपिल ने कहा ,“ अगर हम शीर्ष चार में आ गए तो यह महत्वपूर्ण होगा। इसके बाद से किस्मत की बात है।” उन्होंने जम्मू तवी गोल्फ कोर्स पर चार से सात अक्टूबर तक होने वाले जे एंड के ओपन के तीसरे सत्र के लांच से इतर कहा ,‘ हम अभी नहीं कह सकते कि हम प्रबल दावेदार है। हमारी टीम अच्छी है। दिल कुछ कहता है और दिमाग कहता है कि अभी काफी मेहनत करनी होगी। मैं अपनी टीम को जानता हूं लेकिन दूसरी टीमों को नहीं जानता। ऐसे में जवाब देना गलत होगा।”

## रोहित की उम्मीद, विश्वकप के लिये उपलब्ध होंगे अक्षर व श्रेयस

कोलंबो, 18 सितंबर। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को उम्मीद है कि क्रिकेट विश्व कप 2023 से पहले अक्षर पटेल और श्रेयस अय्यर चोट की समस्या से उबर कर पूरी तरह स्वस्थ हो जायेंगे। रोहित शर्मा ने कहा कि उन्हे भरोसा है कि टूर्नामेंट से पहले टीम पूरी तरह स्वस्थ होगी, अक्षर पटेल और श्रेयस अय्यर आठ अक्टूबर के शुरुआती मुकाबले से पहले पूरी तरह फिट हो जायेंगे। कलाई की चोट और बाएं क्वाड्रिसेप में मामूली चोट के कारण अक्षर एशिया कप के फाइनल के लिये उपलब्ध नहीं हो सके थे।

## ऑस्ट्रेलिया सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान

# रोहित-विराट को आराम, केएल राहुल कप्तान

नई दिल्ली, 18 सितम्बर। वर्ल्ड कप से पहले अब भारतीय टीम के पास सिर्फ तीन वनडे मुकाबले ही बचे हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 22 सितंबर से शुरू होने वाली इसी घरेलू सीरीज के लिए आज भारतीय दल की घोषणा कर दी गई। कप्तान रोहित शर्मा के साथ सिलेक्शन कमेटी के हेड अजीत अगरकर ने वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए भारतीय टीम का ऐलान किया। शुरुआती दो वनडे के लिए अलग टीम चुनी गई है, जिसमें कई सीनियर प्लेयर्स को आराम दिया गया है और कप्तानी केएल राहुल करेंगे जबकि आखिरी वनडे में सीनियर प्लेयर्स की वापसी हुई है।

**पहला वनडे**
22 सितंबर : मोहाली

**दूसरा वनडे**
24 सितंबर : इंदौर

**तीसरा वनडे**
27 सितंबर : राजकोट

**आखिरी वनडे के लिए भारत का स्क्वॉड:** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या, (उप-कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, केएल राहुल (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), रविंद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, आर अश्विन, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज

**ऑस्ट्रेलिया :** इस बीच, ऑस्ट्रेलिया ने इस वनडे सीरीज के लिए पहले ही अपनी टीम की घोषणा कर दी है। पैट कमिंस, स्टीव स्मिथ और मिचेल स्टार्क जैसे प्रमुख खिलाड़ियों की टीम में वापसी हुई है। ऑस्ट्रेलिया की टीम कुछ ऐसी है: पैट कमिंस (कप्तान), डेविड वार्नर, स्टीव स्मिथ, मैट शॉर्ट, मार्नस लाबुशेन, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, मिचेल मार्श, कैमरून ठीन, एलेक्स कैरी, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, जोश इंग्लिस, स्पेंसर जॉनसन, सीन एबॉट, तनवीर सांघा, मिशेल स्टार्क और एडम जम्पा

## एशियाई खेलों में पहले स्वर्ण की तलाश में उतरेगी भारतीय बैडमिंटन टीम

नई दिल्ली 18 सितंबर। चीन के हांगझाऊ में 23 सितंबर से शुरू होने वाले एशियाई खेल 2023 में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों की कोशिश भारत को बैडमिंटन में पहला स्वर्ण पदक दिलाने की होगी। एशियाई खेलों के 19वें संस्करण में बैडमिंटन प्रतियोगिताएं 28 सितंबर से 7 अक्टूबर तक बिंजियांग जिम्नेजियम में आयोजित की जाएंगी जिसकी शुरुआत टीम इवेंट के साथ होगी। एकल और युगल स्पर्धाएं दो अक्टूबर से शुरू होकर सात अक्टूबर तक चलेंगी। महिला एकल और टीम स्पर्धा में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु भारत की अगुवाई करेंगी। सिंधु को साल 2018 के एशियन गेम्स में ताई ज़ु यिंग से हारकर रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा था। ऐसे में इस बार वह अपने प्रदर्शन को और भी बेहतर करना चाहेंगी।

# बिना अभ्यास और पर्याप्त आराम के मजबूत चीन से भिड़ेगा भारत

हांगझोउ, 18 सितंबर। अंतिम क्षणों में टीम के चयन के कारण भारतीय फुटबॉल टीम अभ्यास सत्र और पर्याप्त विश्राम के बिना मंगलवार को यहां एशियाई खेलों के ग्रुप मैच में मजबूत चीन का सामना करेगी। इंडियन सुपर लीग की कुछ टीमों ने अपने खिलाड़ियों को एशियाई खेलों में भाग लेने की मंजूरी नहीं दी जिसके कारण भारत ने शुक्रवार को आनन-फानन में अंतिम टीम का चयन किया था। टीम रविवार को ही चीन के लिए रवाना हुई जिससे खिलाड़ियों को अभ्यास सत्र में एक साथ मिलकर खेलने का मौका नहीं मिला।

यही नहीं 22 सदस्यीय टीम के दो खिलाड़ी डिफेंडर कोन्सम चिंगलेनसाना सिंह और लालचुंगनुंगा बाद में टीम से जुड़ेंगे क्योंकि उनके वीजा तैयार नहीं थे। यह दोनों चीन के खिलाफ मंगलवार को होने वाले मैच के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे जो कि भारत के लिए बड़ा झटका है। इसके अलावा भारत के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने रविवार को कहा कि अनुभवी डिफेंडर संदेश झिंगन और करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री पहले मैच में नहीं खेलेंगे क्योंकि टीम उन्हें अगले दो मैचों में उतारना चाहती है। स्टिमक का फैसला समझा जा सकता है क्योंकि भारत के पास बांग्लादेश (21 सितंबर) और म्यांमार (24 सितंबर) के खिलाफ जीत के अच्छे मौके रहेंगे। चीन की टीम काफी मजबूत है और भारतीय टीम पर्याप्त अभ्यास और विश्राम के बिना इस मैच में उतरेगी। इन सब परिस्थितियों को देखते हुए मुख्य कोच को अपनी रणनीति तैयार करनी पड़ी है।

## इतने लंबे समय तक डेविस कप खेलने पर गर्व है : बोपन्ना

लखनऊ, 18 सितंबर। भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने कहा कि लंबे समय तक डेविस कप जैसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का हिस्सा बने रहने पर उन्हे गर्व का अहसास होता है। बोपन्ना ने रविवार को विश्व ग्रुप-2 मुकाबले में मोरक्को पर जीत हासिल करने के बाद डेविस कप टूर्नामेंट को अलविदा कह दिया। यह युगल मुकाबला गोमती नगर स्थित विजयंत खंड मिनी स्टेडियम में खेला गया जिसमें बोपन्ना और युकी भांबरी ने इलियट बेनचेट्रिट-यूनुस लालामी लारोसी की जोड़ी को 6-2, 6-1 से हराया। बोपन्ना के शक्तिशाली फोरहैंड का विपरीत खेमे के पास कोई जवाब नहीं था।

43 वर्षीय खिलाड़ी ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा डेविस कप छोड़ने का दुख है, लेकिन साथ ही इतने लंबे समय तक खेलने पर गर्व भी है। मैं समर्थन के लिए पूरे देश, सभी साथियों और कप्तान को धन्यवाद देता हूं जिनके नेतृत्व में मैंने खेला है। यह एक शानदार यात्रा थी जिसमें सीखने का अनुभव मिला। बोपन्ना हालांकि इस बात से खुश हैं कि अब उन्हें अपने परिवार के साथ बिताने का समय मिलेगा। मुकाबले के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा, हमारे लिए विश्व ग्रुप-1 प्लेऑफ़ में जाना बेहद महत्वपूर्ण था जहां भारत को होना चाहिए और अब इसके लिये तैयारी की जरूरत है।

भारत के गैर-खिलाड़ी कप्तान और भारतीय ओलंपिक संघ की कार्यकारी समिति के सदस्य रोहित राजपाल ने कहा बोपन्ना की कमी खलेगी। जब आपके पास रोहन बोपन्ना जैसा महान व्यक्तित्व वाला खिलाड़ी हो, तो हमेशा इस बात को लेकर झगड़ा होता है कि कौन उसके साथ खेलना चाहता है। वे सभी उसके साथ युगल खेलना चाहते हैं। पूरी टीम उनके डेविस कप से सन्यास लेने के फैसले से सदमे में है। लेकिन निश्चित रूप से, उन्होंने युकी (भाम्बरी) और राम (रामनाथन रामकुमार) को महत्वपूर्ण टिप्स दी हैं। हम उनका मार्गदर्शन लेते रहेंगे और उससे लाभान्वित होंगे।

राजपाल का मानना है कि भारतीय युगल खिलाड़ी हमेशा अपने पीछे एक विरासत छोड़ते हैं, लेकिन एकल पर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होने कहा हम एक कठिन टीम हैं और हमने डेविस कप में बहुत दिल लगाया है। जब हम खेल रहे होते हैं तो हमें हराना एक कठिन काम होता है। साथ ही, यदि हमें शीर्ष टीमों को हराना है तो निश्चित रूप से हमें अपने खिलाड़ियों से बहुत अच्छा एकल प्रदर्शन करने की आवश्यकता है, क्योंकि एकल के लिए चार अंक हैं। हमें टीम में अपने एकल मुकाबलो के लिये ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है।

## श्रीलंका ने एशियाई खेलों के लिये की क्रिकेट टीम की घोषणा

कोलंबो, 18 सितंबर। श्रीलंका ने हांगझाऊ में 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक होने वाले 19वें एशियाई खेलों के लिए अपनी पुरुष और महिला क्रिकेट टीमों की घोषणा कर दी है। चमारी अथापथु महिला टीम का नेतृत्व करेंगी जबकि पुरुष टीम का नेतृत्व सहान अराचिगे करेंगे, जिन्होंने 2023 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया है। मध्य क्रम के बल्लेबाज एशेन बंडारा, जिनके नाम 10 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच हैं, पुरुष टीम में सबसे अनुभवी खिलाड़ी हैं।

आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि नुवान तुषारा और नुवानिदु फर्नांडो पुरुष टीम में अंतरराष्ट्रीय अनुभव वाले अन्य खिलाड़ी हैं। अथापत्थु के नेतृत्व में महिला टीम ने इस महीने की शुरुआत में इंग्लैंड पर किसी भी प्रारूप में अपनी पहली श्रृंखला जीत दर्ज करके इतिहास रचा था।

**पुरुष टीमः** लसिथ क्रूसपुले, शेवोन डेनियल, एशेन बंडारा, सहान अराचिगे (कप्तान), अहान विक्रमसिंघे, लाहिरू उदारा (विकेटकीपर), रविन्दु फर्नांडो, रनिता लियानाराच्ची, नुवानीदु फर्नांडो, सचिथा जयतिलका, विजयकांत वियास्कंथ, निमेश विमुक्ति, लाहिरू समराकून, नुवान तुषारा , इसिथा विजेसुंडेरा।

**महिला टीमः** चमारी अथापथु (कप्तान), हर्षिता समरविक्रमा, विशमी गुणरत्ने, नीलाक्षी डी सिल्वा, कविशा दिलहारी, इमेशा दुलानी, अनुष्का संजीवनी, ओशादी रणसिंघे, सुगंदिका कुमारी, इनोका राणावीरा, उदेशिका प्रबोधनी, हासिनी परेरा, कौशिनी नुथ्यांगना, अचिनी कुलसूर्या, इनोशी फर्नांडो।

## प्रशंसकों का जुनून विश्व कप जीतने के इरादे को करता है मजबूत : कोहली

कोलंबो 18 सितंबर। भारत के स्टार क्रिकेटर विराट कोहली ने कहा कि देश में क्रिकेट के प्रति जुनून और समर्थन एक बार फिर विश्व कप ट्राफी घर लाने के भारतीय टीम के इरादे को मजबूती प्रदान करता है।

क्रिकेट विश्व कप टूर्नामेंट पांच अक्टूबर से 19 नवंबर के बीच भारत में खेला जायेगा। कोहली ने कहा, हमारे प्रशंसकों का जुनून और अटूट समर्थन ही विश्व कप जीतने के हमारे दृढ़ संकल्प को बढ़ावा देता है। पिछले विश्व कप जीत की यादें, विशेष रूप से 2011 की जीत, हमारे दिलों में अंकित हैं, और हम अपने प्रशंसकों के लिए नई यादें बनाना चाहते हैं। मैं इस अविश्वसनीय अभियान का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं। हम अपने प्रशंसकों के सपनों को साकार करने के लिए अपना सब कुछ देने के लिए तैयार हैं। हरफनमौला रवींद्र जड़ेजा ने कहा, एक क्रिकेटर के रूप में यह जानने से अधिक प्रेरणादायक कुछ भी नहीं है कि लाखों प्रशंसक आपके पीछे खड़े हैं, आपकी सफलता के लिए जयकार कर रहे हैं। यह अभियान टीम इंडिया को जीतते देखने के लिए हमारे प्रशंसकों के गहरे जुनून और जुनून को दर्शाता है। यह एक यात्रा है हम पूरे देश के साथ मिलकर आगे बढ़ रहे हैं, और हम मैदान पर अपने प्रदर्शन से अपने प्रशंसकों को गौरवान्वित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## सात ओवर बाद भी गेंदबाजी करना चाहते थे सिराज : रोहित

कोलंबो, 18 सितंबर। एशिया कप में भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण से खासे संतुष्ट कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि श्रीलंका के छह विकेट झटकने से उत्साहित मोहम्मद सिराज लगातार सात ओवर फेंकने के बाद और गेंदबाजी करना चाहते थे मगर ट्रेनर की सलाह पर उनके स्पेल को सीमित करना पड़ा।

एशिया कप फाइनल में मिली ऐतिहासिक जीत के बाद रोहत ने अपने तेज गेंदबाजों की जमकर तारीफ की। सिराज रविवार अच्छे फॉर्म में थे और उन्होंने अपने कातिलाना गेंदबाज़ी से केवल 16 गेंदों में पांच विकेट लेकर श्रीलंका के शीर्ष क्रम के बालेबाज़ों को ध्वस्त कर दिया। रोहित शर्मा ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, उसने उस स्पैल में सात ओवर फेंके और मुझे ट्रेनर से संदेश मिला कि हमें उसे अब रोकना होगा। वह गेंदबाजी करने के लिए काफी बेताब था। उन्होंने सात ओवर फेंके, जो काफी है। सिराज की स्थिति त्रिवेन्द्रम में श्रीलंका के खिलाफ भी ऐसी ही थी और उन्होंने लगातार 8-9 ओवर फेंके थे। सिराज ने जिस तरह गेंदबाजी की वह देखना बहुत सुखद था।

सिराज के अलावा जसप्रित बुमरा ने शुरुआती ओवर में विकेट लेकर श्रीलंका को झटका दिया वहीं हार्दिक पंड्या, ने 14 गेंदों में तीन विकेट लेकर श्रीलंका की पारी को जल्दी समाप्त कर दिया। तेज गेंदबाजों की सराहना करते हुए रोहित ने कहा कि उन्हें तेज गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन से काफी संतुष्टि मिली। उन्होंने कहा, जब मैं तेज गेंदबाजों को इस तरह का प्रदर्शन करते हुए देखता हूं तो मुझे बहुत संतुष्टि मिलती है। सभी कप्तान तेज गेंदबाजी पर बहुत गर्व करते हैं, और मैं भी अलग नहीं हूं। हमारे पास तेज गेंदबाजों का एक शानदार समूह है। उन सभी के पास अलग-अलग कौशल और विविधताएं हैं, कोई तेज गेंदबाजी कर सकता है, कोई गेंद को स्विंग करा सकता है, कोई अच्छा उछाल प्राप्त कर सकता है।



# जालोर में झमाझम बारिश से नदी-नाले उफान पर

**सड़कों पर बहा पानी, जवाई नदी में हुई पानी की आवक**




जालोर में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समक्ष निकासी नही होने से गंदा पानी बहने से आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ा।

■ इस वर्ष तीसरी बार जवाई नदी आने से लोगों के चेहरों पर खुशी देखी

**जालोर/पाली,** (कासं)। जालोर में गत दो दिन से मानूसन की सक्रियता से झमाझम बारिश होने से नदी नाले उफान पर नजर आये। लगातार हो रही बारिश के चलते जवाई बांध के गेट खोलने से जवाई नदी में पानी की आवक तेज गति से होने लगी है।

जालोर शहर में तेज बारिश के चलते शहर के तिलकद्वार, लाल पोल व बडी पोल से पानी पूरे वेग से बहता नजर आया। वही शहर के मुख्य मार्ग बागोडा रोड़ पर पानी की निकासी नही होने से पानी सड़क पर भर जाने से वाहन चालकों सहित आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। वही निजी बस स्टेण्ड मार्ग तालाब में तब्दील नजर आया। तेज बारिश के बाद नगरपरिषद के ठेकेदारों की पोल खोल कर रख दी। कुछ समय पूर्व बनाई गई सड़कें कई जगह से क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं कई जगह क्षतिग्रस्त सड़कों पर गड्ढे होने पर पानी भर जाने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजपरजॉय तूफान व उसके बाद सावन माह में बारिश के बाद गत दो दिन से मानसून की बारिश के चलते नदी नाले ओवरफ्लो हो चुके है।

जालोर में झमाझम बारिश के तापमान में गिरावट देखी गई। वहीं जालोर शहर के मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी जालोर कार्यालय के समक्ष नगरपरिषद की उदासीनता के चलते पानी की निकासी नही होने से गंदा पानी बहता नजर आया। बारिश से पानी भर जाने से शिक्षा अधिकारी कार्यालय जाना मुश्किल हो गया। ऐसे में जिला मुख्यालय पर ऐसे हालात होने से लोगो में रोष देखा गया।

वहीं लगातार बारिश होने से जवाई बांध के गेट खोलने से जवाई नदी तेज वेग के साथ बहती नजर आई। जालोर शहर के सांकरण रोड़ पुलिया व बिशनगढ रोड़ पुलिया पर जवाई नदी को देखने वालो की भीड़ नजर आई। इस वर्ष तीसरी बार जवाई नदी आने से लोगों के चेहरों पर खुशी देखी गई।

## बेणेश्वर धाम की तीनों पुलिया से पानी उतरा

**डूंगरपुर,** (निसं)। जिले भर में लगातार बारिश को लेकर की जा रही मन्नतों के बाद आखिरकार सितम्बर माह के दूसरे पखवाडे में मेघों की महर बरसी और पिछले तीन दिनों से लगातार जिले भर में बारिश का दौर अपने पूरे यौवन पर है। और इसी के चलते अब सूखे पड़े बांधों, तालाबों एवं एनिकटों में पानी की आवक शुरू हो गई है। वही ट्यूबवेलों में गहराई तक चला गया पानी अब पुनः रिचार्ज होकर पूरे वेग के साथ आने लग गया है। जिले में सोमवार प्रातः समाप्त 24 घण्टों में सर्वाधिक वर्षा निठाऊवा में 8 इंच बारिश रिकॉर्ड की गई है। वही रविवार से टापू बना बेणेश्वर धाम के पुलियों से पानी उतरने लग गया। डूंगरपुर में सुबह के समय रिमझिम बारिश हुई। कुछ देर बारिश रुकी और फिर तेज बारिश हुई। इस तरह डूंगरपुर शहर से लेकर गांवों में कभी तेज, कभी हल्की और कभी रिमझिम बारिश का दौर चल रहा है। बारिश के चलते खेल खलिहान लबालब हो गए हैं। बांध, तालाबों में पानी की आवक होने लगी है। टापू में बदले बेणेश्वर धाम के तीनों पुलिया से भी पानी उतर गया है। 48 घंटे तक टापू रहने के बाद साबला, वालाई और बांसवाड़ा पुलिया का पानी उतर गया। पुलिया के बराबर पानी चल रहा है। जिससे धाम पर दर्शनार्थियों के आने जाने का दौर शुरू हो गया है। दूसरी ओर गुजरात के कडाना बांध का बैक वाटर भी स्थिर बना हुआ है। बारिश का दौर कमजोर होने के बाद पानी की आवक कम हुई।

बांध नियंत्रण कक्ष के अनुसार डूंगरपुर में 16 एमएम, देवल में 30 एमएम, फलोज में 16 एमएम, कनबा में 15 एमएम, सागवाड़ा में 33 एमएम, ओबरी में 35 एमएम, गालियाकोट में 32 एमएम, धंबोला में 40 एमएम, बेंजा में 35 एमएम, चिखली में 43 एमएम, आसपुर में 49 एमएम, गणेशपुर में 48 एमएम, बनकोड़ा में 18 एमएम, साबला में 61 एमएम, गामड़ी अहाड़ा में 26 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई है।

## सड़क हादसे में एक की मौत

**धौलपुर,** (निसं)। बसेड़ी कस्बे में जगनेर बसेड़ी मार्ग पर जारगा गांव के समीप सोमवार सुबह एक अनियंत्रित वाहन ने दो बाइकों में टक्कर मार दी। जिससे एक बाइक पर सवार 23 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दूसरी बाइक पर सवार दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए बसेड़ी सीएचसी में भर्ती कराया गया है। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक बाइक पर सवार युवक की सड़क पर सिर फटने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण एकत्रित हो गए और घटना की सूचना पुलिस को दी। एसआई रमेश चंद ने बताया कि अनियंत्रित वाहन ने पहले एक बाइक को टक्कर मारी। जिसमें बाइक पर सवार दो युवक मोनू पुत्र लहोरे निवासी पोखरपुरा और सचिन पुत्र चेतराम निवासी ज्ञाने का नगला उत्तरप्रदेश घायल हो गए। उसके बाद वाहन ने दूसरी बाइक को टक्कर मारी। जिससे बाइक पर सवार राजवीर सिंह पुत्र सोवरन सिंह गुर्जर उम्र 23 वर्ष निवासी खिड़ोंरा बसेड़ी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

# जालोर-सांचौर जिलों में बारिश से बाजरा-मूंग फसल को नुकसान

**दोनों जिलों में करोड़ों रुपये का नुकसान होने की संभावना**

■ किसानों के अनुसार खेतों में खड़ी व पकी हुई फसल के करीब 70 फीसदी मूंग खराब हो गए हैं

**जालोर,** (कासं)। इन बीते तीन दिनों में हुई इस बारिश से जालोर व सांचौर दोनों जिलों के किसानों की करीब करोड़ो रूपये की मूंग व बाजरा की फसल को नुकसान हुआ है। इस वर्ष हालांकि अन्य वर्षो की तुलना में मूंग की कम बुवाई हुई है, लेकिन अब फसल काटकर खेतों में पड़ी थी और बारिश हो जाने से दाने बर्बाद हो गए है।

कृषि विभाग व राजस्व विभाग गिरदावरी की प्रक्रिया व नुकसान के आकलन में जुटे हुए है। लेकिन किसानों से मिली जानकारी के मुताबिक खेतों में खड़ी व पकी हुई फसल के करीब 70 फीसदी मूंग खराब हो गए हैं। इसे देखते हुए दोनों जिलों में करोड़ो रूपये का नुकसान होने की संभावना हैं। कृषि विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक जून में आये बिपरजॉय तूफान के कारण कई खेतों में पानी का भराव रहा था। विशेषकर जहां मूंग की अधिक बुवाई होती है, उस आहोर क्षेत्र के गांवों में अधिक पानी का भराव हो गया था, जिस कारण बुवाई का रकबा भी कम रहा। हर वर्ष जहां दोनों जिलों में करीब सवा लाख हैक्टेयर में मूंग की बुवाई की जाती है, उसकी तुलना में इस वर्ष केवल 85 हजार 500 हैक्टेयर में ही मूंग की बुवाई की जा सकी है। इस बुवाई से कृषि विभाग के अनुमान से करीब 76 हजार 950 मीट्रिक टन मूंग उत्पादन की संभावना थी, लेकिन इस बारिश से करीब 70 फीसदी मूंग खराब हो गए है। इससे अनुमानित दोनों जिलों में करीब 3 अरब रुपए का नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। इस वर्ष दोनों जिलों में खरीफ में 5 लाख 85 हजार 678 हैक्टेयर क्षेत्र में सभी अलग अलग फसलों की बुवाई हुई थी, इसमें से अकेले बाजरा की फसल 3 लाख 25 हजार 143 हैक्टेयर में बोया गया, लेकिन इस बारिश में बाजरा को भी भारी नुकसान हुआ है। इस कारण किसान चिंता में डूबे हुए हैं। हालांकि इस बारिश से मूंगफली, ग्वार व अरण्डी जैसी फसलों को फायदा भी पहुंचा है, लेकिन खरीफ की सीजन में इनकी बुवाई का रकबा बिल्कुल कम रहता है। इस कारण अधिकांश किसानों को ज्यादा नुकसान हुआ है। इधर, कांग्रेस नेता सवाराम पटेल ने आहोर क्षेत्र में बेमौसम हुई बारिश से हुए नुकसान का मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम पत्र भेजा है। जिसमें बताया है कि सर्वे करवाकर व गिरदावरी करवाकर किसानों को उचित मुआवजा दिलाया जाये।

वही जानकारी में सामने आया है कि केंद्रीय दल भी सूखा व प्रभावित इलाकों का दौरा करने आने वाले है। हालांकि सूखाग्रस्त तो जिले का कोई भी इलाका रहा नहीं है, लेकिन जरूरत के समय बारिश नहीं होने से खेतों में खड़ी फसलें बर्बाद हो गई और जो पककर तैयार हुई थी उन फसलों के दानों को बारिश ने बर्बाद कर दिया है। इस कारण किसानों को तो भारी नुकसान ही पहुंचा है।

# लॉरेंस का गुर्गा बनकर दो लोगों से एक करोड़ की फिरौती मांगी

■ शहर में एक बिल्डर तथा ज्वैलरी कारोबारी महिला को धमकाया

**जोधपुर,** (कासं)। शहर में एक बिल्डर को किसी शख्स ने लॉरेंस का गुर्गा बनकर 50 लाख की फिरौती मांगी है। फिरौती रकम नहीं दिए जाने पर जानमाल के साथ काम बंद कराने के लिए धमकाया है।

जिस दिन बिल्डर को धमकाया गया उसी दिन यानी शाम को सात मिनट के अंतराल में ही ज्वैलरी कारोबारी महिला को भी 50 लाख की फिरौती रकम के लिए धमकाया गया। दोनों में वाटसअप कॉलिंग के साथ मैसेज भेजे गए। एक प्रकरण शास्त्रीनगर का रविवार को सामने आया तो दूसरा आज सोमवार को सामने आया है। इस बारे में रातानाडा पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।

बीजेएस कॉलोनी, महामंदिर निवासी पृथ्वीसिंह पुत्र दयालसिंह ने रातानाडा थाने में मामला दर्ज कराया। इसमें बताया कि वह कंस्ट्रेक्शन का कार्य करता है। उसका एक कार्यालय रातानाडा में पुरानी लोको रोड दासपा हाउस के नजदीक जेपी बिल्ड होम नाम से आया है।

16 सितंबर की शाम 7.01 बजे किसी शख्स ने वाटसअप मैसेज के साथ कॉल किया। बदमाश ने खुद को लारेंस का गुर्गां बताया और कहा कि तुम बिल्डर बोल रहे हो। मैं लारेंस का गुर्गां बोल रहा हूं। 50 लाख रूपए दे देना अन्यथा काम बंद करवा दूंगा। पुलिस को मत बताना या पुलिस तक मत जाना। बिल्डर की रिपोर्ट पर रातानाडा पुलिस ने अज्ञात शख्स के खिलाफ धमकाने का प्रकरण दर्ज किया है। बता दें कि शास्त्रीनगर सी सेक्टर निवासी सवाई सिंह जैन ने भी 17 सितंबर को पुलिस में केस दर्ज करवाया कि उसकी पत्नी प्लोर गोल्ड ज्वैलरी नाम से कारोबार करती है। उसके पास में भी 16 सितंबर की शाम 6.54 मिनट पर किसी शख्स ने लारेंस का गुर्गां बनकर जान की धमकी और 50 लाख की फिरौती मांगी थी। बार बार फोन और मैसेज आने पर पति पत्नी शास्त्रीनगर थाने पहुंचे और केस दर्ज करवाया। दोनों रंगदारी या अवैध वसूली के लिए किए गए कॉल महज सात मिनट के अंतराल में आए है। पुलिस अब नंबरों से बदमाश का पता लगाने का प्रयास कर रही है। पुलिस की साइबर एक्सपर्ट टीमों जांच में जुटी है।

## सांप के डसने से बालक की मौत

**डूंगरपुर,** (निसं)। कोतवाली थानान्तर्गत माण्डवा नवाघरा में एक 9 वर्षीय बालक की सर्पदंश से मौत हो गई। मृतक की मां भूमिका पत्नी दिनेश परमार निवासी नवाघरा ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि रविवार की शाम को 9 वर्षीय पुत्र आयुष परमार अपने दादा कमलेश के पास सोया हुआ था। रात्रि को लगातार बारिश हो रही थी। सोमवार भोर में चार बजे बालक ने उसके पास पेट में दर्द होने की शिकायत की थी, जिस पर परिवार जन लेकर उसे लेकर चिकित्सालय पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसकी जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। जिस पर परिजनों ने उसके पूरे शरीर को बारीकी से देखा तो आयुष के कान पर सर्प के डसने का निशान था। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया। बालक आयुष नवाघरा स्कूल में कक्षा तीन में अध्ययनरत था।

# टूरिस्ट वीजा पर आई बांग्लादेशी महिला को पूछताछ के बाद वापस भेजा

■ बांग्लादेश से 15 दिन पहले दोस्त से मिलने आई थी महिला

**रावलामंडी,** (निसं)। बांग्लादेश से टूरिस्ट वीजा पर भारत आई 30 वर्षीय हबीबा बी को पुलिस और इंटेलिजेंस सहित सभी प्रकार की पूछताछ के बाद आखिर रविवार को पुश बैक कर दिया है। थाने से विदाई के समय हबीबा बी भावुक हो गई। नम आंखों से अपने दोस्त रोशन सिंह राय सिख से बिछड़ते देख वह भावुक हो गई। हबीबा बी ने बताया कि वह अपने दोस्त रोशन सिंह के साथ रहना चाहती है लेकिन कानूनी अड़चन के चलते दो दोस्त दूर-दूर हो रहे हैं। उसने बताया कि सोशल मीडिया पर करीब सात माह पहले रोशन सिंह के साथ दोस्ती हुई थी।

दोस्त से मिलने के लिए वह बांग्लादेश से टूरिस्ट वीजा पर 1 सितंबर को कोलकाता पहुंची और वहां से रेल से 3 सितंबर को बीकानेर पहुंची। बीकानेर में उसे लेने के लिए रोशन सिंह पहले से ही आया हुआ था। अपने दोस्त रोशन को अपने सामने देख हबीबा बी खुश हो गई । रोशन सिंह भी उसे अपने घर रावला थाना इलाका के गांव 13 डीओएल ले आया। 5 सितंबर की सुबह रावला पुलिस को जानकारी मिली कि बांग्लादेश से एक युवती 13 डीओएल में आई हुई है। पुलिस हबीबा बी सहित रोशन सिंह को अपने साथ ले आई। करीब 15 दिन भारत में ठहराव करने के बाद हबीबा बी को वापस उसके वतन भेज दिया है।



पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट हैदराबाद में कांग्रेस वर्किंग कमेटी की दो दिवसीय बैठक में शामिल होने के बाद सोमवार को जयपुर लौट आये। पायलट की हैदराबाद में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सोनिया गांधी सहित कई वरिष्ठ नेताओं के साथ राजस्थान विधानसभा चुनाव के संबंध में गहन चर्चा हुई। पायलट 20 सितंबर से ही पुनः अपने विधानसभा क्षेत्र टोंक में आयोजित कार्यक्रमों में व्यस्त रहेंगे।

# मोदी मंत्रिमण्डल ने महिला आरक्षण विधेयक पारित किया

## संसद सत्र में विधेयक सदन में पेश किया जायेगा, लोकसभा, राज्यसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण मिलेगा

- **केन्द्र सरकार ने सोमवार शाम तक संसद सत्र का एजेण्डा गुप्त रखा था, शुरु से ही यह अंदेशा लगाया जा रहा था कि, प्रधानमंत्री मोदी कुछ ऐसा करने वाले हैं जिससे देश की स्थिति में आमूल-चूल परिवर्तन हो जायेगा।**
- **केंद्रीय संसदीय कार्यमंत्री प्रहलाद पटेल ने ट्वीट करके महिला आरक्षण विधेयक के संबंध में पुष्टि की। अपने ट्वीट में प्रहलाद पटेल ने लिखा कि, महिला आरक्षण की मांग पूरा करने का नैतिक साहस मोदी सरकार में ही था, जो कैबिनेट की मंज़ूरी से साबित हो गया।**

नई दिल्ली, 18 सितम्बर। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने वाले विधेयक को आज शाम मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सोमवार को केंद्र की कैबिनेट बैठक हुई। संसद के एनेक्सी भवन में हुई यह बैठक करीब डेढ़ घंटे चली। इस बैठक के दौरान महिला आरक्षण बिल कैबिनेट से पास हो गया। केंद्रीय संसदीय कार्यमंत्री प्रहलाद पटेल ने ट्वीट करके इसकी पुष्टि की। अपने ट्वीट में प्रहलाद पटेल ने लिखा कि महिला आरक्षण की मांग पूरा करने का नैतिक साहस मोदी सरकार में ही था, जो कैबिनेट की मंज़ूरी से साबित हो गया। इसके बाद उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी का अभिनंदन किया है।

बैठक में प्रधानमंत्री मोदी समेत विभिन्न मंत्री शामिल हुए। संसद के विशेष सत्र का ऐलान होने के बाद से अनुमान लगाए जा रहे थे कि पी.एम. मोदी एक बार फिर चौंकाएंगे। सोमवार को कैबिनेट मीटिंग के दौरान पी.एम. मोदी के अलावा विभिन्न केंद्रीय मंत्री शामिल हुए। इसमें केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, कॉमर्स और इंडस्ट्री मंत्री पीयूष गोयल, संसदीय कार्यमंत्री प्रहलाद जोशी, निर्मला सीतारमण समेत विभिन्न केंद्रीय मंत्री मौजूद थे। वहीं, इस फैसले पर कांग्रेस की भी प्रतिक्रिया आई है। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा कि महिला आरक्षण लागू करने की मांग कांग्रेस लंबे समय से कर रही थी। हम केंद्रीय कैबिनेट के इस फैसले का स्वागत करते हैं और बिल से जुड़ी जानकारियों का इंतजार कर रहे हैं। रमेश ने कहा कि विशेष सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक में इस पर अच्छी तरह से चर्चा की जा सकती थी और पर्दे के पीछे की राजनीति के बजाय आम सहमति बनाई जा सकती थी।

जयराम रमेश ने अपने एक पुराने पोस्ट का हवाला दिया, जिसमें महिला आरक्षण विधेयक की पृष्ठभूमि का हवाला दिया गया था। उन्होंने कहा था कि सबसे पहले राजीव गांधी ने 1989 के मई महीने में पंचायतों और नगर पालिकाओं में महिलाओं को एक-तिहाई आरक्षण के लिए संविधान संशोधन विधेयक पेश किया था। वह विधेयक लोकसभा में पारित हो गया था, लेकिन सितंबर 1989 में राज्यसभा में पारित नहीं हो सका था। रमेश के अनुसार, अप्रैल 1993 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्ह राव ने पंचायतों और नगर निकायों में महिलाओं को एक-तिहाई आरक्षण के लिए संविधान संशोधन विधेयक को फिर से पेश किया था। दोनों विधेयक पारित हुए और कानून बन गए। आज पंचायतों और नगर निकायों में 15 लाख से अधिक निर्वाचित महिला प्रतिनिधि हैं। यह आंकड़ा 40 प्रतिशत के आसपास है। उन्होंने कहा था कि राज्यसभा में पेश/पारित किए गए विधेयक समाप्त नहीं होते हैं। इसलिए महिला आरक्षण विधेयक अभी भी मौजूद है। कांग्रेस पार्टी पिछले नौ साल से मांग कर रही है कि महिला आरक्षण विधेयक, जो पहले ही राज्यसभा से पारित हो चुका है, उसे लोकसभा से भी पारित कराया जाना चाहिए।

गौरतलब है कि सर्वदलीय बैठक के दौरान भी महिला आरक्षण को लेकर चर्चा हुई थी। वहीं, कांग्रेस ने लोकसभा में मंगलवार को महिला आरक्षण विधेयक पेश करने और इसे सर्वसम्मति से पारित कराने की सत्ता पक्ष से मांग की थी। वहीं, कैबिनेट मीटिंग को लेकर खूब कयासबाजी चल रही थी। अनुमान लगाए जा रहे थे कि कैबिनेट मीटिंग में महिला आरक्षण बिल पर चर्चा कर सकती है। वहीं, कुछ लोगों का ऐसा भी कहना कि वन नेशन, वन इलेक्शन पर बात होने की उम्मीद है। विपक्ष और सत्ता पक्ष दोनों ही तरफ से महिला आरक्षण बिल को लेकर जोर दिया जा रहा था। इसलिए सबसे ज्यादा अनुमान इसी को लेकर था। सोमवार को संसद के विशेष सत्र के संबोधन के दौरान भी पी.एम. मोदी ने इस बारे में संकेत दिए थे। उन्होंने कहा कि संसदीय इतिहास के प्रारंभ से अब तक दोनों सदनों में कुल मिलाकर लगभग 7500 सदस्यों ने प्रतिनिधित्व किया है जिनमें करीब 600 महिला सदस्य रही हैं। उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे महिला सदस्यों की संख्या बढ़ती गयी है। माना जा रहा था कि यह महिला आरक्षण का संकेत है।

### पहली बार ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

भाषण में उन्होंने कहा, नेहरू के "ट्रिस्ट विद डैस्टिनी" भाषण की गूंज भावी पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।

नेहरू ने, 15 अगस्त 1947 को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा था कि, "आधी रात के समय जब दुनिया सो रही होगी, भारत जीवन और स्वतंत्रता में आँखें खोलेगा।"

मोदी ने कहा, "आज भारत की 75 वर्षों की संसदीय यात्रा को याद करने का अवसर है। हम भले ही नई ईमारत में शिफ्ट हो रहे हैं लेकिन यह भवन आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा, क्योंकि यह भारतीय प्रजातंत्र की यात्रा का "स्वर्णिम अध्याय" है।

# सचिन पायलट ऐतिहासिक सी.डब्ल्यु.सी. बैठक के बाद लौटे राजस्थान

## वापसी पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं व आम लोगों ने सचिन पायलट का शानदार स्वागत किया

- **सचिन पायलट को तेलंगाना में कांग्रेस के प्रचार की कमान सौंपी गई।**
- **दो दिवसीय बैठक में पायलट ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी व के.सी. वेणुगोपाल व अन्य शीर्ष नेताओं से मुलाकात की।**
- **हैदराबाद में प्रवासी राजस्थानी संगठन ने पायलट का स्वागत किया।**

जयपुर, 18 सितम्बर। कांग्रेस पार्टी की सर्वोच्च कार्यकारी संस्था, सी.डब्ल्यू.सी, की हैदराबाद में हुई 2 दिवसीय बैठक के बाद सचिन पायलट मंगलवार शाम को राजस्थान वापस लौट आए हैं। इस दौरान सचिन पायलट को आगामी तेलंगाना चुनाव के लिए पार्टी के हाई कमान द्वारा प्रचार की जिम्मेदारी भी सौंपी गई थी। सोमवार को सचिन पायलट ने नामपल्ली विधान सभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के लिए जन संपर्क तथा प्रचार भी किया।

2 दिवसीय बैठक के दौरान सचिन पायलट की मुलाकात मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, के सी वेणुगोपाल एवं पार्टी के अन्य शीर्ष नेतृत्व के सदस्यों से हुई। इन बैठकों में आगामी राजस्थान चुनाव और लोक सभा चुनाव से संबंधित एहम मुद्दों पर चर्चा हुई।

हैदराबाद यात्रा के दौरान, पायलट को वहां पर स्थित, प्रवासी राजस्थान संगठन, ने भी सम्मानित किया और उनसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की।

सचिन पायलट 20 सितंबर को अपनी विधान सभा क्षेत्र, टोंक में आयोजित कार्यक्रमों में कई विकास कार्यों का उद्घाटन करेंगे।

# खड़गे और राहुल गांधी 23 सितंबर को जयपुर आयेंगे

## दोनों नेता कांग्रेस के नये बनने वाले प्रदेश मुख्यालय का शिलान्यास करेंगे

- **कांग्रेस का प्रदेश मुख्यालय, शिप्रा पथ पर सिटी पार्क के सामने बनेगा। कार्यालय के लिए 6000 वर्ग गज जमीन आवंटित की गई है।**
- **राहुल व खड़गे कांग्रेस के विभिन्न स्तर के 55 हजार पदाधिकारियों के साथ संवाद भी करेंगे।**

जयपुर, 18 सितम्बर (का.प्र.)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सांसद राहुल गांधी 23 सितंबर को जयपुर आयेंगे और राजस्थान कांग्रेस के नए मुख्यालय का शिलान्यास करेंगे।

मुख्यालय के शिलान्यास के बाद राजस्थान कांग्रेस की सभा के साथ कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम भी तय किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों के जरिए राजस्थान कांग्रेस अपने चुनावी अभियान की शुरुआत भी करेगी। इस सभा के जरिए कांग्रेस के बूथ लेवल से लेकर जिला स्तर तक के पदाधिकारियों को चुनावी टास्क दिए जांएगे।

राजस्थान कांग्रेस ने इस कार्यक्रम के लिए 55 हजार पदाधिकारियों को बुलाया है। जानकारी के अनुसार कांग्रेस के 52 हजार बूथ अध्यक्षों, 2200 मंडल अध्यक्षों, 400 ब्लॉक अध्यक्षों, 40 जिलाध्यक्षों और पार्टी पदाधिकारियों को इस सभा में बुलाया गया है। कार्यक्रम की तैयारी देखने के बाद कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे को 23 सितंबर को नए प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के भवन के शिलान्यास का निमंत्रण दिया गया है। शिलान्यास के बाद सभा रखी गई है। हमारे बूथ अध्यक्षों से लेकर सभी पदाधिकारियों को बुलाया है। सरकार से हमने नए भवन के लिए जमीन आवंटित करवाई है। सभी औपचारिकताएं पूरी कर दी गई हैं। मानसरोवर में शिप्रा पथ पर नए सिटी पार्क के सामने पीसीसी की बिल्डिंग बनेगी। कांग्रेस मुख्यालय बनाने के लिए 6000 वर्ग गज जमीन अलॉट हो चुकी है। नए मुख्यालय के प्रोजेक्ट पर करीब 80 करोड़ की लागत आएगी। प्रदेश कांग्रेस ने पहले 23 अगस्त को शिलान्यास का कार्यक्रम प्लान किया था, लेकिन राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे से समय नहीं मिलने के कारण इसे टाल दिया गया। अब नए सिरे से कार्यक्रम बनाया है। कांग्रेस के नए मुख्यालय में प्रदेशाध्यक्ष से लेकर पदाधिकारियों के अलग-अलग चैंबर बनेंगे। कांग्रेस के साथ ही यूथ कांग्रेस, एन.एस.यू.आई., महिला कांग्रेस, सेवा दल के मुख्यालय भी इसी नए भवन में होंगे। कांग्रेस के सभी प्रकोष्ठ, विभागों के दफ्तर एक जगह इसी मुख्यालय में होंगे। नए मुख्यालय में कांग्रेस के इतिहास से जुड़ा मिनी म्यूज़ियम भी बनेगा।

### झारखण्ड के मु.मंत्री को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका

नई दिल्ली, 18 सितंबर (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने कथित अवैध खनन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ई.डी.) के समन को चुनौती देने वाली झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका सोमवार को खारिज करते हुए उन्हें झारखंड उच्च न्यायालय दरवाजा खटखटाने को कहा।

न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने सोरेन के वकील मुकुल रोहतगी से कहा कि वो राहत के लिए पहले उच्च न्यायालय के समक्ष याचिका दायर करें।

पीठ की अध्यक्षता कर रहे न्यायमूर्ति बोस ने याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए कहा, आप (सोरेन) उच्च न्यायालय क्यों नहीं जाते? पहले आप वहां जाएं।

# चुनाव आयुक्तों का दर्जा घटाने के विधेयक से सरकार ने हाथ पीछे खींचे

- **चुनाव आयुक्तों का दर्जा घटाने और उनकी नियुक्ति वाले पैनल से सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस को हटाने वाले विधेयक को सरकार ने संसद के विशेष सत्र के एजेंडे से हटा लिया है।**

नई दिल्ली, 18 सितम्बर। चुनाव आयुक्तों का दर्जा घटाने और उनकी नियुक्ति वाले पैनल से सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस को हटाने वाले बिल को सरकार ने संसद के विशेष सत्र के एजेंडे से हटा लिया है। सरकार ने रविवार को जिन 8 बिलों के बारे में विपक्ष को जानकारी दी है, उनमें चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति में बदलाव करने वाला बिल शामिल नहीं है। सरकारी सूत्रों का कहना है कि सरकार चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति में संशोधन वाले बिल में कुछ बदलाव करने पर विचार कर रही है। अब नए सिरे से बदलाव किए जाने के बाद ही बिल को सदन में मंजूरी के लिए पेश किया जाएगा।

दरअसल यह चर्चा थी कि सरकार चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति में बदलाव वाला बिल इसी सेशन में पेश करेगी। इसके तहत आयुक्तों को सुप्रीम कोर्ट के जज के दर्जे की बजाय कैबिनेट सचिव वाली हैसियत दी जानी थी। इसका तीखा विरोध हो रहा था। विपक्ष इसे चुनाव आयोग की स्वायत्ता से समझौता बता रहा था को वहीं 9 पूर्व चुनाव आयुक्तों ने पी.एम. मोदी को खत भी लिखा था। सरकारी सूत्रों का कहना है कि अब सरकार खुद अपने स्तर पर भी बदलाव की जरूरत महसूस कर रही है। इसीलिए बिल को कुछ वक्त के इंतजार और संशोधन के बाद ही पेश किया जाएगा।

इस बिल को लेकर सबसे बड़ी आपत्ति यह भी है कि आखिर चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से चीफ जस्टिस को क्यों हटाया जा रहा है। मौजूदा नियमों के मुताबिक चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति वाले पैनल का चीफ जस्टिस भी हिस्सा होते हैं। इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट ने इसी साल मार्च में आदेश दिया था।

### जे.डी.एस. सांसद को राहत

नई दिल्ली, 18 सितंबर (वार्ता)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना की संसद सदस्यता रद्द करने के कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी। मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने इस मामले में संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद उच्च न्यायालय के एक सितंबर के आदेश पर रोक लगाने का आदेश पारित किया।

### केरल और ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उपस्थिति नाममात्र की है।

लेकिन बड़ा खतरा यह है कि, इससे गठबंधन के अन्य घटकदल बड़ी सौदेबाजी करने के लिये तथा अपनी क्षमता से बढ़कर दावेदारी करने के लिये प्रेरित -प्रोत्साहित हो सकते हैं। अरविन्द केजरीवाल की "आप" तथा कांग्रेस दिल्ली और पंजाब में सीट-शेयरिंग के मामले में पहले से ही परस्पर उलझ रहे हैं। राष्ट्रीय राजधानी तथा पंजाब में कांग्रेस की राज्य इकाइयों के नेता पार्टी नेतृत्व को सीट-शेयरिंग व्यवस्था की अवहेलना करने सलाह दे रहे हैं। साफ जाहिर है कि, इस प्रकार की घटनाओं से भाजपा को पूरा मौका मिल जायेगा, नवगठित विपक्षी गठबंधन में एकता के अभाव की आलोचना करने का। लेकिन, जैसा कि इंडिया गठबंधन के नेता घोषणा कर चुके हैं, वे, जहाँ तक संभव होगा, वन-टु-वन की लड़ाई ही रखना चाहेंगे।

सूत्रों ने कहा कि, उन राज्यों में, जहाँ कांग्रेस, भाजपा की मुख्य प्रतिद्वंद्वी है, सहमति /समझौते तक पहुँचने की कोशिश की जायेगी। इन राज्यों में गुजरात, राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा तथा हिमालचल प्रदेश जैसे राज्य शामिल हैं।

# 'प्लेटफॉर्म पर रहने वाला एक शख्स संसद तक पहुंच गया'

- **प्रधानमंत्री मोदी पुराने संसद भवन में अपने आखिरी संबोधन के दौरान बेहद भावुक हो गये।**
- **प्रधानमंत्री मोदी ने संसद में शोर-शराबे और वॉकआउट के संबंध में विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुये कहा कि, रोने-धोने के लिए बहुत समय पड़ा है, संसद सत्र बहुत छोटा है, इसे उपयोगी बनायें।**

नई दिल्ली, 18 सितम्बर। संसद के विशेष सत्र के पहले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि, आज यह पुराने भवन में आखिरी दिन है। कल से हम नए संसद भवन में शिफ्ट होंगे और नई शुरुआत होगी। लेकिन यह भवन हमारे लिए साझी विरासत रहा है और तमाम प्रेरक पल यहां से जुड़े रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी इस दौरान भावुक भी नजर आए और कहा कि इसी संसद भवन से हमारी तमाम यादें भी जुड़ी हैं, जो झकझोर देती हैं। उन्होंने अपनी जीवन यात्रा का भी इस दौरान जिक्र किया और कहा कि प्लेटफॉर्म पर रहने वाला एक शख्स संसद तक पहुंच गया।

प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्ष के विरोध की आशंकाओं को थामने के लिए कुछ ऐसी बातें कहीं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि, संसद सत्र बहुत छोटा है इसे उपयोगी बनायें, रोने-धोने के लिए बहुत समय पड़ा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, जब मैं पहली बार सांसद के रूप में इस भवन में आया, तो सफल रूप से मैंने इस संसद भवन की पटल पर अपना सिर झुकाकर आया था। इस लोकतंत्र के मंदिर में श्रद्धाभाव से मैंने कदम रखा था। भारत के लोकतंत्र की ताकत है कि रेल प्लेटफॉर्म पर गुजारा करने वाला गरीब करने वाला संसद पहुंच गया। मैंने कभी कल्पना नहीं की थी कि देश मुझे इतना सम्मान देगा। उन्होंने कहा कि इस भवन को बनाने का फैसला भले ही अंग्रेजी हुकूमत का था, लेकिन इसके निर्माण में परिश्रम और पैसा देश के लोगों का ही लगा था।

इस 75 वर्ष की हमारी यात्रा ने हमें कई यादें दी हैं। भले ही हम नए भवन में जा रहे हैं, लेकिन यह भी आने वाली पीढ़ियों को हमेशा प्रेरणा देता रहेगा।

पुराने भवन की यादों को लेकर पी.एम. मोदी ने कहा कि इस सदन से विदाई लेना भावुक पल है।

### इस वर्ष ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

और प्रतिभूति लेन-देन कर सहित व्यक्तिगत आयकर (पी.आई.टी.) 447291 करोड़ रुपये रहा है। इस अवधि में प्रत्यक्ष कर का सकल संग्रह 9,87,061 करोड़ रुपये रहा जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 8,34,469 करोड़ रुपये की तुलना में 18.29 प्रतिशत अधिक है।

### अन्नाद्रमुक ने तमिलनाडू ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अन्नामलाई पर बरसते हुए उन्होंने कहा, "वे अहंकारी हैं। दोनों के बीच गठबंधन नहीं है, इसका निर्णय चुनाव के समय ही हो सकता है। अचानक वे हमारे नेताओं की आलोचना कर रहे हैं, जिसे हम बर्दाश्त नहीं कर सकते। हमने यह मामला भाजपा हाई कमान के सामने भी उठाया, उसके बावजूद वे ऐसा कर रहे हैं तो भाजपा की जानकारी से ही हो रहा है।

11 सितम्बर को हिंदू रिलिजस एण्ड चैरिबेटल एन्डाओमैंट्स मंत्री पी.के. शेखरबाबू ने यहां सनातन धर्म हटाओ सम्मेलन का नेतृत्व किया था तब अन्नामलाई ने अन्नादुराई के खिलाफ बयान दिया था।

### कांग्रेस का चतुर दांव...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

इतिहास का उल्लेख किया तथा कांग्रेस शासन के दौरान लाई गई उन 20 प्रमुख योजनाओं का उल्लेख किया, जिन्होंने भारत के इतिहास की दिशा बदल दी। उन्होंने कांग्रेस द्वारा लाये गये सभी प्रमुख कानूनों के उल्लेख के साथ ही, दासता-उन्मूलन का उल्लेख किया। खड़गे ने कहा, "नेहरु जी का मानना था कि मजबूत विपक्ष की गौरमौजूदगी का अर्थ है कि, सिस्टम में उल्लेखनीय कमियाँ एवं खामियाँ हैं। अगर सशक्त विपक्ष नहीं है, तो यह अच्छी बात नहीं है। अब, जब सशक्त विपक्ष है तो इसे ई.डी., सी.बी.आई.-- के जरिये कमजोर करने पर फोकस किया जा रहा है।" जवाहर लाल नेहरु तथा राष्ट्र-निर्माण में उनके योगदान को याद करते हुये, कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, "नेहरु जी ने बड़े मुश्किल समय में भारत का नेतृत्व किया। वे भारत की आजादी की खातिर 14 वर्ष जेल में रहे। नये संसद भवन में पहुंच जाने मात्र से, कुछ नया नहीं हो जायेगा।" उन्होंने कहा, भाजपा को उनके (नेहरु) बारे में अपमानजनक बातें करना बंद कर देना चाहिये।

खड़गे ने यह आरोप भी लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा में केवल दो बार बयान दिये हैं तथा उन्होंने इसकी (जवाब देने की) तुलना पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी तथा मनमोहन सिंह से की है। उन्होंने कहा, "अपने कार्यकाल में, अटल बिहारी वाजपेयी ने 21 बार तथा मनमोहन सिंह ने 30 बार बयान दिये थे।" उन्होंने आगे कहा, "किन्तु प्रधानमंत्री मोदी ने चन्द "प्रथागत एवं औपचारिक टिप्पणियों" के अलावा केवल दो बार ही बयान दिये हैं।"

### 'भाजपा सनातन धर्म का मुद्दा मूल मसलों...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सिंह ने कथित रुप से पार्टी से कहा कि, पार्टी इस पूरे मुद्दे पर बहुत सतर्कतापूर्ण तरीका अपनाये।

भाजपा के सांप्रदायिक एजेंडा का मुकाबला करने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मलिल्कार्जुन खड़गे ने मांग की कि, 2021 की जनगणना प्रक्रिया को तुरंत आरंभ किया जाय, जिसमें जाति आधारित जनगणना भी हो। उन्होंने मोदी सरकार पर आरोप लगाया कि, जनगणना करवाने में विलंब के कारण 14 करोड़ लोग भोजन का अधिकार कानून से वंचित हैं और लगभग 18 प्रतिशत लोग मनरेगा के दायरे से बाहर हैं।

इसके साथ ही महिला मतदाताओं को दृष्टिगत रखते हुए कांग्रेस ने एक प्रस्ताव पारित कर मांग की कि, कांग्रेस के नेतृत्व वाली मनमोहन सरकार के दौरान राज्यसभा से पारित महिला आरक्षण विधेयक को 18 सितंबर से आरंभ हो रहे लोकसभा के विशेष सत्र में पारित करवाना चाहिए। कांग्रेस ने जोर दिया कि, महिलाओं को निर्वाचित निकायों में 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए पार्टी राजीव गांधी सरकार के समय से ही प्रतिबद्ध है।

जिन राज्यों में चुनाव होने वाले हैं, उनके राज्य पार्टी प्रमुखों ने पार्टी के सर्वोच्च निर्णय लेने वाले मंच को अपने राज्यों की स्टेटस रिपोर्ट पेश की। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि, सबसे ज्यादा एकजुटता की जरूरत है। जिससे आगामी चुनाव में जीत मिल सके।

खड़गे ने इस बात पर भी जोर दिया कि, नेताओं को आत्म नियंत्रण रखना चाहिए और अपने पार्टी सहयोगियों या पार्टी के विरूद्ध मीडिया में बयान देने से बचना चाहिए ताकि संगठन के हितों का नुकसान न हो।

उन्होंने कहा, "इसी तरह संगठनात्मक एकता बहुत जरूरी है। केवल एकता और अनुशासन से ही हम अपने विरोधियों को हरा सकते हैं। यह कर्नाटक में स्पष्ट हो गया जहां हमने एकता और अनुशासन से विजय प्राप्त की।"

खड़गे ने कहा, "मैं यहां मौजूद राज्य अध्यक्षों संसदीय दल के सदस्यों से पूछना चाहूंगा-क्या मंडल, ब्लॉक और जिला स्तर पर आपकी समितियां तैयार हैं? क्या हम उन्हें नियमित रुप से कार्यक्रम दे रहे हैं। क्या हमने संभवित प्रत्याशियों का चयन आरंभ कर दिया।

हैदराबाद की बैठक में जो चर्चाएं हुईं और प्रस्ताव पारित किए गए वे पार्टी के बढ़ते आत्मविश्वास के सूचक हैं। जो पार्टी विभाजित और दिशाहीन थी, उसे अध्यक्ष के चुनाव और राहुल गांधी की चार माह लंबी भारत जोड़ो यात्रा ने एक दृढ़ व समर्पित संगठन में बदल दिया। अब, संगठन ऐसी सरकार को हराने के लिए प्रतिबद्ध है जिसने सभी संस्थाओं को खतरे में डाल दिया और जो महात्मा गांधी द्वारा स्वाधीनता संग्राम में प्रतिपादित किए गए "भारत के विचार" को दफनाने की कोशिश में है।

### अडानी केस में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जिसमें वर्तमान समिति के कुछ सदस्यों के हितों के टकराव पर चिंता व्यक्त की गई है। मार्च 2023 में शीर्ष कोर्ट ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट में अडानी समूह के विरूद्ध लगाए गए आरोपों की जांच और नियमन की संभावित असफलताओं की जांच के लिए समिति गठित की थी।

समिति की अध्यक्षता कर रहे हैं जस्टिस (रिटायर्ड) अभय मनोहर सप्रे और सदस्यों में शामिल हैं ओ.पी. भट्ट, जस्टिस पी. देवधर, के.वी. कामर्थ, नंदन नीलकेणि और सोमसुंदर सुंदरेशन। आवेदन में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष ओ.पी. भट्ट को शामिल करने पर ऐतराज उठाया गया है, जो वर्तमान में अक्षय ऊर्जा कम्पनी ग्रीन्को के अध्यक्ष हैं। इसमें कहा गया है कि, ग्रीन्को और अडानी समूह की मार्च 2022 से गहरी भागीदारी है, भारत में अडानी की सुविधाओं को ऊर्जा प्रदान करने के लिए।

याचिकाकर्ता ने पहले समिति के एक अन्य सदस्य सोमशेखर सुंदरेशन पर भी ऐतराज किया था क्योंकि वे सेबी बोर्ड सहित विभिन्न मंचों पर अडानी का प्रतिनिधित्व कर चुके थे। सुप्रीम कोर्ट में हिंडनबर्ग रिपोर्ट से संबंधित कई याचिकाएं दायर की गई हैं, जिनमें निवेशकों के हितों को सुरक्षित रखने की नियमन प्रक्रिया भी शामिल हैं। 24 जनवरी की हिंडनबर्ग रिपोर्ट ने आरोप लगाया था कि, अडानी समूह ने शेयरों में हेराफेरी तथा धोखाधड़ी की थी, हालांकि अडानी समूह ने इसे एक अनैतिक झूठ बताकर इससे इंकार किया है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908

## शौर्य जागरण यात्रा का स्वागत किया

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा निकाली जा रही शौर्य जागरण यात्रा का नगर में प्रवेश करने पर महामंडलेश्वर ओमकार दास जी महाराज विहिप संरक्षक रामरतन सोनी ने स्वागत किया। बजरंग दल के जिला सहसंयोजक रवि प्रजापत ,नगर संयोजक दीपेंद्र योगी ने बताया बताया कि वर्तमान समय में हिंदू और समाज सनातन संस्कृति पर हो रहे चारों तरफ से प्रहारो विघटनकारी शक्ति ,अवैध धर्मांतरण , लव जिहाद,जैसे अन्य षडयंत्रों को रोकने और हिंदू समाज को संगठित करने के लिए विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा आयोजित हिंदू शोर्य यात्रा निकाली गई नगर पालिका के सामने रथ के पहुंचते ही सभी बाल्मिकी समाज की महिलाओ और पुरषों ने माला पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। चौपड़ बाजार में भव्य आतिश बाजी की गई। जिला उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा, प्रदेश संयोजक भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के डॉक्टर माधव सिंह , मंत्री उमाशंकर ठटेरा,जिला सह मंत्री सुनील खटकड़, नगर अध्यक्ष अजय मिश्रा , नगर उपाध्यक्ष एड अमित ठ्टेरा ,नगर मंत्री महेश शर्मा ,सत्संग प्रमुख सिदार्थ जांगिड़ सुरक्षा प्रमुख करण भादूका आदि सभी कार्यकर्ताओं ने गणेश मंदिर के पास रैली का समापन कर नीमकाथाना के लिए रथ को रवाना किया।

# संत के हत्यारों का 20 दिन बाद भी नहीं लगा सुराग, ग्रामीणों में रोष

**मालपुरा, (निसं)।** धर्म नगरी डिग्गी के भूरिया महादेव आश्रम पर संत सियाराम बाबा की हुई निर्मम हत्या के मामले में 20 दिनों के बाद भी हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं होने पर सोमवार को ग्रामीणों ने जिला पुलिस अधिक्षक राजर्षि राज को ज्ञापन सौंप धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी।

ग्रामीणों ने अवगत करवाया कि 40 साल से भूरिया महादेव मंदिर में सेवा पूजा कर सनातन धर्म की रक्षा व पालन कर रहे 93 वर्षीय संत की रात के अंधेरे में निर्मम हत्या होने के बाद मौके पर डॉग स्कावयर्ड टीम सहित पुलिस के आलाधिकारियों द्वारा मौका निरीक्षण कर मेडिकल बोर्ड से आश्रम पर ही पोस्टमार्टम करवाये जाने सहित स्वयं जिला पुलिस अधिक्षक द्वारा मामले की मॉनिटरिंग की जाने के बावजूद 20 दिनों बाद भी पुलिस को हत्यारों का सुराग नहीं लगने से आमजन में गहरा आक्रोश बढ रहा है।

■ ग्रामीणों ने एसपी को ज्ञापन सौंप धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी



सियाराम बाबा के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने एसपी को ज्ञापन सौंपा।

सांसद बाबा बालकनाथ व संत समाज द्वारा श्रद्धाजंली सभा में आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही संत की अस्थि विर्सजन सहित संत समाज की अन्य परम्पराओं का निर्वहन किये जाने की चेतावनी के बावजूद भी पुलिस व जांच अधिकारियों द्वारा मामले में लिप्त आरोपियों की गिरफतारी नहीं किये जाने से पुलिस की कार्यशैली पर कई तरह के सवालियां निशान लगा रहे हैं। संत के हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं होने से संत समाज में भी आक्रोश बढ़ रहा है। संत की हत्या जैसे जघन्य अपराध एवं गंभीर मामले में जल्द त्वरित कार्यवाही नहीं होने पर डिग्गी में ही नहीं जिलेभर में ग्रामीण व संत समाज धरना प्रदर्शन करेगा। एसपी ने ग्रामीणों को धैर्य बनाये रखने तथा मामले में जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया।


## विद्यालय का निरीक्षण किया

**चौरु/उनियारा, (निसं)।** सोप ग्राम पंचायत मुख्यालय पर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों व की उदासीनता से विद्यालय की स्थिति सुधरने का नाम नहीं ले रही है।

आलम यह है कि शिक्षकों के समय से स्कूल नहीं पहुंचने से कक्षाएं खाली पड़ी रहती हैं। जिससे बच्चों का अध्ययन कार्य प्रभावित हो रहा है। गत वर्ष, 894 बच्चों का विद्यालय में नामांकन था। लेकिन इस वर्ष 600 बच्चों के करीब ही नामांकन रह गया है। करीब 294 बच्चे अन्य स्कूलों में टीसी कटवाकर अध्यन के लिए जा चुके हैं। विद्यालय की छात्राओं ने बताया कि प्रधानाचार्य मनीषा श्रीवास्तव एक सप्ताह से स्कूल से गायब है। विद्यालय की स्थिति देखने के लिए सोमवार को सरपंच व एसएमसी अध्यक्ष ने ग्रामीणों के साथ निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान प्रधानाचार्या के लंबे समय से अवकाश पर होने पर रोष जताया तथा कार्यवाहक प्रधानाचार्या को विद्यालय में समय पर आने की मांग करते हुए प्रधानाचार्य मनीषा श्रीवास्तव को यहां से हटाने की मांग की है। ग्राम पंचायत के सरपंच किसकंदा देवी खटीक, एसएमसी अध्यक्ष सुरज कुमार मेहरा, समाजसेवी करण सिंह हाड़ा आदि ग्रामीण सोमवार को सुबह विद्यालय पहुंचे।

## सार-समाचार

### हिंदी साहित्य व्याख्यान माला आयोजित



**बहरोड़/ नीमराना, (निसं)।** बहरोड़ के एक निजी महाविद्यालय में हिंदी साहित्य व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्रीय निदेशालय नई दिल्ली के तहत प्रायोजित कार्यक्रम में हिंदी भाषा को राष्ट्रीय एकता एवं संस्कृति की परिचायक होने के चलते व्याख्यान माला में मैसूर विश्वविद्यालय कर्नाटक के हिंदी विभाग की प्रोफेसर डॉक्टर रेखा अग्रवाल द्वारा विद्यार्थियों को बताया गया कि हिंदी भाषा हमारे देश की आन बान और शान है तथा इसका प्रचार प्रसार करना जरूरी है। वहीं कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि राजकीय महाविद्यालय कोटपुतली के हिंदी विभाग के प्रोफेसर डॉ सत्यवीर सिंह यादव द्वारा हिंदी भाषा के बिना जीवन अधूरा तथा हमारे व्यक्तित्व विकास में सहायक बताया। वहीं कार्यक्रम में मंच संचालन सहायक प्रोफेसर रेखा यादव द्वारा किया गया। इस दौरान सहायक प्रोफेसर विक्रम, विकास, जोगिंदर, मोनिका, मोनिका राघव, ममता, सीमा सैनी, पूनम एवं शारीरिक शिक्षक सुरेश चंद, लेखाकार महिपाल एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

### सांप के काटने से युवती की मौत

**मालपुरा, (निसं)।** डिग्गी थाना क्षेत्र की लावा ग्राम पंचायत के चौरूपुरा ढाणी में सांप के काट लेने से युवती की मौत हो गई। युवती के परिजनों ने बताया कि सवेरे जब युवती अपने घर से बाहर निकल रही थी तो दहलीज के पास सांप के काट लेने से 19 वर्षीय अन्नु पुत्री उगमा बैरवा अचेत हो गई। जिसे परिजन टोंक अस्पताल लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद चिन्ताजनक हालत में जयपुर रैफर किया गया। जहां दौराने उपचार युवती ने जयपुर में दम तोड़ दिया।

### खाटू श्याम की पद यात्रा रवाना

**बौंली, (निसं)।** क्षेत्र के खेड़ापति बड़े बालाजी प्रांगण नगर पालिका मुख्यालय बौंली से सोमवार को श्री खाटू श्याम दरबार के लिए प्रथम पद यात्रा रवाना हुई। आचार्य हेमराज दीक्षित ने बताया कि खेड़ापति बड़े बालाजी महाराज से ध्वज का पूजन करने के बाद आशीष जोशी एवं अनेको श्याम भक्तों के साथ हारे का सहारा श्री श्याम हमारा के जयकारों के साथ भक्तजन पदयात्रा में शामिल हुए। पदयात्री निवाई से श्री श्याम दरबार पैदल यात्रा में शामिल होंगे।

# गणपति की शोभायात्रा धूमधाम से निकली

**पावटा, (निसं)।** विनायक कमेटी के तत्वावधान में सोमवार को प्राचीन गणेश मंदिर से शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ शुरू हुई। शोभायात्रा का मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल व रमेश चंद जैन ने शुभारंभ किया।

शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गणेश मंदिर पर जाकर समाप्त हुई। यात्रा जिन-जिन मार्गों से होकर गुजरी वहां नगरवासियों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

यात्रा में डीजे पर बज रहे भजनों से सारा वातावरण भक्तिमय व भगवान गणेश के उद्घोषों से कस्बे का वातावरण गणेशमय हो गया। वहीं रंग-बिरंगे फूलों से सजी गणपति बप्पा सहित अन्य झांकिया आकर्षण का केंद्र रही। वहीं इससे पहले गणेश मंदिर में स्थापित भगवान श्री गणेश की प्रतिमा का मंत्रोच्चारण के बाद अभिषेक कर विशेष श्रृगार किया गया व मंदिर को भारी विद्युत सज्जा कर भव्य रूप से सजाया गया। वही आज प्रतिवर्ष की भाँति मन्दिर परिसर में विशेष सजावट के साथ रात्रि 7 बजे से विभिन्न देवी-देवताओं की मनमोहक सचेतन झाकियाँ सजाई जायेंगी जिनमें श्री गणेश भगवान की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। इस दौरान विनायक कमेटी सदस्य व ग्रामीण मौजूद रहे।



शोभायात्रा के दौरान सजीव झांकियां सजाई।

## रामलीला मंचन की तैयारियों पर चर्चा की

**फुलेरा, (निसं)।** स्थानीय रेल परिसर स्थित कैरिज शैड आरयूएचएस के कांफ्रेंस हॉल परिसर में श्री रेलवे रामलीला कमेटी की एक आवश्यक बैठक का आयोजन डीएमई विनोद मीणा की अध्यक्षता में किया गया।

इस दौरान अतिथि के तौर पर पूर्व नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेन्द्र अग्रवाल, फुलेरा व्यापार महासंघ अध्यक्ष मनोज आहूजा, पूर्व पालिकाध्यक्ष रतन राजौरा रहे। वहीं बैठक के प्रारंभ दिनेश सुरोलिया के द्वारा गतवर्ष का आय व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया।

साथ ही आगामी माह में मंचीत होने वाली रामलीला को बेहतर एवं श्रेष्ठ आयोजन के लिए कलाकार चयन समिति का गठन किया गया। जिसमें मनोज आहूजा, संजय पारीक, गजेन्द्र सिंह शेखावत, सरदार सिंह चौधरी, जसवंत यादव, गिरधर गोपाल, विनोद यादव को लिया गया। इस दौरान पूर्व नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेन्द्र अग्रवाल ने मंच की छत का कार्य पूर्ण करवाने की बात कही।

# दैनिक रेल यात्री संघ की आम सभा आयोजित

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे के गणगौरी बाजार स्थित श्रीरामद्वारा भवन परिसर में दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत फुलेरा की आम सभा आयोजित की गई। सभा के दौरान दैनिक रेल यात्रियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया। इसी क्रम में उपस्थित सदस्यों एवं दैनिक रेल यात्री संघ द्वारा संचालित व्हाट्सएप समूहों के सर्वे के आधार पर अशोक वासदेव को सर्वसहमति से दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत फुलेरा का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया।

गौरतलब है कि अशोक वासदेव को लगातार तीसरी बार अध्यक्ष के पद पर निर्विरोध निर्वाचित किया गया है। जबकि संघ द्वारा अध्यक्ष पद के लिए अन्य सदस्यों को भी नामांकन दाखिल करने का अधिकार दिया गया था। परन्तु तय समय सीमा तक किसी का अध्यक्ष पद हेतु नामांकन नही आने के उपरांत एवं दैनिक रेल यात्रियों की सहमति के अनुसार अशोक वासदेव को निर्विरोध अध्यक्ष पद हेतु निर्वाचित किया गया। इस दौरान उपस्थित सदस्यों द्वारा

■ अशोक वासदेव को निर्विरोध अध्यक्ष चुना

नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशोक वासदेव को माला साफा पहनाकर एवं मुंह मीठा कराते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

वहीं अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने के पश्चात् वासदेव को नवीन कार्यकारिणी गठित करने की जिम्मेदारी भी सौंपी गई। इसके साथ ही अध्यक्ष अशोक वासदेव द्वारा 100 रुपये वार्षिक शुल्क जमा कर संघ की सदस्यता ग्रहण करने हेतु प्रस्ताव पारित किया एवं सभी सदस्यों द्वारा सदस्यता प्रस्ताव पर सर्वसहमति दी गई। इसी क्रम में आगामी रविवार को संघ द्वारा अपनी जायज मांगों (ट्रेनों के ठहराव एवं मासिक सीजन टिकट सुविधा) को लेकर महासभा करने की घोषणा की गई। इस पर सभी सदस्यों ने इस पर एकजुट होने तथा महासभा को सफल बनाने तथा रेल समस्या को लेकर अपने अपने विचार रखे।

## टोंक ऑस्कर पुरस्कार कार्यक्रम सम्पन्न

**टोंक, (निसं)।** राजस्थान के जाने-माने साहित्यकार / उपन्यासकार वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी डॉ. सूरज सिंह नेगी ने टोंक ऑस्कर द्वारा आयोजित 8वें पुरस्कार समारोह में उपस्थित पुरस्कृत प्रतिभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि टोंक ऑस्कर का यह 8वां पुरस्कार आयोजन सराहनीय, निरंतर 8 वर्ष तक प्रतिभाओं का मान और होसला बढ़ाने के लिए यह आयोजन काबिले तारीफ है।

टोंक ऑस्कर प्रतिभा सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में अति. जिला कलेक्टर टोंक डॉ. सूरज सिंह नेगी इस अवसर पर कहा कि समाज की प्रतिभाओं को निरंतर अपने प्रयास जारी रखते हुए समाज को उन्नति के पथ पर अग्रसर करते रहना चाहिए। डॉ. नेगी इस अवसर पर कहा कि समाज की प्रतिभाओं को निरंतर निखारकर सम्मानित करना भी बड़ा मानव धर्म है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमुख समाजसेवी वरिष्ठ बैंक अधिकारी रोटे. बी. एल. वर्मा ने की और इस अवसर पर रोटे. बी. एल. वर्मा ने कार्यक्रम में सम्मानित प्रतिभाओं को अपनी दीर्घायु की कामना करते हुए बधाई दी। पुरस्कार समारोह के अति विशिष्ट अतिथि राजस्थान के जाने माने प्रमुख समाज सेवी राजस्थान बीएसएनएल के प्रमुख कॉन्ट्रेक्टर योसो इंजीनियरिंग एण्ड सप्लायर्स के चौयरपर्सन योगेश सोमानी ने भी कार्यक्रम की सफलता के लिए आयोजकों को बधाई देते हुए सम्मानित प्रतिभाओं को अपनी ओर से बधाई दी।

टोंक ऑस्कर पुरस्कार समारोह के अवसर पर कार्यक्रम के अति विशिष्ठ अतिथि ए. पी.आर.आई के निदेशक डॉ. सैयद सादिक अली ने कहा कि प्रतिभाओं के इस हौसला अफजाई कार्यक्रम के आयोजन कि लिए आयोजक बधाई के पात्र है।


संख्यांक 2
विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
957 / 13/9/23 (आदेश 5 के नियम 1 और 5)
नाम न्यायालय न्यायीक मजिस्ट्रेट (पश्चिम)
स्थान जयपुर द्वितिय
श्रीमती पुष्पा देवी विरूद्ध शहाबुद्दीन व अन्य
वाद बाबत CS
वाद सं. 284/23
नाम बबलू प्रसाद पुत्र महेन्द्र प्रसाद
जाति मण्डल
पता नि.82, श्रीराम नगर कॉलोनी, रोड न. 2 के सामने, मुरलीपुरा स्कीम, जयपुर
वादी ने आपके विरूद्ध प्रति संलग्न है के लिये वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में दिनांक 20 माह 9 सन् 2023 को दिन में 10.00 AM बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करे जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो या न हो, अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजों को लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।
आपको सूचित किया जाता है कि ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह आज दिनांक 12 माह 09 सन 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया।
रीडर
सिविल न्यायाधीश एवं महानगर मजिस्ट्रेट
(मोहर) (पश्चिम) जयपुर महानगर-द्वितीय

हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना
957 / 13.9.23 (साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4
न्यायालय न्यायीक मजिस्ट्रेट पश्चिम जयपुर
स्थान द्वितीय महानगर
श्रीमती पुष्पा देवी विरूद्ध शहाबुद्दीन व अन्य
वाद/ प्रार्थना पत्र TI
प्रार्थना-पत्र संख्या 226/23 सन्
नाम बबलू प्रसाद पुत्र महेन्द्र प्रसाद
जाति मण्डल
पता नि.82, श्रीराम नगर कॉलोनी, रोड न. 2 के सामने, मुरलीपुरा स्कीम, जयपुर
उक्त वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि...जिसकी प्रति सलंग्न है...
अत: आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 20 माह 9 सन् 2023 को 10.00 AM पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।
यह आज ता. 12 माह 09 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
रीडर
सिविल न्यायाधीश एवं महानगर मजिस्ट्रेट
(मुहर) (पश्चिम) जयपुर महानगर-द्वितीय


# ईसरदा बांध परियोजना के विस्तार की मांग

**राजगढ़, (निसं)।** ईसरदा बांध परियोजना के विस्तार को लेकर प्रमुख लोगों ने मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी ओम प्रकाश मीणा को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि ईसरदा बांध परियोजना का कार्य दौसा जिले तक लगभग पूर्ण हो गया है, मगर दौसा जिले से लगती सीमा राजगढ़ लक्ष्मणगढ़ एवं थानागाजी की जनता को पेयजल की सुविधा से इस योजना से वंचित रखा गया है। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग सहित अन्य वर्गों के क्षेत्र की काफी जनसंख्या है। इन तहसीलों के लोग पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं एवं टैंकरों के भरोसे निर्भर बन गई है। भूजल की स्थिति विकट होने के कारण भविष्य में पानी आपूर्ति का संकट सामने आ सकता है। लायंस क्लब के अध्यक्ष खेम सिंह आर्य एवं अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने पेयजल संकट को ध्यान में रखते हुए दौसा जिले से लगते राजगढ़ लक्ष्मणगढ़ व थानागाजी क्षेत्र को ईसरदा बांध परियोजना के विस्तार में शामिल करने की मांग की है। इधर भारतीय किसान यूनियन राजनीतिक टिकेत एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य गब्बर मीणा के नेतृत्व में ईआरसीपी सहित 11 सूत्री मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी ओम प्रकाश मीणा को ज्ञापन सौपा।

## देवनारायण के भक्तों का अभिनन्दन किया

**कोटपूतली।** भाजपा नेता मुकेश गोयल ने भगवान श्री देवनारायण की पद यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का सोमवार को चाकसू में स्वागत व सम्मान किया। भगवान देवनारायण की यह लक्खी पदयात्रा सोमवार को चाकसू पहुँची जो मंगलवार को निवाई तथा बुधवार को देवधाम जोधपुरिया पहुँचेगी। गोयल ने यात्रा में शामिल देव भक्तों का माल्यार्पण कर व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर नगर परिषद पार्षद जयराम रावत, कृष्ण कसाना पाथरेड़ी, अमरसिंह कसाना, विक्रम कसाना सुन्दरपुरा, जयराम कसाना पाथरेड़ी, रामस्वरूप गोपालपुरा, राजेन्द्र कसाना सुन्दरपुरा, विक्रम रावत बागडियों की ढाणी, महेन्द्र रावत आदि ने पद यात्रियों का स्वागत किया।

# 'कांग्रेस कार्यकर्ता एकजुट होकर पार्टी को विजयी बनाएं'

**कोटपूतली, (निसं)।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जयपुर जिला देहात कांग्रेस कमेटी के जिला पर्यवेक्षयक व हरियाणा के महेन्द्रगढ़ से विधायक राव दान सिंह सोमवार को कोटपूतली पहुँचे। सिंह ने राजमार्ग पर ग्राम खेडकी वीरभान स्थित कांग्रेस कार्यालय पर कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों की बैठक ली।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि, कार्यकर्ताओं की भावनाओं को आलाकमान तक पहुंचाने का कार्य करेंगे, लेकिन हम सबको आपसी मनमुटाव व भेदभाव को दूर

■ हरियाणा के महेन्द्रगढ़ से विधायक व जिला पर्यवेक्षक राव दानसिंह ने कोटपूतली में कांग्रसियों की बैठक ली

कर एकजुटता के साथ आने वाले विधानसभा चुनाव में प्रचण्ड बहुमत से कांग्रेस पार्टी को विजयी बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पुन: मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की कांग्रेस सरकार बनने जा रही है। जो कोटपूतली समेत पूरे जिले की जनता के लिए बेहद लाभदायक सिद्ध होगा। विकास की जितनी भी लम्बित योजनायें हैं वे तय समय में पूरी हो सकेंगी। सिंह ने कार्यकर्ताओं को चेताते हुए कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या चूक नहीं करनी है, क्योंकि लम्हों ने खता की तो उसकी सजा सदियों को भुगतनी पड़ी है।

सिंह ने केन्द्र की मोदी सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि 09 वर्षों से भी अधिक का समय बीत जाने के बावजूद भी जिन मुद्दों पर भाजपा सत्ता में आई थी वे आज गौण हो चुके हैं। भाजपा केवल जाति व धर्म के नाम पर भेदभाव उत्पन्न करके सत्ता में आना चाहती है। बैठक को सम्बोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक, उच्च शिक्षा व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि, विपक्ष के पास चुनाव में जाने का कोई मुद्दा नहीं बचा है। कांग्रेस सरकार ने कोटपूतली को जिला बनाया, कस्बे की सीवरेज लाईन से लेकर नारेहड़ा-पनियाला बाईपास का निर्माण कार्य जारी है। इस बार सरकार बनते ही पूरे जिले के लिए हजारों करोड़ की पेयजल योजना आयेगी।

# चाकसू में देवनारायण पदयात्राओं का हुआ संगम

**चाकसू, (निसं)।** सोमवार को कस्बे में हर वर्ष की तरह देवधाम जोधपुरिया जाने वाली पदयात्राएं रिमझिम बारिश के बीच बड़ी संख्या में देवभक्तों का महारैला भगवान देवनारायण की जय घोष के साथ पहुंचा।

इस दौरान 400 के लगभग ध्वजों के साथ भारी संख्या में विभिन्न स्थानों से पदयात्री पहुंचें । दौरान गुर्जर समाज ने कोटखावदा रोड स्थित वीर गुर्जर छात्रावास में स्वागत एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया। यहीं पर पदयात्राओं का आज का भोजन - विश्राम का कार्यक्रम रहेगा। मंगलवार सुबह निवाई देवधाम जोधपुरिया के लिए पदयात्राएं एक साथ प्रस्थान करेगी।

■ कस्बे में देवनारायण भगवान के गूंजे जयकारे

गौरतलब है कि हर वर्ष भाद्रपद की छठ को देश के दिल्ली हरियाणा,यूपी पंजाब व राजस्थान के अलवर कोतवाली, जयपुर सहित विभिन स्थानों से लाखों की संख्या में पदयात्री सामुहिक रूप से टोंक जिले के निवाई तहसील स्थित देवनारायण धाम जोधपुरिया पहुंचते हैं। इस दौरान टोंक रोड से आने वाली सैकड़ों पदयात्राओं का चाकसू में संगम हुआ तो कस्बे में मेलें का माहौल हो गया।

सोमवार को जब भारी संख्या में 400 के करीब ध्वजों के साथ पदयात्री चाकसू पहुंचे तो में गुर्जर समाज द्वारा एवं क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधियों ने फागी मोड़ से लेकर गुर्जर छात्रावास के बीच जगह-जगह ध्वजों व पदयात्रियों का भव्य स्वागत किया । भव्य जुलूस के साथ फूल वर्षा, आतिशबाजी व बैंड बाजों के साथ पदयात्राओं को वीर गुर्जर छात्रावास विश्राम स्थली तक ले जाया गया। इस दौरान तहसील अध्यक्ष रामसहाय रावत,राजस्थान युवा गुर्जर महासभा प्रदेश महासचिव लालाराम धाकड़ पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राजेंद्र गुर्जर, भाजपा देहात अध्यक्ष भूणाराम गुर्जर, शौकीन कोली,जगदीश कोली, श्योजीराम हरसाणा, मोहन बगडवाल, बद्रीनारायण बड़िया, मीडिया प्रभारी कैलाश गुर्जर, रामकिशोर हरसाणा, दयाराम गुर्जर विजयलाल डोई, भगीरथ गुर्जर, रामफूल कोली, नयुवक मण्डल अध्यक्ष रामनारायण गुर्जर सहित बडी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।



चाकसू में देवनारायण पदयात्रा का भव्य स्वागत किया।

## शिव महापुराण कथा का समापन आज

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** पंचाली फाटक के पास टीडीनाथ आश्रम के गणेशजी मंदिर में गणेश महोत्सव और पाटोत्सव को लेकर चल रही शिव महापुराण का समापन मंगलवार को किया जाएगा।

आयोजक संत बालक गिरी महाराज के अनुसार मंगलवार को सुबह 5.15 बजे श्री गणेश अभिषेक, 9:15 बजे हवन (पूर्णाहुति) के बाद दोपहर से गणेश दर्शन व प्रसाद वितरण कार्यक्रम होगा। महाराज ने बताया कि 9 सितंबर शनिवार से शिव महापुराण कथा प्रारंभ हुई थी जो आज कथा का समापन होगा। कथा समापन के पहले दिन सोमवार को कृष्ण जी की जींवत झांकियां सजाई गई जिस पर महिलाओं ने धोक लगाकर मन्नतें मांगी ।इससे पहले सोमवार को वृंदावन के कथा वाचक प्रयागदास महाराज ने शिवमहापुराण में अनेक प्रसंग सुनाए आचार्य देवेंद्र भारद्वाज द्वारा की गई महाआरती में श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

वही गणेश चतुर्थी पर खंडेला रोड़ स्थित गणेश मंदिर में मंगलवार को भगवान गणेश के जन्मोत्सव पर फूल बंगला झांकी सजाकर छप्पन भोग लगाया जाएगा व शाम को मेले का आयोजन होगा तथा दर्शनार्थियों की भीड़ रहेगी।


आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लि. के नाम से जाना जाता था)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022
प्राधिकृत अधिकारी-सरदीप राठौड, संपर्क नम्बर-9887772255 ई-मेल आईडी-sardeep.rathore@idfcbank.com

परिशिष्ट-IV-ए
अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री की सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम 2002 के साथ सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन अचल सम्पत्तियों की बिक्री करने के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना/एतद् द्वारा जनसाधारण को तथा विशेष रूप से ऋणग्रहिता (ओं) व जमानती (यों) को नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित अचल सम्पत्तियाँ सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित रखी गयी है तथा इन सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा आईडीएफसी बैंक लि. अब आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने ले लिया है। इन सम्पत्तियों की बिक्री 20.10.2023 को "जहाँ है जैसी है" "जो कुछ है यह हैं" तथा "जो कुछ है वहाँ है" के आधार पर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड) के खाता संख्या 26147927 में 21.03.2023 को बकाया राशी रुपये 52,71,141.24/- की देवेन्द्र सिंह, जमीदार उद्योग, प्रभावती देवी, संदीप कलीरवना, सुशीला देवी, देवेन्द्र सिंह, (द्वारा जमीदार उद्योग), ऋण ग्रहिता (ओ) और सह ऋण ग्रहिता (ओं) से वसूली के लिये की जायेगी।

ऑक्शन स्टेट्स

| | |
|---|---|
| आरक्षित मूल्य | रुपये-7,818,650/- |
| बयाना राशि जो जमा होगी | रुपये-7,81,865/- |
| बोली प्रस्तुत करने / बयाना राशि जमा कराने की तिथि | 19.10.2023 को सायं 5.00 तक |
| सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि | 13.10.2023 प्रातः 11.00 से सायं 4.00 तक |
| नीलामी की तिथि | 20.10.2023 प्रातः 11.00 से दिन में 1.00 तक |
| सम्पत्ति का विवरण | कन्वर्टिड प्लाट के बचे हुए भाग, खसरा नं. 864/1, रकबा 11 बिस्वा, जिसमें से 528 वर्गगज अर्थात 441.46 वर्गमीटर, ग्राम कलवाड, तहसील व जिला जयपुर, राजस्थान-302012 का पूरा व प्रत्येक भाग, क्षेत्रफल 1056.73 वर्गमीटर और सीमाये है पूर्व- श्री कन्हैयालाल की भूमि, पश्चिम- रोड 20 फिट चौडी, उत्तर-अन्य भूमि, दक्षिण-लक्ष्मणजी के प्लाट का बचा हुआ भाग। |

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तो के लिए कृपया आईडीएफसी फर्स्ट बैंक वेबसाइट पर उपलब्ध कराये गये लिंक को देखें अर्थात http://idfcfirstbank.auctiontiger.net/EPROC
**अस्वीकरण**- कृपया ध्यान दें कि यह नोटिस केवल अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए जारी किया गया है तथा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को चल सम्पत्तियों को बेचने का अधिकार नहीं है, यदि कोई, अचल सम्पत्ति पर मौजूद हो।
स्थान - जयपुर
दिनांक- 18.09.2023
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लि. के नाम से जाना जाता था)

MARUTI SUZUKI

NEXA





17.78 cm SmartPlay Studio
(Available from Zeta variant onwards)



Auto Gear Shift


Spacious and Comfortable Interiors


Automatic Climate Control


1.2L VVT Petrol Engine

NEXA
Safety Shield
Standard Across All Variants

- SUZUKI-TECT BODY
- DUAL FRONT AIRBAGS
- ESP
- SEAT BELT PRE-TENSIONERS WITH FORCE LIMITERS
- ISOFIX CHILD SEAT ANCHORAGES
- PEDESTRAIN PROTECTION COMPLIANCE
- FULL FRONTAL IMPACT COMPLIANCE, FRONTAL OFFSET IMPACT COMPLIANCE, SIDE IMPACT COMPLIANCE

*Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Black Glass Shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. For details on functioning of safety features, including air bags, kindly refer Owner's Manual.

**VISIT YOUR NEAREST NEXA DEALERSHIP TO AVAIL EXCITING OFFERS.**

Contact us at
1800-200-[6392]
1800-102-[NEXA]
www.nexaexperience.com
NOW YOU CAN ALSO BOOK ONLINE

**JAIPUR: NEXA QUEENS ROAD** (KP AUTOMOTIVES PH: 7230030501), **NEXA TONK ROAD** (PREM MOTORS PVT. LTD. PH: 8058499999), **NEXA AJMER ROAD** (VIPUL MOTORS PVT. LTD. PH: 9116032607), **NEXA MANSAROVAR** (AURIC MOTORS PH: 8929207442, 7075270752), **NEXA VKIA SIKAR ROAD** (SATNAM MOTOCORP PVT. LTD. PH: 9116639102), **AJMER: NEXA MAKHUPURA** (NAVNEET MOTORS PH: 9116116501, 9116116502), **ALWAR: NEXA MANHAR VILLA** (FORTUNE CARS PH: 7230029424), **BHIWADI: NEXA BHIWADI CENTRAL** (FORTUNE CARS PH: 9214794313), **BHILWARA: NEXA SUKHADIA CIRCLE** (CHAMPION CARS PH: 8081133333), **BIKANER: NEXA JAIPUR ROAD** (AURIC MOTORS PH: 7230081665), **JHUNJHUNU: NEXA JHUNJHUNU CENTRAL** (AURIC MOTORS PH: 7412087314), **JODHPUR: NEXA CHOPASNI ROAD** (LMJ SERVICES LTD. PH: 7230013811), **NEXA SHASTRI CIRCLE** (AURIC MOTORS PH: 8875012697), **PALI: NEXA PALI SUMERPUR ROAD** (LMJ SERVICES PVT. LTD. PH: 7230013801), **KOTA: NEXA AERODROME CIRCLE** (BHATIA & COMPANY PH: 9414079018), **JHALAWAR: NEXA JHALAWAR SOUTH** (BHATIA & COMPANY PH: 9116108619), **NAGAUR: NEXA BIKANER ROAD NAGAUR** (SHRI MANGALAM AUTO PVT. LTD. PH: 6399292929), **BHARATPUR: NEXA BHARATPUR CENTRAL** (TM MOTORS PVT. LTD. PH: 9785838888), **SIKAR: NEXA SIKAR JAIPUR ROAD** (JAMU AUTOMOBILES PVT. LTD. PH: 9694412777), **SRI GANGANAGAR: NEXA GANGANAGAR NORTH** (AURIC MOTORS PH: 7412092301), **UDAIPUR: NEXA GOVERDHAN VILAS** (TECHNOY MOTORS PH: 9116007250, 8306300695), **NEXA CENTRAL UDAIPUR** (NAVNEET MOTORS PH: 7665016580), **DAUSA: NEXA JAIPUR AGRA BYPASS DAUSA** (VIPUL MOTORS (P) LTD. PH: 9829560109), **CHITTORGARH: NEXA CHITTORGARH CENTRAL** (TECHNOY MOTORS PH: 9116007250).

*Offers vary across variants. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice. For more details, please contact your nearest NEXA dealership.

SMART FINANCE
AN ONLINE END-TO-END CAR FINANCE SOLUTION
Scan to know more.
- Multiple financiers
- Digital Document Upload
- Live Loan status
- Complete transparency (associated fees & charges)